सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

सुनहरा संसार

DAVP No. 0810F21125/005 RNI No. UPHIN/2005/24731 Email. sunahara.sansar@gmail.com

वर्ष 19, अंक-362, रविवार , 15 नवंबर 2026, पृष्ठ - 12, मूल्य - 5 रुपए, आगरा एवं गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

प्रयागराज, लखनऊ, आगरा, संस्करण उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान में पढ़े जाने वाला समाचार पत्र



राघवेंद्र सिंह चाहौन
प्रधान संपादक सुनहरा संसार
9412162614

यदि कोई अधिकारी/ सरकारी कर्मचारी आपका संवैधानिक दोहन करता है। या रिश्वत की मांग करता है बार-बार ऑफिस के चक्कर लगवाता है। तो आप सुनहरा संसार को बताएं हम आपकी बात प्रदेश के मुखिया / देश के मुखिया भारत के मुख्य न्यायाधीश महोदय तक पहुंचाएंगे। सुनहरा संसार उस भ्रष्टाचारी के काले कारनामे जनता के सामने उजागर करेंगे न्याय की दहलीज तक पहुंचाएंगे अंतिम छोर तक संघर्ष करेंगे

सुनहरा संसार ग्रुप न्यूज़ नेटवर्क
नई दिल्ली भारत

अब यूपी में बन रहे जवानों के अत्याधुनिक हथियार, लखनऊ में तैयार हो रही ब्रह्मोस मिसाइल - सीएम योगी

मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मेरठ पहुंचे हैं। वह शहर में दो घंटे 35 मिनट तक रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कैंट स्थित कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक रैली में शामिल होकर सैनिकों के शौर्य, समर्पण और बलिदान को नमन करेंगे। इसके अलावा वह स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल भी जाएंगे और शास्त्रीनगर में राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के आवास पहुंचकर उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मेरठ में सैनिक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में रक्षा उत्पादन और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को लेकर सरकार की पहल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश की रक्षा तैयारियों में भागीदार बन रहा है। सीएम योगी ने कहा, ब्रह्मोस जैसी मिसाइल अब लखनऊ में बन रही है। ऑपरेशन सिंदूर में इसी ब्रह्मोस मिसाइल ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश को केवल जवान ही नहीं दे रहा, बल्कि जवानों के हाथों में रहने वाले अत्याधुनिक हथियारों का निर्माण भी प्रदेश में हो रहा है। स्वदेशी एके-203 राइफल के अधिकांश पार्ट्स लखनऊ और कानपुर में बनाए जा रहे हैं, जबकि इसकी फाइनल असेंबलिंग अमेठी की कोरवा ऑर्डनेंस फैक्ट्री में होती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कानपुर में स्किल एम्युनिशन का भी उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी-112 से लेकर सीमावर्ती जनपदों तक नए कमांड सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि राष्ट्रविरोधी ताकतों, स्लीपर सेल और घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई को प्रभावी बनाया जा सके। सीएम की रैली से पूर्व अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही को पुलिस ने नजरबंद कर दिया। सचिन सिरोही ने बताया कि उनका आज कोई



कार्यक्रम नहीं था। उन्होंने एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली के कथित विवादित बयान को लेकर जनसभा से पहले उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने सुबह आठ बजे से उनके घर पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर रखा है। उन्होंने इसे लेकर नाराजगी भी जताई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलिकॉप्टर सुबह 11:50 बजे आरवीसी ग्राउंड स्थित हेलीपैड पर उतरना था, हालांकि सीएम योगी का हेलीकॉप्टर कुछ देरी से हैलीपेड पर पहुंचा। यहां से वह कुलवंत सिंह स्टेडियम पहुंचेंगे और पूर्व सैनिक रैली में शामिल होने के लिए सीएम रवाना हुए। कार्यक्रम के दौरान वह स्टेडियम स्थित बैडमिंटन हॉल भी जाएंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री आरवीसी ग्राउंड से हेलिकॉप्टर के जरिए चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से शास्त्रीनगर स्थित राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर के आवास जाएंगे। वहां उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री सीसीएसयू के हेलीपैड से अलीगढ़ के लिए रवाना होंगे। वहां उन्हें राज्यमंत्री संदीप सिंह के सगाई समारोह में शामिल होना है।

शाम पांच बजे तक माल रोड पर भारी वाहनों की नो एंट्री

मुख्यमंत्री के कैंट स्थित कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। एसपी ट्रैफिक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि माल रोड पर शाम पांच बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान मवाना जाने वाले भारी वाहनों को लालकुर्ती होकर निकाला जाएगा। रैली में शामिल होने आने वाले पूर्व सैनिकों की बसों को कार्यक्रम स्थल तक जाने की छूट रहेगी। वहीं, बाइक और कारों का आवागमन जारी रहेगा। मुख्यमंत्री का काफिला गुजरने के दौरान कुछ समय के लिए यातायात रोका जाएगा। इसके लिए प्रमुख चौराहों पर यातायात और थाना पुलिस की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति और एसपी ट्रैफिक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कुलवंत सिंह स्टेडियम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए।

मेरठ में सीएम योगी के बड़े एलान :अग्निवीरों को 20% आरक्षण, शहीद के परिवार को 50 लाख; वीरता पुरस्कार राशि दोगुनी

मेरठ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ के कुलवंत सिंह स्टेडियम में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मान रैली को संबोधित करते हुए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार की योजनाओं का ब्योरा दिया। उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किए जाने, अग्निवीरों को विभिन्न विभागों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार के अवसरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों और उनके परिवारों की चिंता करना किसी भी सरकार का पहला दायित्व होना चाहिए। वदीर्धारियों का सम्मान डबल इंजन सरकार का संकल्प है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले शहीद सैनिकों के परिवारों को 20 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती थी। प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। उनके अनुसार, अब तक 150 शहीद परिवारों को 59 करोड़ 50 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है। वर्ष 2018 में शहीद के आश्रित को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू की गई। मुख्यमंत्री ने शहीदों की स्मृति में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 200 स्मारक, 61 स्मृति द्वार और 78 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा 21 विद्यालयों, 48 सड़कों और तीन स्टेडियम का नामकरण शहीद सैनिकों के नाम पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने अग्निवीरों के लिए लागू आरक्षण व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा पूरी करने के बाद लौटने वाले अग्निवीरों को उत्तर प्रदेश पुलिस, कारागार विभाग, वन विभाग और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया गया है। सीएम ने कहा कि सेना के अनुशासन और प्रशिक्षण से तपकर आने वाले नौजवान उत्तर प्रदेश पुलिस और शासन की ताकत बनेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों के अनुभव को भी प्रदेश के विकास में उपयोगी बताया। सीएम योगी ने कहा कि



वर्ष 2021 में समूह 'ख' के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। उनके मुताबिक, पिछले तीन वर्षों में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 647 पूर्व सैनिक सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। वहीं, सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से वर्तमान में लगभग 31,700 पूर्व सैनिकों को रोजगार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन, मेडिकल कॉलेजों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी पूर्व सैनिकों को सौंपने का निर्णय लिया गया है। नगर निकायों के प्रवर्तन दलों में भी पूर्व सैनिकों की तैनाती की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश सरकार की सैनिक कल्याण योजनाओं के तहत 96 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी गई है। सैनिक पुनर्वास निधि से 15 हजार से अधिक लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और उनकी पत्नियों को छह हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। कारगिल के शहीदों की वीर नारियों और माता-पिता को भी प्रदेश सरकार की ओर से मासिक पेंशन दी जा रही है। किर्की और मोहाली के पैराप्लेजिक केंद्रों में उपचार करा रहे प्रदेश के 100 प्रतिशत दिव्यांग सैनिकों की वार्षिक सहायता बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये कर दी गई है। सैनिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए भी शिक्षा अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, इस योजना से 8,600 से अधिक बच्चों को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में रक्षा उत्पादन और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग को लेकर सरकार की पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से उत्तर प्रदेश देश की रक्षा तैयारियों में भागीदार बन रहा है।

पश्चिम एशिया में फिर भड़की जंग: हूतियों ने सऊदी अरब पर ड्रोन-मिसाइलों से किया हमला, कई सैनिकों की मौत का दावा

सना



यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने सऊदी अरब के एक प्रमुख हवाई अड्डे और तेल से जुड़े बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए ड्रोन हमले किए हैं। इसके साथ ही यमन और दक्षिणी सऊदी अरब में भी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बताया कि एक ड्रोन ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया, जबकि दो अन्य ड्रोन ने शहर के पूर्व में स्थित ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन के पंपिंग स्टेशन नंबर-3 पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि दोनों अभियानों में अपने लक्ष्य हासिल किए। एक अलग बयान में सरी ने कहा कि दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने सऊदी अरब के दक्षिण-पश्चिमी जजान क्षेत्र के अल-तुवाल इलाके में सऊदी सैनिकों को निशाना बनाया। उन्होंने दावा किया कि इस हमले में दर्जनों सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। इनमें सूडान के नागरिक भी शामिल हैं। सरी ने कहा कि उत्तरी यमन के अल-जौफ प्रांत के पूर्वी हिस्से और दक्षिणी लहज प्रांत के खराज तथा खोर उमैरा इलाकों में भी सऊदी अरब से जुड़े सैनिकों के ठिकानों पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमले किए गए। उन्होंने दावा किया कि मिसाइलें सीधे अपने लक्ष्य पर लगीं और इन हमलों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस विधायक पर दुष्कर्म के आरोपों पर भाजपा हमलावर, सोनिया गांधी और राहुल की चुप्पी पर उठाए सवाल

दिल्ली

झारखंड के सिमडेगा से कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा, कल भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती भी है, जनजातीय गौरव दिवस भी है। बहुत शर्मसार करने वाली बात है कि कांग्रेस के विधायक झारखंड से भूषण बाड़ा ने एक मात्र 14 साल की आदिवासी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है, ऐसे बहुत गंभीर आरोप आ रहे हैं। यहां तक कि जांच एजेंसियों ने पॉक्सो के तहत एक एफआईआर भी दर्ज की है। बांसुरी स्वराज ने कहा, आरोप ये हैं कि विधायक ने उस मासूम बच्ची को शिक्षा का झांसा दिया, एक बेहतर जिंदगी का झांसा दिया और ऐसे



झूठे वादे पर उसको लाकर घर के काम करवाए, उसके साथ मारपीट की और बाद में यौन शोषण के भी आरोप आए हैं। मैं हैरान हूं कि स्मैश द पेट्रियार्की जैसे खोखले नारे देने वाली कांग्रेस और उनके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी सब के सब चुप्पी साधे हुए हैं। झारखंड के सिमडेगा से कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ नाबालिग आदिवासी लड़की ने दुष्कर्म, दुर्व्यवहार और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने विधायक के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, विधायक भूषण ने आरोपों को गलत करार दिया है। पीड़ित नाबालिग लड़की ने शिकायत में बताया है कि उसे पढ़ाई कराने और स्कूल में दाखिला दिलवाने का भरोसा देकर लाया गया था। पीड़िता को पहले सिमडेगा स्थित विधायक आवास पर रखा गया और फिर वहां से रांची लाया गया। पीड़िता का आरोप है कि दोनों ही स्थानों पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। शिकायत आवेदन के अनुसार, 5 अगस्त को रांची स्थित विधायक आवास में भूषण बाड़ा ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके अलावा, घटना के बाद पीड़िता को किसी से भी इस बारे में न बोलने की कड़ी चेतावनी दी गई।

होमुर्ज: बारूदी सुरंगों का जाल, टैंकर में लगी आग; ईरानी नौसेना बोली- प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसे तो यही होगा

नई दिल्ली

ईरान की नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में स्थित प्रतिबंधित समुद्री क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने की टैंकरों को चेतावनी दी है। ईरानी दावों के मुताबिक, प्रतिबंधित रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहे तेल टैंकर नौसैनिक बारूदी सुरंगों की चपेट में आकर आग का शिकार हुए। ईरान ने जहाजों को अपने ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर से समन्वय और निर्धारित नियमों का पालन करने की हिदायत दी है। वहीं, अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते सैन्य तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्रीय संघर्ष का प्रमुख केंद्र बन गया है। दूसरी ओर, बहरीन में अमेरिकी रडार सिस्टम को नष्ट करने के ईरान के दावे को सेंटकॉम ने खारिज किया है।

ट्रैकिंग सिस्टम बंद करके गुजरने का आरोप

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए के अनुसार, नौसेना ने बताया कि टैंकर ने प्रतिबंधित समुद्री क्षेत्र से गुजरते समय अपनी ट्रैकिंग और पहचान प्रणालियां बंद कर दी थीं। नौसेना ने इस क्षेत्र को असुरक्षित और प्रतिबंधित घोषित किया है। शनिवार को जारी बयान में चेतावनी दी गई कि यदि कोई अन्य टैंकर इस क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो उसे भी इसी तरह के परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। नौसेना ने जहाज मालिकों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आश्वासनों पर भरोसा करके अपनी संपत्ति खतरे में डालने का आरोप लगाया।

अमेरिकी राष्ट्रपति पर ईरानी नौसेना का निशाना



आईएसएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी नौसेना के जनसंपर्क विभाग ने कहा, "यह अफसोस की बात है कि टैंकर मालिक अन्य लापरवाह जहाजों के हश्र से कोई सबक नहीं ले रहे हैं। वे अमेरिकी राष्ट्रपति की बेतुकी बातों पर भरोसा कर-के अपनी पूंजी को बारूदी सुरंगों वाले युद्ध क्षेत्र में भेज रहे हैं और उसे आग में झोंक रहे हैं।" वहीं, कुछ घंटे पहले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की नौसेना ने भी दावा किया था कि दो तेल टैंकर बिना अनुमति के दक्षिणी होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान वे नौसैनिक बारूदी सुरंगों की चपेट में आ गए, जिससे उनमें विस्फोट हुआ और आग लग गई। ईरानी सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (IRIB) की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों जहाजों ने पकड़े जाने से बचने के लिए अपने रडार और ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद कर दिए थे। इसके बावजूद वे प्रतिबंधित समुद्री रास्ते से गुजरने की कोशिश कर रहे थे। IRGC की नौसेना ने शिपिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे उसके ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर के साथ समन्वय किए बिना और ईरानी अधिकारियों के निर्धारित नियमों का पालन किए बिना इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने की कोशिश न करें।

कंगना रनौत के खिलाफ FIR पर जगत सिंह नेगी का बयान, बोले- जांच के बाद तय होगी आगे की कार्रवाई

शिमला



भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के मामले में हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद मामले की जांच होगी और जांच के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी। मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोनिया गांधी की किताब का जिक्र करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि किताब में सामने आए खुलासों से भाजपा असहज है और पार्टी के पास इन विषयों पर तार्किक जवाब नहीं हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि सोनिया गांधी की ओर से लिखी गई किताब बाजार में आने के बाद भाजपा बौखलाई हुई है। उनके अनुसार, किताब में भाजपा को लेकर किए गए खुलासों के बाद पार्टी के पास तार्किक तर्कों की कमी हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि किताब में सामने आए तथ्यों और इतिहास से ध्यान हटाने के लिए एक ऐसे व्यक्ति के माध्यम से आलोचना करवाई जा रही है, जिसके तर्कों में कोई स्पष्टता नहीं है। मंत्री ने कहा कि इस मामले में इस्तेमाल की गई भाषा, मानहानि की प्रकृति और उठाए गए मुद्दे सभ्य समाज में स्वीकार्य तर्कों की श्रेणी में नहीं आते। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच की जाएगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई का निर्णय होगा। जगत सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच महत्वपूर्ण है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही यह तय होगा कि मामले में आगे क्या कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। हालांकि, मंत्री ने अपने बयान में एफआईआर की धाराओं, शिकायतकर्ता और मामले की विस्तृत कानूनी स्थिति का उल्लेख नहीं किया।

मंत्री संदीप सिंह की रिंग सेरेमनी: सगाई की रस्म शुरू, सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद

अलीगढ़

'पद्म विभूषण' से सम्मानित व यूपी के पूर्व सीएम व राजस्थान-हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कल्याण सिंह के नाती व मंत्री संदीप सिंह की मेघना व उनके छोटे भाई सौरभ की अंतरा के साथ सगाई का कार्यक्रम अलीगढ़ के तालानगरी स्थित मैदान पर चल रहा है। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर और आसपास सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहां पर एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी उपलब्ध है। संत फिदेलिस स्कूल के समीप दावत की तैयारी में लगे हलवाईयों की जगह है, जहां लगातार दावत में परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे हैं। उसके बाद अलीगढ़ जनपद के साथ आसपास के कई जनपदों की जनता के लिए सगाई की दावत का इंतजाम किया गया है। दावत का यह है मेन्यू सामान्य



जनता के लिए सफेद रसगुल्ला, गाजर का हलवा, गुलाब जामुन, सब्जी आलू, काशीफल, मिक्स वेज, पुलाव, चने की सब्जी, मटर पनीर की सब्जी, दाल मखनी, रायता, हलवा मूंग की दाल, आइसक्रीम, कॉल्ड्रिंक आदि ह वीआईपी-वीवीआईपी के लिए प्रेमी केटर्स के विवेक प्रेमी ने बताया कि सामान्य जनता वाले खाद्य पदार्थ के साथ दावत में 11 सब्जियां, 6 मिठाईयाँ हैं। वीआईपी-वीवीआईपी के लिए रसमलाई, पास्ता, नूडल्स, एक दो चाइनीज आईटम, घेबर, आदि प्रकार के 101 आइटम हैं। शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और सौरभ सिंह पहुंचे। दोनों भाइयों की समारोह स्थल पर धूमधाम से एंट्री हुई। उनके पहुंचने के बाद समारोह स्थल पर उत्साह और हलचल बढ़ गई। कार्यक्रम में कुछ ही देर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन के बाद दोनों भाइयों का सगाई समारोह संपन्न होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ मेरठ से अलीगढ़ के हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल मैदान पहुंच गए हैं। उनका हेलीकॉप्टर वहां उतरा। वहां से वह सगाई समारोह में पहुंच गए। वह मंत्री संदीप सिंह-मेघना, सौरभ सिंह-अंतरा को आशीर्वाद दिया। यहां से वह आगरा के लिए रवाना होंगे।

ट्रंप कैबिनेट तक एनवीडिया विवाद की आंच: मंत्रियों में तकरार, लुटनिक पर भड़के बेसेंट बोले- परेशान हो चुका हूं

वाशिंगटन

अमेरिका में चीन को एनवीडिया की ताकतवर कंप्यूटर चिप मिलने का मामला अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार के भीतर विवाद की वजह बन गया है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के विभाग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चीन को एनवीडिया की सबसे उन्नत चिप मिलने से रोकने के लिए समय पर कदम नहीं उठाए गए। बेसेंट ने शुक्रवार को सीएनबीसी से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही साफ कर चुके थे कि चीन को एच100 से ज्यादा ताकतवर एनवीडिया चिप नहीं मिलनी चाहिए। इसके बावजूद वाणिज्य



विभाग ने जरूरी प्रतिबंध लगाने में देरी की। बेसेंट के मुताबिक, अमेरिकी वित्त विभाग, विदेश विभाग, रक्षा विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय कई महीनों से सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड इंटरनेशनल को निर्यात नियंत्रण सूची में शामिल करने के पक्ष में थे। इस सूची में शामिल होने के बाद कंपनी के लिए अमेरिकी तकनीक और संवेदनशील सामान हासिल करना मुश्किल हो सकता था। हालांकि, इस मामले में अंतिम फैसला लेने की जिम्मेदारी वाणिज्य विभाग की थी। बेसेंट ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, 'जब राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कर दिया है कि चीन को एच100 से ज्यादा उन्नत एनवीडिया चिप नहीं मिलनी चाहिए, तो देरी से मैं परेशान हूं। इस मामले में फैसला लेने का अधिकार वाणिज्य विभाग के पास है। उसकी आंतरिक प्रक्रिया के बारे में आपको उसी विभाग से पूछना होगा।' इस पूरे मामले में सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड इंटरनेशनल की भूमिका अहम है। कंपनी अपनी वेबसाइट पर एनवीडिया के साथ साझेदारी का प्रमुखता से जिक्र करती है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को कंपनी की पूर्व अधिकारी एलिस हुआंग पर चीन के लिए जासूसी करने का संदेह है। वहीं, एनवीडिया के प्रमुख जेनसन हुआंग और एलिस हुआंग के बीच कथित प्रेम संबंधों की खबरें भी सामने आई हैं। इसी विवाद के बीच जेनसन हुआंग ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चीन ने जासूसी से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। मेगास्पीड पर पिछले साल आरोप लगा था कि उसने एनवीडिया की उन्नत कंप्यूटर चिप अवैध तरीके से चीन भेजी हैं। हालांकि, कंपनी ने दिसंबर में कहा था कि ऐसे निर्यात का कोई सबूत नहीं है। गुरुवार को कंपनी ने फिर कहा कि वह अमेरिकी निर्यात कानूनों का पालन करने को गंभीरता से लेती है और अमेरिकी सरकार के साथ पारदर्शी तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक पर भी इस मामले में सवाल उठ रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की गुरुवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक, लुटनिक ने चीन को एनवीडिया की ज्यादा उन्नत चिप बेचने पर सख्त पाबंदी लगाने का विरोध किया था। चीनी कंपनियों को मेगास्पीड जैसी कंपनियों के जरिए एनवीडिया की चिप मिलती रही हैं। मेगास्पीड ने एनवीडिया से चार अरब डॉलर से अधिक की उन्नत चिप खरीदी हैं। इस मामले में रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर जॉन कैनेडी ने लुटनिक से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य विभाग ने ऐसी कंपनी को चार अरब डॉलर से अधिक की उन्नत चिप खरीदने की मंजूरी क्यों दी, जिसकी पूर्व अधिकारी पर जासूसी का संदेह है।

सम्पादकीय

खुदरा महंगाई दर दो साल के उच्चतम स्तर 6.09% पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें ढीली कर रहीं जेब



लँ क्ला"३ङ्बल्ल पंशेः अक्टूबर 2026 में खुदरा महंगाई बढ़कर 6.09% और खाद्य महंगाई 8.94% हुई, जो फ्हकके तय दायरे से बाहर है। इससे आम जनता की जेब पर भारी बोझ बढ़ा है। अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़े कई बार आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी की मुश्किलों को कम नहीं कर पाते। जब बाजार में जरूरी वस्तुओं की कीमतों के अनुपात में आम लोगों की आय में बढ़ोतरी नहीं होती, तो स्वाभाविक ही इसका सीधा असर उनके सामान्य उपभोग पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति बाजार में उपलब्ध वस्तुओं की खपत में भी गिरावट लाती है। पिछले काफी समय से जमीनी हकीकत इसी मुश्किल से दो-चार है। इस बीच खाने-पीने की जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने सबके सामने बहुस्तरीय चुनौतियां खड़ी कर दी है। हैरानी की बात है कि आर्थिक मोर्चे पर सब कुछ दुरुस्त होने के दावों के बीच सरकार ने महंगाई की बढ़ती रफ्तार को शायद अपने भरोसे छोड़ दिया है। गौरतलब है कि अक्तूबर, 2026 में देश की खुदरा महंगाई बढ़ कर 6.09 फीसद पर पहुंच गई। सितंबर में यह आंकड़ा 5.54 फीसद था। पिछले दो वर्षों के दौरान महंगाई का यह सबसे उच्च स्तर है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा महंगाई दो साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआइ की छह फीसद की ऊपरी सहनशीलता की सीमा से भी आगे निकल गई। आरबीआइ ने महंगाई दर का लक्ष्य चार फीसद तय किया हुआ है, लेकिन इसके लिए दो फीसद की घट-बढ़ की गुंजाइश रखी गई है। यानी महंगाई दर दो से छह फीसद के बीच रहनी चाहिए। मगर इस बार यह सीमा पीछे छूट गई। इससे पहले अक्तूबर 2024 में खुदरा महंगाई 6.25 फीसद पर पहुंच गई थी। खुदरा महंगाई की दर में इजाफे के बीच सबसे चिंताजनक खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों का बेलगाम होना होता है। ताजा आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर सितंबर में 7.74 फीसद से बढ़ कर 8.94 फीसद हो गई। महंगाई की इस रफ्तार के बीच वैसी वस्तुओं की खरीदारी तो टाली जा सकती है, जो अनिवार्य आवश्यकताओं की श्रेणी में नहीं आती, लेकिन जब इसका असर थाली में कटौती के रूप में सामने आने लगे, तो इसके दुश्चक्र का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि मुख्य अनाज के समांतर जब सब्जियों की कीमतें भी बेलगाम होती जाएं, तो गरीब या निम्न आयवर्गीय परिवारों को कितने स्तर पर समझौता करना पड़ता है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो अर्थव्यवस्था के आंकड़ों का हिसाब विकास की कौन-सी इबारत लिखेगा? महंगाई के आंकड़ों के उच्च स्तर पर पहुंचने का असर दिसंबर में होने वाली अगली मौद्रिक बैठक और आरबीआइ द्वारा रेपो रेट निर्धारित करने पर पड़ना तय माना जा रहा है। अगर ऐसा होता है, तो महंगाई के चौतरफा असर की मार मध्य वर्ग पर भी पड़ सकती है, जिसमें एक बड़े तबके के लिए महीने की किस्त चुकाना एक जरूरी काम होता है। इस बात की संभावना हो सकती है कि त्योहारों की वजह से मांग बढ़ने के अनुपात में चीजों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई हो, लेकिन जब खाद्य वस्तुएं और ईंधन भी इस जद में आने लगें, तब चुनौतियों का स्वरूप बदल जाता है। ज्यादा चिंता की बात यह है कि अगर अल-नीनो के प्रभाव और मौसम की मार की वजह से फसलों की उपज प्रभावित होगी, तो आने वाले दिनों में महंगाई में और बढ़ोतरी हो सकती है। राजधानी दिल्ली के रणहौला इलाके में चार साल के मासूम बच्चे का खुले सीवर में गिर जाना और चौबीस घंटे बाद निलोठी के अवजल उपचार संयंत्र से उसका क्षत-विक्षत शव मिलना महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारे तंत्र की आपराधिक संवेदनहीनता का प्रमाण है। जिस उम्र में बच्चे के हाथ में खिलौने होने चाहिए थे, वह अपनी मां के साथ मोहन गार्डन के पार्क की ओर जाते समय खुले गटर में समा गया। पढ़िए पूरी खबरङ्ख

भारत मंडपम में 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर 2026 का भव्य आगाज, 11 देशों के 3,500 से अधिक प्रदर्शक दिखाएंगे अपने उत्पाद और तकनीकी नवाचार

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (IITF) 2026 का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। 14 से 27 नवंबर तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में देश-विदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों, उद्यमियों, स्टार्टअप कंपनियों, हस्तशिल्पियों और विभिन्न सरकारी संस्थानों की भागीदारी देखने को मिल रही है। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) द्वारा आयोजित इस वर्ष के मेले की थीम 'विकास और विरासत' रखी गई है, जिसके माध्यम से भारत की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक क्षमता, तकनीकी नवाचार और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन 13 नवंबर को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा किया गया।

इस वर्ष के व्यापार मेले में 17 प्रदर्शनी हॉल में एक लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में 3,500 से ज्यादा प्रदर्शक अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें भारत के 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के साथ 11 देशों की भागीदारी शामिल है। इसके अतिरिक्त 51 केंद्रीय मंत्रालयों, सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की भी सहभागिता है। बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को साझेदार राज्य बनाया गया है, जबकि असम,



दिल्ली, झारखंड और पश्चिम बंगाल फोकस राज्यों के रूप में अपनी उपलब्धियों और विशेषताओं को प्रदर्शित कर रहे हैं।

मेले का प्रमुख आकर्षण हॉल ऑफ इंस्पिरेशन है, जहां लगभग 600 भारतीय स्टार्टअप कंपनियां अपनी तकनीकी उपलब्धियों और नवाचारों का प्रदर्शन कर रही हैं। इनमें डीप टेक, एग्री टेक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष तकनीक, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा प्रौद्योगिकी से जुड़े स्टार्टअप शामिल हैं। इसका उद्देश्य युवा उद्यमियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ना तथा उन्हें अपने उत्पादों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराना है।

इसके अलावा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) पवेलियन में 21 राज्यों के विशिष्ट उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प, स्थानीय व्यंजनों, कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां देश के विभिन्न जिलों की पारंपरिक पहचान और स्थानीय उद्यमियों के हुनर को एक बड़ा मंच मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय पवेलियन में थाईलैंड, ईरान, घाना, नेपाल, अफगानिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये, चीन, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित विभिन्न देशों के उत्पाद एवं व्यापारिक अवसर भी आकर्षण का केंद्र हैं। व्यापार मेले में इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, कपड़ा, जूते, रसोई के सामान, खाद्य प्रसंस्करण, मसाले, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन और आभूषण सहित अनेक क्षेत्रों के उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके साथ ही Playverse@Mandapam के माध्यम से युवाओं और परिवारों के लिए डिजिटल मनोरंजन एवं शैक्षणिक गतिविधियों का विशेष अनुभव भी तैयार किया गया है। मेले में 90 से अधिक फूड आउटलेट भारतीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का स्वाद उपलब्ध करा रहे हैं।

मेले के दौरान सात अलग-अलग स्थानों पर 87 सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगीत प्रस्तुतियों और नृत्य आयोजनों का भी आयोजन किया जाएगा। इनमें देश की शास्त्रीय और लोक कलाओं के साथ विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलेगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की पारंपरिक कला और सांस्कृतिक विरासत को देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 14 से 18 नवंबर तक के पहले पांच दिन बिजनेस विजिटर्स के लिए निर्धारित किए गए हैं, जबकि आम जनता के लिए 19 से 27 नवंबर तक मेले में प्रवेश की व्यवस्था रहेगी। मेले का समय सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। आम दर्शकों को शाम 5:30 बजे तक प्रवेश मिलेगा। टिकट ऑनलाइन, आधिकारिक मोबाइल ऐप और दिल्ली मेट्रो के 55 स्टेशनों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

45वां इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर केवल खरीदारी और मनोरंजन का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय उद्योग, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME), स्टार्टअप, कारीगरों और छोटे व्यापारियों को नए बाजारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच भी है। इस आयोजन के माध्यम से देश के स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने, निवेश एवं व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने तथा भारत की आर्थिक क्षमता और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर मिल रहा है।

दिल्ली के प्रत्येक वार्ड में हर मंगलवार सुबह 9 से 12 बजे तक चलेगा विशेष सघन स्वच्छता अभियान: महापौर श्री प्रवेश वाही



- यमुना स्वच्छता अभियान की तर्ज पर महापौर ने सभी जनप्रतिनिधियों, निगम पार्षदों एवं निगम अधिकारियों से सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया; 24 नवंबर से शुरू होगा अभियान
- प्रत्येक वार्ड में कम से कम 2 किलोमीटर क्षेत्र की होगी विशेष सफाई

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, 14 नवंबर 2026। दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर एवं कूड़ामुक्त बनाने के संकल्प को और अधिक प्रभावी गति प्रदान करते हुए दिल्ली के महापौर श्री प्रवेश वाही ने राजधानी के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विशेष सघन स्वच्छता अभियान आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान 24 नवंबर 2026, दिन मंगलवार से शुरू होगा। इस अभियान का उद्देश्य यमुना स्वच्छता अभियान की तर्ज पर दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, कूड़ा संवेदनशील स्थलों (गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स) का पूर्ण उन्मूलन करना तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देना है।

महापौर ने कहा है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के स्वच्छ दिल्ली के संकल्प को साकार करने के लिए दिल्ली नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में आवश्यक है कि निगम के सभी विभाग, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय के साथ जमीनी स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाएं। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले इस विशेष अभियान में संबंधित क्षेत्र के माननीय सांसद, विधायक, निगम पार्षद, निगमायुक्त, क्षेत्रीय उपायुक्त एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहभागिता करेंगे। प्रत्येक वार्ड में कम से कम दो किलोमीटर क्षेत्र में विशेष सफाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अंतर्गत सड़कों, गलियों, फुटपाथों, सार्वजनिक स्थलों, खाली भूखंडों तथा कूड़ा संवेदनशील स्थलों की विशेष सफाई की जाएगी। अभियान का विशेष जोर ऐसे स्थानों पर रहेगा जहां बार-बार कूड़ा एकत्रित होता है और जहां नियमित सफाई के बावजूद गंदगी की समस्या बनी रहती है।

महापौर ने सभी निगम पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में चिन्हित कूड़ा संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने तथा वहां सफाई की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाना है, उनकी पूर्व सूचना कम से कम दो दिन पहले महापौर कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि अभियान की प्रभावी निगरानी एवं समुचित समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, संबंधित स्थलों की सफाई से पहले और सफाई के बाद की तस्वीरें अनिवार्य रूप से ली जाएं तथा उन्हें सोशल मीडिया और महापौर कार्यालय के साथ साझा किया जाए, जिससे अभियान के परिणामों का पारदर्शी मूल्यांकन किया जा सके।

उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था में जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अपने कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन करने वाले सफाई सैनिकों एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का योगदान दिल्ली को स्वच्छ बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके समर्पण एवं मेहनत को उचित सम्मान मिलना चाहिए।

उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय नागरिकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए), सामाजिक संगठनों एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं को भी सक्रिय रूप से जोड़ने पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। जब जनप्रतिनिधि, निगम प्रशासन और आम नागरिक एक साथ मिलकर कार्य करेंगे, तभी दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर एवं कूड़ामुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा।

महापौर ने कहा जनप्रतिनिधि और अधिकारी, इस विशेष अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित समय पर अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनभागीदारी, बेहतर निगरानी, अधिकारियों की जवाबदेही और सफाई कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था में सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन देखने को मिलेगा।

द पाल्म्स गोल्फ क्लब में सजेगा गोल्फ का महाकुंभ, 14 और 15 नवंबर को होगा द पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप 2026 का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह लखनऊ



लखनऊ। राममिलन प्रबंधक गोल्फ क्लब ने बताया राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द पाल्म्स गोल्फ क्लब एंड रिसॉर्ट में 14 एवं 15 नवंबर 2026 को गोल्फ प्रेमियों के लिए एक शानदार खेल आयोजन होने जा रहा है। दो दिवसीय द पाल्म्स गोल्फ टीम चैंपियनशिप 2026 - सेकंड एडिशन (PGTC 2026)' को लेकर गोल्फ जगत में उत्साह का माहौल बनने लगा है।

यह चैंपियनशिप केवल गोल्फ का मुकाबला नहीं, बल्कि टीम भावना, रणनीति, खेल कौशल और आपसी तालमेल का एक शानदार संगम होगी। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 10 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें प्रत्येक टीम में 8 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम के लिए न्यूनतम दो वरिष्ठ गोल्फ खिलाड़ियों (65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु) की भागीदारी भी अनिवार्य रखी गई है।

दो दिनों तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को अलग-अलग प्रारूपों में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पहले दिन सीनियर खिलाड़ियों के लिए 9 होल सिंगल पीओरिया स्ट्रोक प्ले तथा अन्य खिलाड़ियों के लिए 18 होल डबल पीओरिया स्ट्रोक प्ले आयोजित होगा। वहीं दूसरे दिन 4-बॉल स्क्रैम्बल प्रारूप में मुकाबले खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाने के लिए विजेता टीम के लिए ?50,000, उपविजेता के लिए ?30,000 तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के लिए ?20,000 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

'More Than a Game... It's a Team Spirit!' की थीम पर आधारित यह आयोजन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ टीमवर्क, खेल भावना और आपसी सौहार्द का अनुभव कराएगा।

द पाल्म्स गोल्फ क्लब का यह आयोजन लखनऊ के गोल्फ कैलेंडर में एक विशेष पहचान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। देशभर के गोल्फ प्रेमियों और खिलाड़ियों की निगाहें अब 14 और 15 नवंबर पर टिकी हैं, जब द पाल्म्स के खूबसूरत गोल्फ कोर्स पर खेल, जुनून और टीम स्पिरिट का शानदार नजारा देखने को मिलेगा।

तैयार हो जाइए... दो दिन, शानदार मुकाबले और गोल्फ का जबरदस्त रोमांच!

स्थान : द पाल्म्स गोल्फ क्लब एंड रिसॉर्ट, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ

तिथिः 14 एवं 15 नवंबर 2026

राम मिलन

प्रबंधक/पाल्म्स गोल्फ क्लब

रानी बाग में स्नैचिंग का खुलासा: 3 आरोपी गिरफ्तार, छीना मोबाइल और चोरी की स्कूटी बरामद

नई दिल्ली: बाहरी जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल और थाना रानी बाग की संयुक्त टीम ने स्नैचिंग की एक बड़ी वारदात को सुलझाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक उर्फ मोटा (19), विशाल उर्फ नंदू (23) और करण (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी बरामद की है।

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

10 नवंबर 2026 को थाना रानी बाग में एक महिला ने शिकायत दी थी कि वह ई-रिक्शा से अपने ऑफिस जा रही थी, तभी यूनियन बैंक एटीएम रोड, रानी बाग के पास स्कूटी पर आए तीन लड़कों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और ब्रिटानिया चौक की तरफ भाग गए। शिकायत पर थाना रानी बाग में FIR No. 356/26, व/र 304(2)/3(5) BNS के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के लिए इंस्पेक्टर रितेश, प्रभारी एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल के नेतृत्व में रकदेवेंद्र, HC संदीप, HC सुशील और ल्ठउ हनुमान की टीम बनाई गई, जिसे ACP/ऑपरेशंस का पर्यवेक्षण प्राप्त था। थाना रानी बाग के उ३. सोमेंदर ने भी जांच में सहयोग किया।



टीम ने घटनास्थल के आसपास के CCTV फुटेज को बारीकी से खंगाला और तकनीकी निगरानी व मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद छापा मारकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात में अपनी संलिप्तता कबूल की। उनकी निशानदेही पर छीना गया मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद हुई। जांच में पता चला कि बरामद स्कूटी थाना शालीमार बाग में दर्ज ी-FIR No. 397/26, व/र 303(2) BNS में चोरी की हुई थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी विशाल उर्फ नंदू पहले से ही 06 अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी से कुल 02 मामले सुलझ गए हैं। पुलिस ने मोबाइल फोन और स्कूटी को केस प्रॉपर्टी के रूप में जब्त कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

नोएडा में लापरवाही पर बड़ा एक्शन, 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड; चोरी का ट्रक दाखिल करने में की थी देरी

- नोएडा में सेंट्रल नोएडा डीसीपी प्रवीण रंजन सिंह ने फेज-2 थाने के छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है यह कार्रवाई चोरी के ट्रक को दाखिल करने में देरी और लापरवाही के कारण की गई है
- फेज-2 थाने के छह पुलिसकर्मी निलंबित किए गए
- चोरी के ट्रक को दाखिल करने में देरी हुई
- डीसीपी प्रवीण रंजन सिंह ने यह कार्रवाई की



गौतम बुद्ध नगर आशीष गौतम

नोएडा। नोएडा में सेंट्रल नोएडा डीसीपी प्रवीण रंजन सिंह ने फेज-2 थाने में तैनात प्राइवेट (एसओजी) प्रभारी सहित छह पुलिस कर्मियों को शनिवार को निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, इनमें प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद कुमार, उपनिरीक्षक विकास कुमार, मुख्य आरक्षी जुबैर रिजवी व आशीष कुमार, आरक्षी भूदेव व आशू शामिल रहे।

एक सप्ताह पहले सिगरेट से लदे दिल्ली से चोरी ट्रक और थाना क्षेत्र में लावारिश अवस्था मे मिले ट्रक को दाखिल करने में देरी की गई। इस लापरवाही के चलते कार्रवाई हुई है।

प्रदूषण के बढ़ते खतरे के बीच मजदूरों को राहत देने की पहल, सदर बाजार में बांटे मास्क

प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक, मजदूरों से मास्क पहनकर काम करने की अपील - पम्मा

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली

नई दिल्ली, दिल्ली में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण और जहरीली होती हवा को देखते हुए सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने जनहित में एक सराहनीय पहल करते हुए सदर बाजार के कुतुब रोड पर मजदूरों और आम लोगों को मास्क वितरित किए।

इस दौरान परमजीत सिंह पम्मा ने विशेष रूप से उन मजदूरों को मास्क बांटे, जो दिनभर ठेले खींचकर, सामान ढोकर और बाजारों में मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ता है, जिन्हें मजबूरी में खुले



वातावरण में घंटों काम करना पड़ता है।

पम्मा ने कहा कि दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण अब केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि आम आदमी, मजदूरों, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

पम्मा ने मजदूर भाइयों और आम नागरिकों से अपील की कि घर से बाहर निकलते समय मास्क जरूर पहनें, धूल और धुएं से बचने का प्रयास करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी प्रदूषण से बचाव के प्रति जागरूक करें।

परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि व्यापारी वर्ग केवल व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और आम जनता के प्रति भी उसकी जिम्मेदारी है। सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन आगे भी जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी भागीदारी निभाती रहेगी।

इस अवसर पर व्यापारी नेता दीपक मित्तल, वीरेंद्र आर्य एवं कुलदीप सिंह, अनुज सहित अन्य गणमान्य व्यापारी भी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब फिरोजाबाद की ओर से गरीबों को चाय का मुफ्त वितरण

सुनहरा संसार फिरोजाबाद देवेंद्र सिंह



रोटरी क्लब फिरोजाबाद की ओर से गरीबों को मुफ्त चाय का वितरण करके समाज सेवा की गई

जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद अध्यक्ष सतीश शर्मा के संगठनात्मक अनुभव कार्य क्षमता समर्पण और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ



गाजियाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अध्यक्ष सतीश शर्मा के संगठनात्मक अनुभव, कार्यक्षमता, समर्पण और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें दोबारा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गाजियाबाद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,जननायक एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी,राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती मोना मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर गाजियाबाद के कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने सतीश शर्मा का फूल-मालाओं, शॉल, पगड़ी एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। उपस्थित कांग्रेसजनों ने विश्वास जताया कि शर्मा के अनुभव और संगठन को मजबूत करने की कार्य शैली से गाजियाबाद में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक तेज धार देने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण साबित होगी। इस अवसर पर सतीश शर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस संगठन को मजबूत करना, कार्यकताओं को साथ लेकर चलना और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों से इसी प्रकार एकजुटता, निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करते रहने का आह्वान किया तथा सम्मान और सहयोग के लिए सभी का हृदय से धन्यवाद किया।चाचा नेहरू के विचारों और योगदान को किया याद, बाल दिवस पर लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प कार्यक्रम के दूसरे चरण में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।? इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल देश के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखने वाले दूरदर्शी राष्ट्रनिमार्ता थे। स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक सोच, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के प्रति उनका दृष्टिकोण आज भी देश के लिए प्रेरणास्रोत है। नेहरू के कार्यकाल में देश में आधुनिक औद्योगिक विकास को गति मिली। भिलाई, राउरकेला और दुर्गापुर जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात संयंत्रों की स्थापना,बड़े बांधों और सिंचाई परियोजनाओं का विकास, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (क्क्क्क), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्क्र) और वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा देने जैसे कदमों ने आधुनिक भारत की विकास यात्रा को दिशा दी। उन्होंने उच्च शिक्षा, कृषि, विज्ञान,तकनीक और सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण संस्थागत आधार तैयार किया। आज ही के दिन 50 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के नक्शे पर गाजियाबाद नाम से एक नए जनपद का उदय हुआ था तत्कालीन मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी द्वारा गाजियाबाद के सांसद बुद्ध प्रिया मोर्य की मांग पर नए जनपद का निर्माण हुआ जिसके लिए आज गाजियाबाद की जनता तिवारी तथा मौर्य को याद करते हुए उनका धन्यवाद करती है तथा गाजियाबाद की जनता को बधाई देता है की जो सपना गाजियाबाद के लिए मौर्य जी ने देखा था वह आज फलीभूत हो रहा है पंडित नेहरू बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा सर्वांगीण विकास के बिना राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य संभव नहीं है। इसी कारण बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहते थे और उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वक्ताओं ने कहा कि आज की सरकार द्वारा देश के इतिहास और पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को लेकर जिस प्रकार राजनीतिक प्रचार किया जाता है और कई बार पूर्ववर्ती सरकारों के ऐतिहासिक कार्यों को कम करके प्रस्तुत करने का प्रयास होता है, वह देश की ऐतिहासिक विरासत के साथ न्याय नहीं है। किसी भी सरकार की महानता केवल अपने प्रचार से नहीं, बल्कि उसके कार्यों, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के प्रति जवाबदेही से तय होती है। देश का इतिहास किसी एक दल या सरकार की संपत्ति नहीं है। राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले प्रत्येक महापुरुष और पूर्ववर्ती सरकारों के अच्छे कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए। कांग्रेस जनों ने कहा कि पंडित नेहरू की वैज्ञानिक सोच, प्रासंगिक है। देश के बच्चों को बेहतर शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित भविष्य देना ही चाचा नेहरू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी सीमा नजमीन विक्रांत पाराशर अध्यक्ष सेवादल सविता जैसवाल उदय सिंह पाल रूबी मलिक सत्य प्रकाश त्यागी रिजवान मलिक शमशाद भाई नवाब भाई अनवर कुरैशी राजीव शर्मा अनिल शर्मा राजेश शर्मा हाजी खुर्शीद रिजवान मलिक राशिद रंगरेज नेम त्यागी हरेंद्र सिंह बाबा बाबूराम आर्य लज्जा यादव आरटीआई अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह त्यागी आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने धूमधाम से चाचा नेहरू को याद किया।

जिला कांग्रेस मुरादनगर विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर हार्दिक बधाई

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ मुरादनगर। विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी ने जिला कांग्रेस की तरफ से आचार्य विकास त्यागी,श्रीमती रूबी मलिक तथा ब्लॉक अध्यक्ष धानी को कांग्रेस के नेतृत्व में जिला कांग्रेस मुरादनगर विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी ने कहा कि यह नियुक्ति कांग्रेस संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, लंबे समय से किए गए संगठनात्मक कार्यों, जनसेवा के प्रति समर्पण और क्षेत्र में उनके नेतृत्व



क्षमता का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बड़ी जिम्मेदारी को वे पूरी मेहनत, ईमानदारी और जन-हितैषी भावना के साथ निभाएंगे। नईम त्यागी ने कहा कि मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की नीतियों, जन-मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में नवनियुक्त प्रभारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के कार्यकताओं का उत्साह बढ़ेगा और कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नईम त्यागी ने सभी नवनियुक्त प्रभारियों को बधाई देते हुए कामना की कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, एकजुटता और सेवा भावना के साथ निभाकर क्षेत्र में कांग्रेस की छवि को और मजबूत करेंगे।

किसानों को खाद एवं बीज की उपलब्धता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : आयुक्त अजीत

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



आयुक्त, चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा राजेश एस के साथ तहसील नरैनी के अंतर्गत थाना नरैनी में आयोजित समाधान दिवस में प्रतिभाग किया गया। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त कुल 05 प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए सभी का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए तथा शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलम्ब अथवा लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके उपरान्त आयुक्त महोदय द्वारा नरैनी क्रय-विक्रय सहकारी समिति केन्द्र का औचक निरीक्षण कर उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया। केन्द्र प्रभारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में केन्द्र पर डीएपी एवं यूरिया की लगभग 10 से 15 बोरियां उपलब्ध हैं, जो मांग के सापेक्ष कम हैं। इसकी मांग उच्च स्तर पर प्रेषित कर दी गई है। वहीं एनपीके उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसका वितरण किसानों की मांग के अनुसार किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित किसानों द्वारा

उर्वरक समय से मिलने तथा वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया।

आयुक्त ने निर्देशित किया कि डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता बढ़ाने हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित मांग के संबंध में निरन्तर प्रभावी प्रयास किए जाए तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, बांदा उक्त केंद्र पर यथाशीघ्र उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। केंद्र प्रभारी उर्वरक की आपूर्ति प्राप्त होते ही किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को खाद प्राप्त करने के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। केन्द्र पर उपलब्ध उर्वरकों के स्टॉक एवं निर्धारित बिक्री दरों का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी रखी जाए। खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी, निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली एवं अनिवार्य टैगिंग जैसी अनियमितताओं पर सतत निगरानी रखी जाए।

इसके उपरान्त आयुक्त द्वारा राजकीय बीज भंडार, नरैनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों द्वारा शिकायत की गई कि ऑनलाइन बुकिंग कराने के उपरान्त भी उन्हें समय से बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा सर्वर न चलने का हवाला देकर उन्हें बार-बार वापस कर दिया जाता है। किसानों की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त महोदय ने गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की तथा संबंधित बीज गोदाम प्रभारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान करना एवं शासन की किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित बीज गोदाम प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने निर्देशित किया कि ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों को निर्धारित समय पर बीज उपलब्ध कराया जाए। सर्वर संबंधी तकनीकी समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान कराने के लिए संबंधित तकनीकी अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया जाए तथा तकनीकी समस्या को किसानों को बार-बार वापस करने का आधार न बनाया जाए। बीज भंडार पर उपलब्ध बीजों के स्टॉक एवं वितरण की स्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए तथा किसानों को बीज प्राप्त करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि बीज वितरण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अन्त में आयुक्त ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को रबी फसलों की बुवाई के दृष्टिगत खाद एवं प्रमाणित बीज की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उर्वरक एवं बीज वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसानों से प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

आयोजित प्रतियोगिता में विजेता टीम रही ग्रीन हाऊस

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



नगर क्षेत्र के सेंट जॉर्ज स्कूल, आवास विकास बांदा में शनिवार को दूसरे दिन वार्षिक खेलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन जी ने बालदिवस का महत्व बताते हुए किया। खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अल्बर्ट रस्किन द्वारा मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सदर/क्षेत्राधिकारी यातायातझ प्रतिज्ञा सिंह को बुके तथा शाल देकर सम्मानित किया। प्रतिज्ञा मैम द्वारा परेड की सलामी ली गई। क्षेत्राधिकारी प्रतिज्ञा सिंह ने बच्चों को बताया कि जब वह स्कूल में पढ़ती थी तो उनके स्कूल में भी इसी तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती थी और वो भी बढ़ - चढ़ कर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करती थी, उन्होंने खेलों को स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण बताया तथा विद्यालय के छात्र - छात्रों को खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया , तथा छात्रों को अनुशासनात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

ग्रीन हाऊस विजेताः दूसरे दिन के खेलों का आयोजन हुआ जो कि कक्षा 4ई से 12ई की कक्षाओं के छात्र छात्राओं को चार ग्रुप में ग्रीन, यलो, रैड और ब्लू में विभाजित करके आयोजित हुई। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता में ग्रीन हाऊस ने बाजी मारी और यलो हाउस रनर अप रहा ।

खेलों का शुभारंभ कक्षा 4ई की प्रतियोगिता से हुई। क्लास 4ई की प्रतियोगिता में -बॉयज में- वेद धुरिया, जय विजय, जानवी और हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अयांश पाल, अनितेश, खुशी अनुरागी, श्रेयांशी ने द्वितीय स्थान, रूद्र प्रताप सिंह, वियोम, अम्रिता गौतम, एलीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5ई की प्रतियोगिता में- शौर्य, अयांश, अक्षत दिवेदी, वंश धुरिया, समृद्धि, महक ने प्रथम स्थान, देव, दिवश, कृष्णा, मयंक, सभ्यता, रिशिका नें द्वितीय स्थान, युवराज, शिवांश राज, अर्नव, वंश धुरिया, कोमल, आश्वि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास 6ई की प्रतियोगिता में- हर्ष वर्धन, जफर, अमायरा, इशिता ने प्रथम स्थान, हर्षित कुमार, आदित्य, अनन्या ठाकुर, तनिष्का ने द्वितीय स्थान, हार्दिकशंकर, कार्तिक, अम्रता, श्रष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास 7ई की प्रतियोगिता में- सिद्धार्थ चौधरी, नैतिक, परिधि राज, स्नेहा ने प्रथम स्थान, आयुष राज वर्मा, अंश पाण्डेय , शैल्वी, निशु ने द्वितीय स्थान, प्रणव, दीपक मिश्र, संध्या, कनिष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 8ई की प्रतियोगिता में- शुभांश, पुष्पराज , पलक, श्रेया ने प्रथम स्थान, श्लोक, आयुष, कोमल, प्रतिज्ञा ने द्वितीय स्थान, आर्य, मोहम्मद अर्श्रान, नैंसी, पलाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 9ई की प्रतियोगिता में- रितिका, अश्वनी पटेल, आयुष्मान, हर्षित साहू ने प्रथम स्थान, आयुषी, खुशी, शौर्य वर्मा, ध्रुव ने द्वितीय स्थान, दीपिका, आराध्या बाजपेई, कार्तिक लक्ष्यकार, निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 10ई की प्रतियोगिता में- तनवी, प्रिंसी सेन, शैलेन्द्र, कुश यादव ने प्रथम स्थान, मानवी, अग्रणी, ओम गुप्ता, अयान खान ने द्वितीय स्थान, रिचा, शालिनी, सक्षम ठाकुर, आर्यन सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 11ई की बॉयज रिले रेस प्रतियोगिता में- यलो हाउस के दीपक सिंह, कार्तिकेय, सूफियान ने प्रथम स्थान, ग्रीन हाउस के दीपक पटेल, गुफरान खान, सानिध्य द्विवेदी ने द्वितीय स्थान, रेड हाउस के वर्णित ,सूर्यांश और आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास 11ई की गर्ल्स रिले रेस प्रतियोगिता में- ग्रीन हाउस की प्रतिज्ञा और काव्या ने प्रथम स्थान, रेड हाउस की एलिशा, ज्योति ने द्वितीय स्थान, यलो हाउस की दिव्या पटेल, रुनझुन गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 12ई की बॉयज रिले रेस प्रतियोगिता में- ब्लू हाउस के सरताज तोमर, कृष्णा शुक्ला, अली जकी ने प्रथम स्थान, ग्रीन हाउस के शिवांश, शिवम, पियूष ने द्वितीय स्थान, रेड हाउस के श्लोक, वर्णित, आशिफ साह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्लास 12ई की गर्ल्स 100 मीटर रेस प्रतियोगिता में- रितिका ने प्रथम स्थान, तनिष्का ने द्वितीय स्थान, अंशिका यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बाल दिवस पर विद्यालय में हुए विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा बांदा के विकासखंड कमासिन क्षेत्र के पी०एम० श्री कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय ममसीखुर्द में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर 70वां बाल



दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बच्चों को नेहरू जी के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, अनुशासन और मेहनत के बल पर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान देवशरण यादव ने की। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नर्वद प्रसाद सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार बाथम ने दी। इस अवसर पर शिक्षक अवधेश, सौरभ सिंह, सोनू देवी एवं शिवशंकर ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की तैयारी को लेकर हुई चर्चा

ब्यूरो एण्ड सिटीकी



झाँसी/ मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा की झाँसी जिले मे प्रवेश को लेकर यात्रा की तैयारियौ को लेकर पूर्व सांसद डाक्टर चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे मध्य शासन के साथ पूर्व ग्रह मंत्री गोविंद सिंह के मुख्य आतिथ्य मे एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के विशिष्ट आतिथ्य मे हुई बैठक मे दतिया के विधायक धनश्याम सिंह,पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांगेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट,निवर्तमान प्रदेश महासचिव राहुल रिछारिया,पूर्व पार्षद मुकेश अग्रवाल,पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलवान सिंह यादब,पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी योगेंद्र सिंह पारीछा,पूर्व पार्षद अखलाक मकरानी, समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता चन्द्र प्रकाश मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य नरेश यादव बब्बा,मोहित सिंह,पुष्पेन्द्र यादव,लाली यादव,अवरूद्ध नायक सहित उक्त यात्रा की तैयारियौ मे शामिल कांग्रेस पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के नेताओ ने यात्रा की तैयारियौ के सन्दर्भ मे अपने विचार व्यक्त किये इस मोके पर मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृह मंत्री गोविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्ताइस नम्बर को औरछा के श्री रामराजा सरकार के मन्दिर के पास से सुबह के समय उक्त यात्रा प्रारम्भ होकर उत्तर प्रदेश के गांव दिगारा मे प्रवेश करके उक्त यात्रा का रात्रि विश्राम गांव गोरा मछिया मे होना है,उक्त यात्रा छह दिन झाँसी जिले मे भ्रमण करेगी,उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद डाक्टर चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि उक्त यात्रा की तैयारिया पूरी कर ली गई है,उक्त यात्रा दो दिसंबर को झांसी जिले मे छह दिन भ्रमण करने के उपरान्त दो दिसंबर को गांव पूछ होती हुई जालौन जिले मे प्रवेश करेगी,विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने यात्रा के 27 नम्बर को उत्तर प्रदेश की सीमा झांसी जनपद मे प्रवेश से लेकर झांसी जनपद के पूछ तक यात्रा की स्वागत की जिम्मेदारी का दायित्व कांग्रेस पार्टी के साथियौ के साथ मिलकर करने के बारे मे बताते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह जी की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा बीस अक्टूबर को मध्य प्रदेश के उज्जैन के शिवधाम से प्रारम्भ हुई है जो उत्तर प्रदेश के रामधाम अयोध्या मे समाप्त होगी,उक्त कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने किया,

विश्व डायबिटीज दिवस पर सीएचसी पचपेड़वा में चला जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच अभियान

सुनहरा संसार, मसरूर अली पचपेड़वा (बलरामपुर)। विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पचपेड़वा में मधुमेह के बढ़ते खतरे को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान 30 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों को लक्षित करते हुए नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) स्क्रीनिंग की गई। अभियान के माध्यम से लोगों को मधुमेह के लक्षण, बचाव और नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एनसीडी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रसून गुप्ता ने बताया कि खराब खानपान, मानसिक तनाव और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण कम उम्र के लोगों में भी डायबिटीज के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मधुमेह से बचाव और इसे नियंत्रित रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि अपना वजन नियंत्रित रखें,



नियमित रूप से व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियां करें तथा संतुलित और फाइबरयुक्त भोजन का सेवन करें। इसके साथ ही रिफाइंड काबोर्हाइड्रेट और अधिक चीनी के सेवन से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और तंबाकू एवं शराब से दूरी बनाए रखें। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर भी विशेष जोर दिया।

डॉ गुप्ता ने मधुमेह के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि बार-बार पेशाब आना, अत्यधिक प्यास लगना, अधिक भूख महसूस होना, बिना किसी कारण अचानक वजन कम होना, लगातार थकान एवं कमजोरी रहना, आंखों से धुंधला दिखाई देना और घाव का देर से भरना डायबिटीज के प्रमुख संकेत हो सकते हैं। इसके अलावा त्वचा में खुजली, रूखापन और मुंह सूखने जैसी समस्याएं भी सामने आ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय रहते स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए, ताकि बीमारी की पहचान कर उचित उपचार शुरू किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान एनसीडी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रसून गुप्ता, एलटी रियासत अंसारी सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मवई बुजुर्ग में तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस संत सम्मेलन का समापन



सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा जनपद के मवई बुजुर्ग स्थित राम-जानकी मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस संत सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। 11 से 13 नवंबर तक चले इस सम्मेलन में दूर-दराज से आए साधु-संत महात्माओं ने अपने सुंदर वचन प्रस्तुत किए। रमेशानंद जी ने श्रीरामचरितमानस पर सुंदर वचनों द्वारा मनुष्य के जीवन को दशार्या। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पहुंचे और संतों के वचनों को सुनकर प्रसन्न हुए।

इस कार्यक्रम में परमेश्वरानंद जी 1008 अध्यक्ष राम-जानकी मंदिर, बालक दास जी संयोजक, डॉ. रमेश जी, व्यास पीठाधीश्वर पीली कोठी, रामकिशोर सिंह, रमेश सिंह, महेश सिंह, कामता सिंह, कमलेश तिवारी, योगेंद्र सिंह, अर्जुन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कांग्रेस ने हर्षोल्लास से मनाई पं० नेहरू की जयंती, बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना विधायक के निर्देश पर आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय अवस्थी धर्मशाला, स्टेशन रोड में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पं० नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने महात्मा गांधी के सानिध्य में स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी दी, 10 वर्ष से अधिक जेल यातनाएं भोगीं और देश को आजाद कराया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोकतांत्रिक गणतंत्र को मजबूत करने और चहुंमुखी विकास में अमूल्य योगदान दिया, इसलिए उन्हें आधुनिक भारत का निमार्ता कहा जाता है। बाल दिवस के अवसर पर कांग्रेस जनों ने खुटला स्थित डॉ. लोहिया बाल विद्या मंदिर पहुंचकर बच्चों को फल व टॉफी वितरित की। विद्यालय प्रबंधक आचार्य वृंदावन वैश्य व स्टाफ ने जिलाध्यक्ष को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा लगाए गए खाद्य सामग्री के स्टाल आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य सेविका चुन्नी को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, महामंत्री व मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, कालीचरण निगम, अमित तिवारी, हेमंत कुमार वर्मा, बी लाल भाई, संतोष कुमार द्विवेदी, शिवपूजन तिवारी, पूर्व चेयरमैन संजय गुप्ता सहित विद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, 14 नवम्बर। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को ट्रांजिट हॉस्टल में जन-सुनवाई के दौरान अधिकारियों और अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित कार्यदायी संस्था की है। यदि कहीं भी मानकों की अनदेखी या गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो जिम्मेदार अभियंता के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

सड़क निर्माण और सरकारी योजनाओं की समीक्षा

मंत्री ने मैनपुरी-जसराना मार्ग के निर्माण की धीमी गति और मानकों के उल्लंघन पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को चेतावनी दी। उन्होंने इस सड़क का काम पूरी गुणवत्ता के



साथ 15 दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, उज्ज्वला, कन्या सुमंगला, बाल सेवा, छात्रवृत्ति और पेंशन जैसी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। साथ ही, अपात्र लोगों को गलत तरीके से लाभ देने की शिकायतों की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने को कहा।

अवैध कब्जों को हटाने के सख्त आदेश

सार्वजनिक भूमि, चकरोड और नालियों पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर मंत्री ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए, ताकि आम लोगों को आवागमन और जल-निकासी में कोई परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का समय पर और प्रभावी निस्तारण किया जाए, जिससे जनता का शासन-प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

जन-सुनवाई में आईं प्रमुख शिकायतें

जन-सुनवाई के दौरान कई ग्रामीणों और शहरवासियों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें मंत्री ने तत्काल कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया:

अवैध कब्जा और रास्ता रोकना: शिवसिंहपुर के रामऔतार सिंह ने गाटा संख्या-3639 से अवैध कब्जा हटाने, नगला बनवारी के कमलेश ने घर जाने का रास्ता खुलवाने, खरगजीत नगर के अमित प्रताप गुप्ता और हरचन्द्रपुर के शिवराज ने अपनी भूमि पर दबंगों का कब्जा रुकवाने की मांग की।

पैमाइश और सीमांकन: देवपुर के राम औतार ने गाटा संख्या-1079 की पैमाइश कराने और दुधौना के वीरेन्द्र सिंह ने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद हो रहे अवैध सीमांकन को रोकने की गुहार लगाई। वहीं, रम्पुरा के हेमचन्द्र मिश्रा ने गाटा संख्या-182 पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया।

सड़क निर्माण और भूमि अधिकार: बाईपास निवासी चन्द्र प्रकाश ने गाटा संख्या-318 से कब्जा हटाकर चकरोड बनाने, बाग वृन्दावन के प्रमोद कुमार ने नगर पंचायत द्वारा सड़क बनवाने और सुल्तानपुर के राजपाल सिंह ने पट्टाशुदा भूमि को संक्रमणीय करने की मांग की।

दहेज उत्पीड़न: दुर्गा देवी मंदिर निवासी महेन्द्र सिंह सविता ने अपनी बेटी के ससुराल वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई।

ये अधिकारी रहे मौजूद

इस जन-सुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द, उप जिलाधिकारी सदर श्याम प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अशोक सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फतेह बहादुर भदौरिया सहित उदय चौहान, लालू जादौन, अर्जुन चौहान, प्रवेश शर्मा और अन्य पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

गंगा किनारे जुटे टिकट के दावेदार, सीएम ने नहीं दिया सियासी मुलाकात का मौका

सीएम आए, गंगा पूजी और लौट गए, टिकट के दावेदार ताकते रह गए रास्ता

भाजपा के कई भावी प्रत्याशी भी पहुंचे थे उम्मीद लेकर

कपिल शर्मा गढ़मुक्तेश्वर सुनहरा संसार संवाददाता गढ़मुक्तेश्वर। विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही गढ़ विधानसभा में भाजपा के टिकट को लेकर दावेदारों की सक्रियता भी बढ़ने लगी है। ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा मेले में मुख्यमंत्री यडोगी आदित्यनाथ का दौरा कई नेताओं के लिए सियासी उम्मीद लेकर आया



था। मुख्यमंत्री के आगमन पर भाजपा के कई भावी प्रत्याशी भी मेले में पहुंचे। किसी को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री से मुलाकात होगी तो किसी को अपनी राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराने का अवसर मिलने की आस थी, लेकिन सीएम का कार्यक्रम ऐसा रहा कि कई नेताओं की उम्मीदें पूरी नहीं हो सकीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले में पहुंचे और सबसे पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रदर्शनी का जायजा लिया और गंगा पूजन कर वापस लौट गए। इस पूरे कार्यक्रम में टिकट की दौड़ में शामिल नेताओं को मुख्यमंत्री के साथ संवाद या अलग से मुलाकात का कोई खास अवसर नहीं मिल सका। कई नेता आसपास मौजूद रहे, लेकिन उनकी सीएम तक पहुंच नहीं बन सकी। गढ़ विधानसभा में भाजपा से टिकट की दावेदारी को लेकर कई चेहरे अपनी-अपनी तरह से सक्रिय हैं। कोई संगठन के जरिए तो कोई सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटा है। ऐसे में मुख्यमंत्री का दौरा उनके लिए अपनी ताकत और पहुंच दिखाने का मौका माना जा रहा था। हालांकि, इस बार मेले में नेताओं की मौजूदगी से ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि मुख्यमंत्री आए, गंगा पूजी और चले गए, जबकि टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कई चेहरे केवल इंतजार करते रह गए।

अब मुख्यमंत्री के इस दौरे के बाद गढ़ की सियासत में यह चर्चा जरूर है कि मेले में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने से टिकट की राह आसान होगी या फिर दावेदारों को अभी संगठन और जनता के बीच अपनी ताकत साबित करने के लिए और मेहनत करनी पड़ेगी।

लखीमपुर खीरी नीमगांव मे पांच दिनों से लापता किसान का शव झाड़ियो में मिला:



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान लखीमपुर खीरी के नीमगांव कोटवा में पांच दिन से लापता 45 वर्षीय किसान बिंद्रा प्रसाद का शव शनिवार को गांव के पश्चिम में झाड़ियों के बीच मिला। शव शीशम के पेड़ के पास था। बिंद्रा प्रसाद थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम पोस्ट कोटवा के रहने वाले थे। परिजनों के मुताबिक, वह 10 नवंबर की रात करीब 10 बजे गांव में टहलने निकले थे, लेकिन घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की और 11 नवंबर को नीमगांव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को करीब 4 बजे परिजन और ग्रामीण गांव के आसपास झाड़ियों में उन्हें तलाश रहे थे। इसी दौरान उन्हें पेड़ के पास शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि शव के गले में रस्सी बंधी थी। फंदा लगाने की आशंका जताई गई। शव जमीन पर मिलने और रस्सी टुटने की संभावना को लेकर भी ग्रामीणों में चर्चा थी। शव की हालत खराब थी और चेहरे पर कीड़े पड़ गए थे। सूचना मिलने पर नीमगांव थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम और सिकंदराबाद चौकी प्रभारी राम गौरव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। ग्रामीणों के मुताबिक, बिंद्रा प्रसाद पिछले दो-तीन महीनों से मानसिक तनाव में थे।

बिंद्रा प्रसाद तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनसे छोटे अवधेश कुमार (करीब 40 वर्षी) और केशवराम (करीब 38 वरष हैं। उनकी एक बेटी सौरभी (करीब 16 वष) है।

जनगणना-2027: स्व-गणना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई विशाल रैली

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आगामी 16 नवंबर से 30 नवंबर तक होने वाली 'स्व-गणना' (री'ा-एल्लथी१३ङ्मल्ल) के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से इस रैली को मुख्य विकास अधिकारी (CDO) संतोष बहादुर सिंह और अपर जिलाधिकारी (अऊट) श्यामलता आनन्द ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली राजकीय बालिका विद्यालय से शुरू होकर नगर पालिका चौराहा, बजाजा बाजार, संता-बसंता चौराहा, तांगा स्टैंड और लेनगंज होते हुए पुनः पी.एम. श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पर आकर समाप्त हुई।

स्व-गणना से प्रगणकों को मिलेगी आसानी: सीडीओ

रैली के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वयं अपनी गणना (स्व-गणना) करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि जितने अधिक परिवार और व्यक्ति स्व-गणना करेंगे, प्रगणकों के लिए कार्य उतना ही आसान होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन द्वारा जनगणना के महत्व और इसकी प्रक्रिया को जन-जन तक पहुँचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जनगणना से प्राप्त आँकड़े प्रशासनिक नियोजन, जन-सुविधाओं के विस्तार और विकास संबंधी आवश्यकताओं के आकलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए हर नागरिक का इससे जुड़ना आवश्यक है।

इन विद्यालयों और अधिकारियों की रही सहभागिता

इस जागरूकता रैली में क्रिश्चियन इंटर कॉलेज, पी.एम. राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्री एकरसानन्द इंटर कॉलेज, श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, तहसीलदार प्रकाश चौधरी, ए.डी.आई.ओ.एस. रघुराज सिंह पाल और जनगणना प्रभारी सुमित कुमार गौतम उपस्थित रहे। इसके साथ ही ओमकार शर्मा, जी.जी.आई.सी. की प्रधानाध्यापिका रेखा, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक संजोग कुमार मल्ल, श्री एकरसानन्द इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल महेन्द्र सिंह राठौर, श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ. हिमांशु यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

डीएम डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार बैठक की जनगणना को लेकर

सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ विक्रम सिंह

मैनपुरी, में आगामी जनगणना-2027 के दूसरे चरण की जनसंख्या गणना को सुचारू, त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित पारिजात सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों व विभागाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जनगणना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

16 से 30 नवंबर तक चलेगा स्व-गणना अभियान

जिलाधिकारी ने बताया कि जनसंख्या गणना के अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक 'स्व-



गणना' (री'ा-एल्लथी१३ङ्मल्ल) की अवधि निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 01 दिसंबर से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 16 नवंबर को जनपद के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक अनिवार्य रूप से पहले दिन ही अपनी स्व-गणना पूर्ण कर लें। जनरेट होने वाली यूनिक आईडी को संकलित कर कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराया जाए ताकि प्रगति की सटीक ट्रैकिंग हो सके।

प्रत्येक प्रगणक प्रतिदिन 10-15 परिवारों की कराएं स्व-गणना

डॉ. त्रिपाठी ने लक्ष्य निर्धारित करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रगणक प्रतिदिन कम से कम 10 से 15 परिवारों की स्व-गणना कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जनगणना में पूछे जाने वाले 40 प्रश्न अत्यंत सरल हैं, इसलिए आमजन बिना किसी झिझक के अपनी स्व-गणना कर आईडी सुरक्षित रखें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, समूह व बैंक सखियों के माध्यम से पंचायत भवनों पर कैंप लगाकर तथा नगरीय निकायों में वार्ड स्तर पर हेल्प-डेस्क स्थापित कर नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट में बनेगा हेल्प-डेस्क और कंट्रोल रूम: सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और समस्त स्वास्थ्य कर्मियों की स्व-गणना कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में हेल्प-डेस्क एवं कंट्रोल रूम स्थापित करने के आदेश देते हुए कहा कि आगामी 15 दिनों के रोस्टर के अनुसार विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल, अधिवक्ता संघ और अन्य स्टेकहोल्डर्स को आमंत्रित कर उनकी स्व-गणना कराई जाए।

राज्य स्तर से होगी निगरानी, तय होगी जनपदों की रैंकिंग: एडीएम

अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द ने अवगत कराया कि 16 नवंबर से इस अभियान की राज्य स्तर से मॉनिटरिंग प्रारंभ होगी और इसी के आधार पर जनपदों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों को बड़े स्कूलों, कॉलेजों, प्रमुख संस्थानों और क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनकी स्व-गणना सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही आशा, एएनएम, पंचायत सचिव, पूर्ति निरीक्षक एवं सफाई कर्मचारियों की शत-प्रतिशत स्व-गणना पर जोर दिया।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला प्रभारी जनगणना शैलजा त्रिवेदी ने स्व-गणना की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए शोमनाथ चौरसिया, डी.सी.एन.आर.एल.एम. शौकत अली, उप जिलाधिकारी भोगांव, घिरोर, किशनी, कुरावली, पीयूष कुमार जायसवाल, सुनिष्ठा सिंह, नवनीता राय, प्रदीप कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर मिथिलेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मयंक गोयल का पटका पहनाकर किया अभिनंदन, गाजियाबाद संगठन के प्रयासों की सराहना

रामकिशोर अवस्थी

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा प्रियदर्शिनी प्रतिष्ठान में मतदाता जोड़ो अभियान-2026 को लेकर प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना एवं सहकारिता मंत्री श्री जेपीएस राठौर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल के नेतृत्व में गाजियाबाद महानगर संगठन



टोली ने उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य से भेंट कर मतदाता जोड़ो अभियान को व्यापक जनभागीदारी और संगठनात्मक समन्वय के साथ सफल बनाने का संकल्प लिया।

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल को पटका पहनाकर अभिनंदन किया। साथ ही गाजियाबाद महानगर संगठन द्वारा किए गए सफल संगठनात्मक आयोजनों की सराहना करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुरादनगर विधानसभा बीएलए-1 एवं पार्षद श्री प्रदीप चौधरी, साहिबाबाद विधानसभा बीएलए-1 एवं ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री श्री देवेंद्र गिरी, शहर विधानसभा बीएलए-1 श्री बलराम रावल तथा महानगर अभियान संयोजक श्री अमित रंजन के संगठनात्मक प्रयासों की भी प्रशंसा की।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने कहा कि मतदाता जोड़ो अभियान केवल मतदाता सूची को सुदृढ़ करने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने का महत्वपूर्ण अभियान है। गाजियाबाद महानगर का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, सक्रियता और समर्पण के साथ इस अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बाल दिवस के रूप में मनाई नेहरू की जयंती, कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी





दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी

डीग / ब्रज नगर- श्रीराम आरोग्य धाम आनंद भवन, ब्रज नगर में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. गोविंद शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्हें आधुनिक भारत का जनक माना जाता है। उन्होंने देश के नवनिर्माण, लोकतंत्र और वैज्ञानिक सोच की मजबूत नींव रखी।

शहर अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आधुनिक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था। बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे, इसीलिए उनका जन्मदिन 14 नवंबर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. गोविंद शर्मा, पूर्व जिला सचिव सुभान खां, शहर महासचिव विवेक गोयल, सोशल मीडिया प्रभारी सुनील सैनी, ताराचंद सैनी, अंकुल खान, उमंग पंडित सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर एनआईसी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

मतदाता सूची की शुद्धता, पात्र मतदाताओं के पंजीकरण तथा पुनरीक्षण कार्य को पारदर्शिता एवं समयबद्धता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये

रामकिशोर अवस्थी

गौतमबुद्धनगर 13 नवम्बर, 2026 जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में आज एनआईसी सभागार में अर्हता तिथि 01.01.2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में समस्त अपर जिलाधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारियों एवं डिप्टी कलेक्टरों को विधानसभावार नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन आरडब्ल्यूए एवं एओए के प्रतिनिधियों के साथ बैठक





करें तथा कॉलेजों का भ्रमण कर पात्र युवाओं एवं नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन सुपरवाइजरों के कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक बीएलओ के माध्यम से उसके क्षेत्र के सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की कार्यवाही प्रभावी ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को बताया जाये कि पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से अथवा ऑनलाइन पोर्टल voters.eci.gov.in पर जाकर फार्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

छोटी खबरें

वीजा शर्तों का उल्लंघन कर भारत में रुके दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, निर्वासन की प्रक्रिया शुरू



अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। मध्य जिला के स्पेशल स्टाफ की फॉरेनर सेल ने विशेष सत्यापन अभियान के दौरान दो बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा शर्तों के उल्लंघन के आरोप में पकड़ा है। दोनों पर भारत में तय अवधि से अधिक समय तक रुकने का आरोप है। पकड़े गए नागरिकों की पहचान 28 वर्षीय अमजद हुसैन, निवासी नोआखली, बांग्लादेश और 22 वर्षीय जासिम मोल्ला, निवासी गोपालगंज, बांग्लादेश के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों डबल एंट्री वीजा पर भारत आए थे, जिसमें प्रति यात्रा अधिकतम 15 दिन ठहरने की अनुमति थी। अमजद हुसैन ने 14 सितंबर 2026 को और जासिम मोल्ला ने 13 सितंबर 2026 को भारत में प्रवेश किया था, लेकिन दोनों तय अवधि के बाद भी दिल्ली में रह रहे थे। इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम ने 13 नवंबर को नबी करीम के आराकाशन रोड स्थित ओएसिस डीलक्स होटल में सत्यापन के दौरान दोनों को पकड़ा। जांच में सामने आया कि अमजद का पासपोर्ट पोलैंड दूतावास और जासिम का पासपोर्ट ग्रीस दूतावास में जमा है। दोनों का वीजा दिसंबर 2026 तक वैध है।

दोनों को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया, जहां से रिस्ट्रिक्शन ऑर्डर जारी कर उन्हें सेवा धाम, शाहजादा बाग स्थित डिटेंशन सेंटर में भेज दिया गया है। अब उनके खिलाफ निर्वासन की आगे की प्रक्रिया चल रही है।

मां यमुना के घाट पर यमुना सफारी और भव्य लाइट एंड साउंड शो का मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लिया आनंद, बोलीं- दिल्ली की जनता के सरकार पर जताए विश्वास का परिणाम है यह अभूतपूर्व कार्य

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने मां यमुना के घाट पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान यमुना सफारी का आनंद लिया और वहां आयोजित भव्य लाइट एंड साउंड शो भी देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि हम मां यमुना के पावन घाट पर एकत्रित हुए हैं और यमुना सफारी का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां आयोजित भव्य लाइट एंड साउंड शो को भी सभी ने एक साथ देखा, जो अपने आप में एक विशेष अनुभव है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस आयोजन को दिल्ली के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह अभूतपूर्व कार्य दिल्ली की जनता द्वारा सरकार पर जताए गए विश्वास का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग से ऐसे कार्यों को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है, जो राजधानी के विकास और नई गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान यमुना सफारी और लाइट एंड साउंड शो ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री ने मां यमुना के घाट पर इस विशेष अनुभव को साझा करते हुए इसे गर्व और प्रसन्नता का क्षण बताया।

दिल्ली के मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में जूते की फैक्टरी में भीषण आग, दमकल की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, आग बुझाने के साथ बचाव अभियान जारी

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार, 14 नवंबर को जूते बनाने वाली एक फैक्टरी में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की घटना मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 स्थित फैक्टरी नंबर ए-76 में हुई। दमकल विभाग को दोपहर करीब 1:10 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू कर दिया।



आग की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग ने शुरूआत में मेजर-4 घोषित करते हुए 11 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा। बाद में आग की स्थिति को देखते हुए इसे मेजर-6 घोषित किया गया और दमकल की कुल 16 गाड़ियों को राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया। दमकलकर्मी लगातार आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटे रहे। फैक्टरी के अंदर किसी व्यक्ति के फंसे होने की आशंका को देखते हुए बचाव अभियान भी चलाया गया। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। साथ ही घटना में किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि भी सामने नहीं आई है। दमकल विभाग की टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास जारी हैं।

गौरतलब है कि मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में इससे पहले 30 अक्टूबर की रात भी एक जूता फैक्टरी में भीषण आग लगी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हुए थे। करीब 15 दिनों के भीतर इसी औद्योगिक क्षेत्र में जूता फैक्टरी में आग की दूसरी घटना सामने आने से औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

यमुना पर इलेक्ट्रिक क्रूज का क्रेज, दूसरे दिन 230 लोगों ने की सफारी; जल्द शुरू होगी ऑनलाइन बुकिंग

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



पूर्वी दिल्ली। यमुना नदी पर शुरू हुए राजधानी के पहले इलेक्ट्रिक क्रूज को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सफारी शुरू होने के दूसरे दिन 230 लोगों ने क्रूज का आनंद लिया, जो पहले दिन के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा संख्या है। पहले दिन करीब 100 लोगों ने सफर किया था।

बुधवार को नमो यमुना क्रूज सफारी के लिए लोग सुबह 10 बजे से ही पहुंचने लगे थे। सफारी के लिए लोगों को 30 से 40 मिनट तक इंतजार भी करना पड़ा। एक बार में 30 यात्री क्रूज में बैठकर करीब आधे घंटे का सफर कर रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए क्रूज में दो एसी और चार पंखे लगाए गए हैं।

सफर का लुत्फ लेने के लिए सिर्फ दिल्ली ही नहीं, बल्कि गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम से भी लोग पहुंच रहे हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें यमुना में गोवा, मुंबई और बनारस जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। कुछ समय पहले तक यमुना का पानी काफी प्रदूषित और काला नजर आता था, लेकिन अब पानी काफी साफ दिख रहा है, जिसे लोग अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर रहे हैं।

क्रूज के साथ बना गेमिंग जोन भी युवाओं और बच्चों को खासा आकर्षित कर रहा है। क्रूज का संचालन कर रही एमजी स्काई एडवेंचर कंपनी के चेयरमैन गौरव गर्ग ने कहा कि बढ़ती भीड़ क्रूज को लेकर लोगों की दीवानगी को दिखा रही है।

जल्द ही क्रूज की ऑनलाइन बुकिंग शुरू होने जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यमुना में दूसरा क्रूज फरवरी-मार्च 2027 तक आ सकता है। वहीं छुट्टी वाले दिन को छोड़कर स्कूल और कॉलेज के ग्रुप को टिकट में 50 प्रतिशत डिस्काउंट दिया जाएगा।

इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद की ओर से स्व-जनगणना 2027 जागरूकता रैली निकाली गई, नागरिकों से सही जानकारी दर्ज कराने की अपील

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा



फिरोजाबाद। इस्लामिक सेंटर फिरोजाबाद की ओर से स्व-जनगणना 2027 के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार, 14 नवंबर 2026 को एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ संजीव दूबे थाना अध्यक्ष रामगढ़,एवंम मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी, सचिव इस्लामिक सेंटर इंडिया, नें झंडी दिखा कर किया। यह रैली इस्लामिक सेंटर, मदिना कॉलोनी से चल कर विभिन्न मार्गों से होती हुई जाटापूरी से होकर वापस इस्लामिक सेंटर पर खतम हुई ।रैली में शामिल लोगों ने जनगणना के महत्व को बताते हुए आम जनता से इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर इस्लामिक सेंटर के सचिव मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इसके माध्यम से सरकार को देश की जनसंख्या, सामाजिक स्थिति, शिक्षा, आवास एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है, जिसके आधार पर भविष्य की विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्व-जनगणना की प्रक्रिया में जिम्मेदारी के साथ भाग ले और अपने परिवार से संबंधित सभी जानकारियां पूरी सच्चाई एवं ईमानदारी के साथ दर्ज करे। किसी भी प्रकार की गलत या भ्रामक जानकारी देने से बचें तथा आधिकारिक दिशा-निर्देशों का पालन करें।

मौलाना याकूबी ने कहा कि जनगणना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है। समाज के धर्मगुरुओं, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों को आगे आकर लोगों को जागरूक करना चाहिए।

उन्होंने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं वेब पोर्टल के पत्रकारों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया जन-जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है और इस तरह के राष्ट्रीय अभियानों में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस्लामिक सेंटर की ओर से सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे स्व-जनगणना 2027 में सक्रिय भागीदारी निभाएं और एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। इस अवसर पर शारिक सलीम पार्षद, अलकाब निजाम, पार्षद, अयाज खान, हसीन सिद्दीकी, मतीन अंसारी, तल्हा अब्बासी, और अबू हुरैराह स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

इस अवसर पर संदेश दिया गया– गिनती सही, देश सही... मिलकर गिनें, मिलकर बढ़ें।

फिरोजाबाद में मध्य प्रदेश पुलिस की दबिश, दुष्कर्म का आरोपी सोनू गिरफ्तार

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया



फिरोजाबाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर की पुलिस ने फिरोजाबाद में दबिश देकर दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई थाना उत्तर क्षेत्र के लक्ष्मी नगर (नई आबादी) में स्थानीय पुलिस की मदद से की गई।जानकारी के अनुसार, आरोपी सोनू के खिलाफ ग्वालियर के सिटी थाने में दुष्कर्म के गंभीर मामले में मुकदमा दर्ज था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। उसकी तलाश में जुटी ग्वालियर पुलिस को उसके फिरोजाबाद में मौजूद होने की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने थाना उत्तर पुलिस के सहयोग से लक्ष्मी नगर में दबिश दी।पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद मध्य प्रदेश पुलिस उसे अपने साथ ग्वालियर ले गई, जहां मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाल दिवस पर कनॉट प्लेस थाने में 'शिशु गृह आरंभ' का उद्घाटन, अनुराग कुमार ने कहा - हर बच्चे को सुरक्षा, स्नेह और सम्मान मिलना ही सच्चा बाल दिवस है

अनिल कुमार गुप्ता दिल्ली



नई दिल्ली। बाल दिवस के अवसर पर कनॉट प्लेस थाने में एक अनूठी और मानवीय पहल की शुरूआत हुई। यहां 'शिशु गृह आरंभ' का भव्य उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य खोए हुए, भटके हुए, असहाय और जरूरतमंद बच्चों को तत्काल सुरक्षित आश्रय, देखभाल और सहायता उपलब्ध कराना है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अनुराग कुमार ने फीता काटकर शिशु गृह का शुभारंभ किया। इस दौरान थाने के अधिकारी, पुलिसकर्मी, समाजसेवी, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे। पूरे परिसर को गुब्बारों, फूलों और बाल दिवस के संदेशों से सजाया गया था, जिससे माहौल उत्सव जैसा हो गया।

शिशु गृह में बच्चों के लिए स्वच्छ बिस्तर, खेल-खिलौने, पुस्तकें, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, स्वच्छ पेयजल और पौष्टिक आहार की व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले हर बच्चे की पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी और उसके परिवार से संपर्क कर उसे सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, जिन बच्चों के परिवार का पता नहीं चलेगा, उन्हें बाल कल्याण समिति और संबंधित संस्थाओं के माध्यम से उचित देखभाल दिलाई जाएगी।

अपने संबोधन में अनुराग कुमार ने कहा कि पुलिस थाना सिर्फ शिकायत और कार्रवाई की जगह नहीं, बल्कि भरोसे और सुरक्षा का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा जब डरा हुआ, भूखा या अकेला थाने पहुंचे तो उसे सबसे पहले प्यार और सुरक्षा मिलनी चाहिए। यही सोच इस शिशु गृह की नींव है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से अपील की कि बच्चों के साथ विशेष संवेदनशीलता और कोमलता से व्यवहार करें, क्योंकि एक छोटा सा स्नेह किसी बच्चे के जीवन की दिशा बदल सकता है।

उन्होंने कहा कि बाल दिवस केवल पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि बच्चों के अधिकारों, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के प्रति संकल्प लेने का दिन है। आज के बच्चे ही कल का भारत बनाएंगे, इसलिए उन्हें नशा, बाल श्रम, शोषण और अपराध से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। बच्चों ने कविता, गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने बच्चों को मिठाई, फल और उपहार वितरित किए। कई बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

थाना अधिकारियों ने बताया कि यह शिशु गृह 24 घंटे कार्यरत रहेगा। यहां एक विशेष महिला पुलिसकर्मी और बाल कल्याण से जुड़े प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि बच्चों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। इसके साथ ही आसपास के स्कूलों, एनजीओ और सामाजिक संगठनों को भी इस पहल से जोड़ा जाएगा, ताकि बच्चों की शिक्षा और पुनर्वास में मदद मिल सके।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कनॉट प्लेस जैसे व्यस्त इलाके में अक्सर बच्चे भटक जाते हैं या भीख मांगते हुए मिलते हैं। ऐसे में शिशु गृह उनके लिए एक सुरक्षित ठिकाना साबित होगा। यह पहल अन्य थानों के लिए भी एक मिसाल बनेगी।

समारोह के अंत में अनुराग कुमार ने बच्चों के साथ केक काटा और सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि कोई भी बच्चा असुरक्षित, भूखा और शिक्षा से वंचित न रहे।

कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जनपद-आगरा की कड़ी कार्यवाही

आगरा खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई, विभिन्न खाद्य पदार्थों के 13 नमूने संग्रहित एवं 40 लीटर सरसों का तेल जब्त

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी आगरा



आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में जनपद आगरा में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत दिनांक 04 नवम्बर, 2026 को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों एवं खाद्य कारोबारकताओं के यहां निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कमल कुमार, किशोरपुरा आबादी स्थित एक्सपेलर से सरसों के तेल का एक नमूना संग्रहित किया गया तथा मौके पर उपलब्ध 40 लीटर सरसों का तेल जब्त किया गया। कमल आटा चक्की, किशोरपुरा आबादी से खुले बेसन का एक नमूना संग्रहित किया गया। इसके अतिरिक्त मोतीलाल नेहरू रोड, बेलनगंज से मिश्रित दूध का एक नमूना तथा जीवनी मंडी स्थित चीनी खिलौना निर्माण इकाई से चीनी खिलौना का एक नमूना संग्रहित किया गया। पंगोरिया स्वीट्स एंड फास्ट फूड, फतेहाबाद से खोया एवं छैना रसगुल्ला के एक-एक नमूने, अनिल घेवर वाले, फतेहाबाद से मिल्क केक एवं बर्फी के एक-एक नमूने तथा अग्रवाल भोजनालय, आगरा से सोयाबीन रिफाइंड ऑयल एवं पकी हुई अरहर की दाल के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए।

इसी क्रम में प्रेम हलवाई से खोया बर्फी का एक नमूना, जीवनी मंडी चौराहा स्थित स्वीट शॉप से बेसन लड्डू का एक नमूना तथा एक फेरी वाले से मिश्रित दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार उक्त अभियान के अंतर्गत कुल *13 नमूने* संग्रहित किए गए तथा *40 लीटर सरसों का तेल जब्त* किया गया। संग्रहित सभी खाद्य नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने हेतु निरीक्षण एवं प्रवर्तन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

टूंडला में गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार, तीन मुकदमे दर्ज

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत टूंडला थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है ।पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी टूंडला के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम वांछित आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने शनिवार, 14 नवंबर 2026 को नगला महादेव कट हाईवे से विकास पुत्र छोटेलाल निवासी नगला महादेव, थाना टूंडला, जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपी विकास थाना टूंडला में दर्ज मुकदमा संख्या 479/2026 के तहत धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ टूंडला थाने में कुल तीन मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट के मामले के अलावा वर्ष 2026 में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमा संख्या 159/2026 तथा वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट की धारा 9/25 के तहत दर्ज मुकदमा संख्या 162/2025 शामिल हैं ।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



गिरफ्तारी करने वाली टीमः प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक हर्षित कुमार, हेड कांस्टेबल सत्यभान सिंह और कांस्टेबल गोपीचन्द्र शामिल रहे।

फिरोजाबाद में यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 839 वाहनों के चालान

ओवरस्पीड, स्टंटबाजी और ऑटो-ई-रिक्शा में नियमों के उल्लंघन पर कसा शिकंजा

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 839 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई में ओवरस्पीड, स्टंटबाजी, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और ई-रिक्शा में साउंड स्पीकर लगाकर संचालन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष ध्यान दिया गया ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत ऑटो, ई-रिक्शा, बाइक और अन्य वाहनों की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई करने के साथ ही उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया ।यातायात पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान ऑटो और ई-रिक्शा के विरुद्ध 48 चालान किए गए। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर चलाए जा रहे ऑटो के 50, साउंड स्पीकर लगाकर संचालित किए जा रहे ई-रिक्शा के 43 तथा ओवरस्पीड वाहन चलाने वालों के 58 चालान किए गए। वहीं, स्टंट और तेज गति से बाइक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध सात चालान किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के 633 चालान किए गए ।पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही ऑटो और ई-रिक्शा में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाने की हिदायत दी गई।



आगरा यूथ हॉस्टल, आगरा में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन, 5 जनपदों के स्वयंसेवकों ने लिया भाग

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी कैलाश वर्मा

आगरा.14.11.2026. मेरा युवा भारत, आगरा द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में यूथ हॉस्टल, आगरा में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक (एनवाईवी) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिजनौर, हाथरस, शामली, सहारनपुर एवं आगरा जनपदों से आए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के ज्ञान एवं कौशल का विकास करते हुए उन्हें युवा कल्याण, सामाजिक जागरूकता, डिजिटल सहभागिता एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए तैयार करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. श्रवण कुमार सहगल, जिला युवा अधिकारी, आगरा के मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय रहते हुए युवाओं को विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम के दौरान मेरा युवा भारत, लखनऊ मुख्यालय से सहायक निदेशक श्री संजीव सिंह एवं श्री रवि दीक्षित ने यूथ हॉस्टल, आगरा का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने यूथ हॉस्टल परिसर में स्थापित रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित बिजनौर, हाथरस, शामली, सहारनपुर एवं आगरा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों से संवाद किया। अधिकारियों ने प्रतिभागियों से उनके कार्यों एवं अनुभवों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सामाजिक एवं युवा विकास कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में श्री मनीष कुमार, जिला युवा अधिकारी, हाथरस द्वारा प्रतिभागियों को युवा क्लबों के गठन एवं उनके प्रभावी संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने युवाओं को युवा क्लबों की आवश्यकता, उनके उद्देश्य तथा स्थानीय स्तर पर युवाओं को संगठित कर विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों से जोड़ने के बारे में बताया। साथ ही प्रतिभागियों को सोशल मीडिया अकाउंट के उचित एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंच बना सकें।

दोपहर के भोजन के उपरांत आयोजित द्वितीय सत्र में आगरा के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ग्रुप कूल फॉर फन (Cool for Fun) के सदस्य श्री मोहम्मद अनस, श्री मनीष परमार एवं उनकी टीम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। टीम के सदस्यों ने राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के साथ संवाद करते हुए सोशल मीडिया के वर्तमान स्वरूप एवं उसके प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। इस दौरान युवाओं को सोशल मीडिया के लिए प्रभावी एवं आकर्षक कंटेंट तैयार करने, विभिन्न प्लेटफॉर्म पर सही तरीके से कंटेंट साझा करने तथा सोशल मीडिया पर अपनी पहुंच एवं सहभागिता बढ़ाने के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई। इन्फ्लुएंसर टीम ने अपने अनुभव साझा करते हुए युवाओं को बताया कि किस प्रकार सकारात्मक एवं रचनात्मक विषयों पर तैयार किया गया कंटेंट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकता है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने टीम के सदस्यों से संवाद किया तथा सोशल मीडिया और कंटेंट निर्माण से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों पर चर्चा की। यह सत्र युवाओं के लिए अत्यंत रोचक, संवादात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र में सेवानिवृत्त आरडी श्री गोपाल भगत जी द्वारा प्रतिभागियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को नशामुक्त युवा - विकसित भारत, सड़क सुरक्षा तथा अन्य सामाजिक एवं जन-जागरूकता से जुड़े विषयों पर पेंटिंग एवं रचनात्मक गतिविधियां करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से इन महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस गतिविधि का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में श्रीमती आशा रानी शर्मा, श्री अंकित एवं अन्य सहयोगियों ने सक्रिय रूप से अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सभी के संयुक्त प्रयासों से प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

यह राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल, डिजिटल जागरूकता एवं सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं को संगठित करने, युवा क्लबों को सक्रिय बनाने तथा विभिन्न सामाजिक एवं राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया जा रहा है।

आगरा जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने आगरा-जगनेर मार्ग स्थित निमार्णाधीन न्यू सिविल एयरपोर्ट का किया स्थलीय निरीक्षण, निर्माण कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

- टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे, बाउंड्रीवॉल एवं आंतरिक व संपर्क मार्गों के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों से कार्य जानकारी तलब
- समस्त निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के दिए निर्देश
- निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सुनहरा संसार आगरा अंजना कुलकर्णी

आगरा.14/11/2026/आज जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल जी ने आगरा-जगनेर मार्ग स्थित धनौली में निमार्णाधीन न्यू सिविल एयरपोर्ट (न्यू सिविल एन्क्लेव) का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे, बाउंड्रीवॉल, सड़क निर्माण सहित परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से अब तक पूर्ण हुए कार्यों और अवशेष निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी तलब की।

जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन टर्मिनल बिल्डिंग के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण करते









हुए भवन निर्माण, आंतरिक व्यवस्थाओं, यात्रियों की सुविधाओं तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने रनवे एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण की प्रगति की समीक्षा की तथा सड़क निर्माण एवं एयरपोर्ट तक सुगम आवागमन से संबंधित कार्यों को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाएं।

समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि आगरा का नवीन सिविल एयरपोर्ट जनपद के विकास, पर्यटन एवं हवाई कनेक्टिविटी की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूर्ण होने से आगरा आने वाले पर्यटकों, उद्यमियों एवं आम नागरिकों को बेहतर हवाई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े सभी कार्यों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न होने दिया जाए।

उन्होंने निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने, कार्यस्थल पर आवश्यक संसाधनों एवं मैनपॉवर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अवशेष कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जीके वार्ष्णेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को किया जागरूक, सुरक्षा हेल्पलाइन की दी जानकारी

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज-06 के तहत शनिवार को जनपदभर में जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में पुलिस अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों के गांवों,



स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में रैली व संगोष्ठियों के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं और शिक्षिकाओं को जागरूक किया।अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण, समानता और अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पुलिस टीमों ने महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम, साइबर हिंसा एवं ऑनलाइन अपराधों से बचाव, नशे के दुष्परिणाम, पारिवारिक विवाद, बाल विवाह और समाज में प्रचलित अन्य कुरीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।पुलिस ने महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर *1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन सेवा 112 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930* की जानकारी देकर इनके उपयोग के बारे में बताया।अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण के नेतृत्व में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों की सहभागिता से अभियान चलाया गया। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में सुरक्षित व सम्मानजनक वातावरण तैयार करना है।

फतेहपुर में बाइक सवार दंपती पर गिरा भारी-भरकम PWD का बोर्ड, बाल-बाल बची जान; CCTV में कैद हुआ हादसा

दैनिक सुनहरा संसार आगरा मंडल ब्यूरो चीफ राजकुमार शर्मा व तरुण कुमार राजोरिया फतेहपुर उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सड़क किनारे लगा लोक निर्माण विभाग (PWD) का भारी-भरकम बोर्ड अचानक बाइक सवार दंपती के ऊपर गिर पड़ा। हादसे का दृश्य इतना भयावह था कि देखने वाले भी सहम गए। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में दंपती को खरोंच तक नहीं आई, जबकि उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।जानकारी के अनुसार, दंपती



बाइक पर सवार होकर सड़क से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर लगा भारी-भरकम पीडब्ल्यूडी का बोर्ड अचानक उनके ऊपर आ गिरा। अचानक हुई इस घटना से दंपती को संभलने तक का मौका नहीं मिला। बोर्ड गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। हादसे को देखकर ऐसा लगा कि दंपती गंभीर रूप से चोटिल हो सकते थे, लेकिन सौभाग्य से दोनों सुरक्षित बच गए।इस दुर्घटना में बाइक को नुकसान पहुंचा, लेकिन दंपती को किसी तरह की चोट नहीं आई। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। वीडियो में सड़क से गुजर रहे बाइक सवारों पर भारी बोर्ड गिरने की घटना ने सड़क किनारे लगाए जाने वाले भारी ढांचों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।यह घटना इस बात की ओर भी ध्यान दिलाती है कि सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाने वाले बोर्डों और अन्य भारी संरचनाओं की नियमित जांच तथा उनकी मजबूती सुनिश्चित करना कितना जरूरी है। समय रहते ऐसी व्यवस्थाओं की जांच की जाए, तो इस तरह के हादसों को रोका जा सकता है।फिलहाल, इस घटना में दंपती का सुरक्षित बच जाना किसी चमत्कार से कम नहीं है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिकाऊ एवं सलेमपुर का सहयोगात्मक भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजेश कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज दिनांक 14 नवम्बर 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला के चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (इढट) एवं ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (इउढट), टूंडला द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिकाऊ एवं सलेमपुर का सहयोगात्मक भ्रमण किया गया।भ्रमण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, आवश्यक अभिलेखों एवं रजिस्टरों के



रखरखाव, परिसर की साफ-सफाई, आवश्यक औषधियों, चिकित्सा उपकरणों एवं लॉजिस्टिक की उपलब्धता का अवलोकन किया गया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया—

1. ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा: ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने तथा अधिकाधिक लाभार्थियों को इस सेवा से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

2. गैर-संचारी रोग (ठउऊ) स्क्रीनिंग: उच्च रक्तचाप, मधुमेह एवं अन्य गैर-संचारी रोगों की नियमित स्क्रीनिंग, संभावित रोगियों की पहचान, उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। 3. आयुष्मान कार्ड निमार्ण: आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

4. मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं: गर्भवती महिलाओं की नियमित प्रसवपूर्व जांच, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान, बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

5. अभिलेखों का रखरखाव: समस्त रजिस्टरों, रिपोर्टों एवं ऑनलाइन पोर्टलों पर स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित आंकड़ों को नियमित रूप से अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। 6. स्वच्छता एवं औषधि उपलब्धता: स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

भ्रमण के दौरान संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (उल्ढ) को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सहयोगात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ने तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद के समस्त स्वास्थ्य संस्थानों पर संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी अनुश्रवण के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं।

इस सहयोगात्मक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी

विश्व मधुमेह दिवस पर जनपद फिरोजाबाद के समस्त सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष मधुमेह स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन

मधुमेह की समय से पहचान, नियमित जांच, उचित उपचार एवं जनजागरूकता

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ राजू कुमार शर्मा व राजकुमार शर्मा

फिरोजाबाद विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आज दिनांक 14 नवम्बर 2026 को जनपद फिरोजाबाद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुमेह की रोकथाम, समय से पहचान, उपचार एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों



एवं जिला स्तरीय चिकित्सालयों में विशेष मधुमेह स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को मधुमेह के कारणों, लक्षणों, बचाव, नियमित जांच एवं उपचार के संबंध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरगढ़, फिरोजाबाद की एनसीडी क्लीनिकों में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर विशेष स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में आने वाले व्यक्तियों की मधुमेह संबंधी जांच, स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श की व्यवस्था की गई।

विशेष चिकित्सा शिविरों के दौरान गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग, जोखिम कारकों की पहचान, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, उपचार एवं फॉलोअप संबंधी गतिविधियां संचालित की गईं। जांच में संदिग्ध पाए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आवश्यकतानुसार अग्रिम जांच एवं चिकित्सकीय परीक्षण तथा पुष्टि होने पर निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार एवं रेफरल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

शिविरों के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मधुमेह से बचाव के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित शारीरिक गतिविधि, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से परहेज तथा समय-समय पर रक्त शर्करा की जांच कराने के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त मधुमेह से प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नियमित दवाओं का सेवन करने, रक्त शर्करा की निगरानी रखने तथा निर्धारित समय पर चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा यह भी बताया गया कि मधुमेह का समय पर निदान एवं उचित प्रबंधन करके हृदय, गुर्दे, आंखों एवं अन्य अंगों से संबंधित जटिलताओं के जोखिम को कम किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद द्वारा जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, उपचार, रेफरल एवं नियमित फॉलोअप की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए। साथ ही जांच एवं उपचार से संबंधित समस्त अभिलेखों को अद्यतन रखते हुए निर्धारित पोर्टल पर नियमानुसार रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई कि मधुमेह के लक्षणों, जैसे बार-बार प्यास लगना, अधिक पेशाब आना, असामान्य थकान, धुंधला दिखाई देना अथवा घाव देर से भरने की स्थिति में निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक जांच अवश्य कराएं। साथ ही बिना किसी लक्षण के भी चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मधुमेह की समय से पहचान, नियमित जांच, उचित उपचार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर आयोजित इन विशेष चिकित्सा शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनपद में मधुमेह एवं अन्य गैर-संचारी रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, संभावित रोगियों की समय से पहचान करना तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने बाल दिवस के अवसर पर नगर पंचायत डासना भारतीय पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ

गाजियाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के अध्यक्ष पद पर दोबारा जिम्मेदारी मिलने के बाद सतीश शर्मा ने आज 14 नवंबर को अपने दिन की शुरूआत बच्चों के बीच पहुंचकर की। बाल दिवस के अवसर पर जनपद गाजियाबाद की नगर पंचायत डासना स्थित भारतीय पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं बच्चों के प्रिय चाचा



पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी नेहरू को नमन किया तथा उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन एवं उनके विचारों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इसके साथ ही बच्चों के मनोरंजन, रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल मेले एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से अत्यंत स्नेह करते थे बच्चे भी होने चाचा नेहरू कहते थे कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके बच्चों को मिलने वाली शिक्षा, संस्कार, सुरक्षा और अवसरों से तय होती है। आज आवश्यकता है कि हम बच्चों को केवल किताबी शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नैतिक मूल्यों और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि समाज का प्रत्येक बच्चा बेहतर शिक्षा, समान अवसर और उज्ज्वल भविष्य प्राप्त कर सके। चाचा नेहरू के विचारों को आत्मसात करना और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, एडवोकेट अशोक, मास्टर जी, मीना शर्मा, अनिल मास्टर,राजीव शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक गण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भारती पब्लिक स्कूल डासना गाजियाबाद टीचर्स अशोक कुमार मीना शर्मा फैजान उर्वशी काशिफ गुलजार सुहाना अभिषेक भारती हर्षवर्धन विद्यार्थियों के नाम श्याम जुनैद अनमोल अली हसन मोहित शुभम अरशद अवकाश आयशा शबाना तलविन आस मोहम्मद राजा अर्शी मनी माही हामिद अनम खुशी अमन सिंह आयरन रिहान मिया अयान रिहान आदि मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने पैतृक गांव बेढ़म में किया मतदान,छोटे सुपुत्र मनु के साथ पहुंचे मतदान केंद्र, मतदाताओं से घरों से निकलकर मतदान की अपील की

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी डीग / बेढ़म - पंचायत चुनाव-2026 के अंतर्गत चौथे चरण में जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य के निर्वाचन हेतु गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने अपने पैतृक गांव बेढ़म पहुंचकर अपने छोटे सुपुत्र मनु के साथ मतदान किया तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि अपने गांव की मिट्टी, अपने लोगों और अपनी जड़ों से जुड़कर मतदान करना उनके लिए विशेष गर्व एवं आत्मीयता का विषय रहा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव गांवों के विकास, जनकल्याण और ग्रामीण लोकतांत्रिक व्यवस्था को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण अवसर है।

मंत्री ने क्षेत्र के समस्त सम्मानित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साहपूर्वक भाग लें और अपने मताधिकार का विवेकपूर्ण उपयोग करें।

मंत्री ने कहा —

- लोकतंत्र के महापर्व में हर मतदाता अपनी जिम्मेदारी निभाए
- घरों से निकलकर करें मतदान
- जिला प्रमुख से लेकर हर जगह प्रधान भाजपा के बनेंगे

मतदान के दौरान मंत्री ने भाजपा की जीत का दावा भी किया।

पूर्व पार्षद प्रदीप गोयल के पिताजी को दी उनके निवास पर जाकर श्रद्धांजलि, जताया शोक

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -कामां कस्बे की नगरपालिका के पूर्व पार्षद व पूर्व भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल के पिता भगवानदास गोयल के निधन पर शुक्रवार को भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती, मोर्चा के जिलाध्यक्ष याकूब खान, पहाड़ी के पूर्व सरपंच मनोज जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा के अफजल खान सबलाना तथा कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद नगरपालिका, भरतपुर सांसद प्रतिनिधि कामां के चंदन सिंह जाटव, सुनीत पितलिया, मुबारिक तथा गिर्राज शर्मा एडवोकेट ने स्वर्गीय भगवानदास गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



सभी ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

नवनिर्वाचित सरपंच संगीता खंडेलवाल व सरपंच प्रतिनिधि का हुआ भव्य स्वागत-सम्मान

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -कामां उपखण्ड के जुरहरा से नवनिर्वाचित सरपंच संगीता खंडेलवाल पत्नी विष्णु खंडेलवाल जखोकरिया का शुक्रवार को खंडेलवाल वैश्य समाज डीग-भरतपुर ने उनके जुरहरा निवास जाकर स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच संगीता खंडेलवाल तथा सरपंच प्रतिनिधि विष्णु खंडेलवाल जकोखरिया, तोताराम खंडेलवाल, राम खंडेलवाल, अमित खंडेलवाल, जुरेहरा खंडेलवाल समाज अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, महामंत्री नरेश खंडेलवाल व उनके परिवारजनों का दुपट्टा, माला, फेंटा, प्रतीक चिन्ह, शाल भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि विष्णु खंडेलवाल ने समाज हित की बात रखी और कहा कि पंचायत के विकास व समाज के उत्थान के लिए सभी को साथ लेकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्याम तमोलिया, नेमीचंद खंडेलवाल भरतपुर, ओमप्रकाश सितारा वाले, संदीप गांधी, कैलाश नाटाणी अध्यक्ष खंडेलवाल समाज कुम्हेर, कामां खंडेलवाल समाज से खेमराज खंडेलवाल मातुकी वाले व्यवस्था प्रमुख, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष हरप्रसाद नाटाणी, उपाध्यक्ष घनश्याम तमोलिया, महामंत्री शंभु दयाल आंकड़, घनश्याम कोक, सुभाष सोंखिया, संजय सोंखिया, सतीश सोंखिया, ऑडिटर मनमोहन नाटाणी पत्रकार, गोविन्द तमोलिया, पंकज सोंखिया व अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे।



ग्राम पंचायत पथराली के सरपंच एवं प्रतिनिधि का शेखपुर में जोरदार स्वागत

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी कामां -ग्राम पंचायत पथराली की सरपंच आशीरा एवं उनके पति,सरपंच प्रतिनिधि का शेखपुर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व उपसरपंच राहुल खान ने किया। इस दौरान जयकम, गनी, सकूर, तैय्यब, अब्दुल रहमान, हाजी कमरुद्दीन, सरपंच याकूब, जकार, लियाकत, शौकीन, समायदीन, मुश्ताक, मोशम, अंसार, जफर एवं अकरम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वहीं युवा साथियों में अकरम खान, वजीर, सुद्दीन, कासिद, आरिफ, अजूबा, दिलशाद, इन्नुस, शाहिद, आसम, अनवर, साबिर, इब्राहिम, जुबेर, शकील, शमशु एवं वारिस खान सहित अन्य युवाओं ने भी स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर समस्त शेखपुर निवासियों ने सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि का गर्मजोशी से स्वागत किया और आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया।

स्वागत कार्यक्रम में समस्त शेखपुर ग्रामवासी उपस्थित रहे।

चौथे दिन भी चीनी मिल में धरना जारी, मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे किसानों-कर्मचारियों को पुलिस ने रोका

थाने पर पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, हजारों कर्मचारी और किसान पैदल हो चले मुख्यमंत्री को समस्या बताने पुलिस ने रोका

सुनहरा संसार संवाददाता गढ़मुक्तेश्वर

गढ़मुक्तेश्वर। सिंभावली चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू कराने और बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर मिल कर्मचारियों का धरना शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। वहीं, गढ़ गंगा कार्तिक मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर अपनी समस्याएं बताने जा रहे हजारों कर्मचारी और किसानों को पुलिस ने थाने के पास रोक लिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने कर्मचारियों और किसानों को थाने में बैठा लिया। मुख्यमंत्री से मिलने जाने से रोके जाने पर कर्मचारियों और किसानों में नाराजगी दिखाई दी।

सिंभावली शुगर मिल लेबर यूनियन के अध्यक्ष नारायण सिंह के नेतृत्व में मिल कर्मचारी पिछले चार दिनों से मिल परिसर में धरने पर बैठे हैं। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी कुशलपाल के नेतृत्व में हजारों कर्मचारी और किसान मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएं बताने के लिए मिल परिसर से पैदल रवाना हुए। जैसे ही उनका काफिला सिंभावली



थाने के पास पहुंचा, पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने सभी को थाने में बैठा लिया। कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के सामने रखने का अवसर तक नहीं दिया गया।

धरनारत कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मिल प्रशासन की लापरवाही के चलते सिंभावली शुगर मिल के मजदूरों और गन्ना किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना है कि यदि मिल प्रशासन ने समय रहते शासन और संबंधित अधिकारियों से प्रभावी पैरवी की होती तो मिल के गन्ना क्रय केंद्र दूसरी चीनी मिलों को आवंटित होने से बचाए जा सकते थे।

कर्मचारियों ने बताया कि पेराई सत्र 2026-27 के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना आयुक्त की ओर से सिंभावली चीनी मिल को केवल मिल गेट और छह क्रय केंद्र आवंटित किए गए हैं। यह आवंटन मिल की पेराई क्षमता के मुकाबले काफी कम है। इतनी कम मात्रा में गन्ना मिलने से मिल का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि मिल प्रबंधन पर्याप्त गन्ना आवंटन कराने के प्रयास कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मिल को पर्याप्त गन्ना आवंटित कर पेराई सत्र शुरू नहीं कराया गया तो हजारों कर्मचारियों, ठेकेदारों, गन्ना ढुलाई और लदाई से जुड़े श्रमिकों तथा उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने मांग की कि शासन और प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर मिल को पर्याप्त गन्ना आवंटित कराए और बकाया गन्ना भुगतान भी कराया जाए।

धरनारत कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि मांगों का समाधान नहीं होने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर घेराव किया जाएगा। साथ ही गन्ना समिति सिंभावली का घेराव कर कंप्यूटर कार्य बंद कराने की चेतावनी भी दी। कर्मचारी में शासन प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी और निराशा को दर्शाती है।

इस दौरान व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनिल गोपाल भी धरना स्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए अपना समर्थन पत्र सौंपा। धरने में अशोक त्यागी, तेजपाल, शाहिद, अरुण, कृपाल सिंह, दीपक सिंह, हरिओम, अरुण त्यागी, उमेश, नीरज शर्मा, हामिद, मारूफ, कृष्णपाल, राजेंद्र सिंह, योगेश कुमार गौतम, राकेश पंडित, सुरेंद्र, सतवीर, गौरव राठी, विजय कुमार, सचिन चौधरी, पवन त्यागी, सुनील, जिले सिंह, राजकुमार शर्मा, ऋषिपाल, राजीव चौधरी, पवन कुमार, ताहिर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और किसान मौजूद रहे।

कामां की वार्ड 3 में बदला वर्षों से क्षतिग्रस्त बिजली का पोल, टला हादसों का दौर,वार्डवासियों में खुशी, जताया पार्षद का आभार

दैनिक सुनहरा संसार
ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी









कामां -कामां नगरपालिका के वार्ड नंबर 3 के भूमिया बुर्ज चौराहे पर वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा विद्युत पोल आखिरकार बदल दिया गया। इस पोल के बुरी तरह झुक जाने और नीचे से कमजोर हो जाने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। चौराहे से रोजाना सैकड़ों लोग, स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और वाहन गुजरते हैं। हर समय लोगों के मन में यही डर बना रहता था कि कहीं तेज हवा या बारिश में यह पोल गिर न जाए। कई बार वार्डवासियों ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी।

इस बार वार्ड नंबर 3 की पार्षद मंजू शर्मा और उनके पति रिटायर्ड प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा ने इस समस्या को गंभीरता से लिया। दोनों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और लोगों की परेशानी को समझा। इसके बाद पार्षद मंजू शर्मा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 के तहत शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद लगातार अधिकारियों से संपर्क किया गया और फॉलोअप लिया गया। उनकी सक्रियता और निरंतर प्रयासों का ही नतीजा रहा कि जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर काम शुरू किया।

पोल बदलने के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करीब 4 घंटे तक फीडर 4 की सभी विद्युत सप्लाई बंद रखी गई। विद्युत कर्मचारियों ने क्रेन और ट्रैक्टर की मदद से पुराने क्षतिग्रस्त पोल को हटाया और उसकी जगह नया मजबूत पोल लगाया। इसके बाद तारों को व्यवस्थित कर लाइन को सुरक्षित रूप से चालू किया गया। काम के दौरान पार्षद मंजू शर्मा और रामगोपाल शर्मा मौके पर मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे।

नया पोल लगते ही वार्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। अब चौराहे पर आवागमन पूरी तरह सुरक्षित हो गया है। वार्डवासियों ने पार्षद मंजू शर्मा, रामगोपाल शर्मा और विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया। लोगों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह वार्ड की अन्य समस्याओं का भी जल्द समाधान होगा और विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

पोल बदलते ही वार्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा - अब हादसों का दौर थम गया है, चौराहा पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।

सीएम के गृह क्षेत्र में ही खाकी पर सवाल, मतदान के बीच सीओ की कार्यशैली से मचा बवाल

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी भरतपुर -पंचायत समिति चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बीच सीएम भजनलाल शर्मा के गृह क्षेत्र भरतपुर में ही पुलिस की कार्यशैली कठघरे में आ गई है।



14 नवंबर 2026 को जिले की 3 पंचायत समितियों - रूपवास, खानुआ और चिकसाना/चिकोरा में मतदान चल रहा था। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे थे। इसी दौरान ग्रामीण वृत्ताधिकारी (सीओ) की कार्यशैली को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

आमजन का आरोप -

मतदाताओं का आरोप है कि सीओ हाथ में लाठी लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचे और महिला-पुरुष मतदाताओं से दबंगई भरे अंदाज में बात की। लोगों का कहना है कि अधिकारी खुद को एसपी समझते हुए तुगलकी फरमान सुना रहे थे, जिससे मतदान करने आए लोगों में डर और नाराजगी फैल गई।

पत्रकारों से भी बदतमीजी का आरोप -

जब इस मामले में अधिकारी का पक्ष जानने के लिए पत्रकारों ने फोन कॉल किया तो आरोप है कि अधिकारी ने फोन पर भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे मीडिया में भी आक्रोश फैल गया।

वीडियो-ऑडियो जल्द होगा जारी -

सूत्रों के अनुसार मतदान केंद्र पर हुई दबंगई का वीडियो और पत्रकारों से हुई बातचीत की ऑडियो भी जल्द जारी की जाएगी।

सीएम के गृह क्षेत्र में ही इस तरह की घटना ने खाकी की छवि पर सवालिया निशान लगा दिया है। अब सबकी नजर इस पर है कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है।

शनिवार को ब्रजभूमि काम्यवन में श्री बांके बालाजी महाराज मंदिर में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों लोगों ने लिया दर्शन लाभ

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरोचीफ हिमांशु मोदी



कामां -ब्रजभूमि कम्यवन स्थित श्री बांके बालाजी महाराज मंदिर में आज शनिवार को दशानों का लाभ उठाने हेतु देशी - विदेशी भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा.

मंदिर के महंत श्रीनाथ शर्मा ने बताया कि शनिवार कोमंदिर में सैकड़ों भक्तों ने सुंदरकांड, 108 हनुमान चालीसा पाठ, हनुमान सहस्त्रनाम पाठ, अभिषेक, हवन, कीर्तन और मां लक्ष्मी-गणेश आरती कर भव्य दर्शनों का लाभ उठाया.

इस दौरान यूपी, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व अन्य राज्यों व विदेशी भक्तजनों ने हजारों की संख्या में ठाकुर जी के दर्शन किए। पूरे दिन भक्तों का ताता लगा रहा।

शनिवार को सभी की मंगल कामनाएं श्री बालाजी महाराज के श्री चरणों में नमन कर की गईं। प्रभु से प्रार्थना की गई कि हम सबको श्री, समृद्धि, यश, कीर्ति, वैभव तथा ऐश्वर्य के साथ मां लक्ष्मी सुख-संपन्नता, स्वास्थ्य व हर्षोल्लास में वृद्धि करें।

शनिदेव से बचाते हैं हनुमान

हनुमान बालाजी की कृपा से टल जाती है शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या की पीड़ा

शनिदेव को न्याय के देवता कहा जाता है। वे कर्मों के अनुसार फल देते हैं, इसलिए उनसे लोग डरते हैं। लेकिन शास्त्रों में कहा गया है कि जो भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की शरण में जाता है, शनिदेव उसे कभी कष्ट नहीं देते।

क्यों नहीं सताते शनि हनुमान भक्तों को?

कथा के अनुसार एक बार शनिदेव ने हनुमान जी पर अपनी दृष्टि डालने का प्रयास किया, लेकिन हनुमान जी ने उन्हें अपनी पूंछ में लपेटकर चट्टान पर पटक दिया। शनिदेव ने क्षमा मांगी और वचन दिया कि जो भी हनुमान जी की पूजा करेगा, उस पर मेरी कुदृष्टि नहीं पड़ेगी।

इसीलिए कहा जाता है -

"हनुमान भक्त पर शनि की छाया नहीं पड़ती,हनुमान जी क्यों हैं शनि के संकट से रक्षक?

हनुमान जी ने शनिदेव को रावण की कैद से मुक्त कराया था.शनिदेव ने हनुमान जी को वरदान दिया था कि उनके भक्तों को मैं कष्ट नहीं दूंगा.हनुमान जी कलियुग के जागृत देव हैं, उनकी भक्ति से भय, रोग, शत्रु और ग्रहदोष दूर होते हैं

शनिदोष से बचने के लिए क्या करें?

मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें

सुंदरकांड का पाठ करें -इससे साढ़ेसाती का प्रभाव कम होता है.हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल और बूंदी का भोग लगाएं."ॐ हं हनुमते नमः" मंत्र का 108 बार जाप करें.पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाएं*

क्या मिलता है हनुमान भक्ति से?

- शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और महादशा में राहत
- नौकरी, व्यापार और कोर्ट-कचहरी के संकट से मुक्ति
- भय, चिंता, नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा
- साहस, शक्ति और आत्मविश्वास में वृद्धि

अंत में -

शनिदेव दंड देते हैं, लेकिन हनुमान जी रक्षा करते हैं। जो व्यक्ति धर्म, सत्य और हनुमान भक्ति पर चलता है, शनिदेव उसका कभी अहित नहीं करते, बल्कि उसे उन्नति का आशीर्वाद देते हैं।

समाजवादी पार्टी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष विरेन्द्र यादव द्वारा दीपांशु आनंद को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया

राष्ट्रीय सुनहरा संसार आस मोहम्मद ब्यूरो चीफ गाजियाबाद |समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष? अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति से समाजवादी पार्टी जनपद गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव एडवोकेट द्वारा दीपांशु आनंद पुत्र राम सिंह, निवासी इंदरगढ़ी, डासना देहात, डासना, गाजियाबाद को समाजवादी पार्टी में जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला सचिव दीपांशु आनंद को मनोनयन पत्र सौंपकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने आशा व्यक्त की कि दीपांशु आनंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों, सिद्धांतों एवं विचारों को जन-जन तक तथा बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी युवाओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष विरेंद्र यादव एडवोकेट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ताहिर हुसैन, महानगर उपाध्यक्ष मुकेश यादव,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेंद्र सिंह एडवोकेट, जिला सचिव कृष्ण कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राजदेवी चौधरी, किरन चौधरी, नवीन कुमार शर्मा, मनोज चौधरी, नरेंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र सिंह रावत (कार्यकारिणी सदस्य), अरविंद गौतम, मोहम्मद करीम, सचिन, शिवम, मोनू, कैफ, विकास कुमार एवं कलीश पप्पू सहित अन्य समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 : जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक मनीष ने डीग और कुम्हेर के 32 मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

डीग एवं कुम्हेर में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं; मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील

दैनिक सुनहरा संसार ब्यूरो चीफ हिमांशु मोदी



डीग -पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चतुर्थ एवं अंतिम चरण के तहत शनिवार को डीग एवं कुम्हेर पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान जारी रहा। मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर मयंक मनीष ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अऊ के 5, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सैंत के 3, शहीद लखमीचंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तमरेर के 3, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैलारा कलां के 4, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बौरई के 4, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कौरैर के 4, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवई के 3 तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बहज के 6 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में तृतीय चरण के तहत तीन पंचायत समितियों में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद अब चतुर्थ एवं अंतिम चरण में डीग एवं कुम्हेर पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं तथा मतदाताओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों पंचायत समिति क्षेत्रों में कुल 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 8 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 4 एरिया मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। पुलिस बल द्वारा भी नियमित भ्रमण कर मतदान केंद्रों एवं आसपास की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों पंचायत समिति क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से मतदाताओं से अपील की कि वे आज जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के निर्वाचन तथा 16 नवंबर को होने वाले सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के निर्वाचन में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। इस दौरान उपखंड अधिकारी डीग अमित कुमार मीना, उपखंड अधिकारी कुम्हेर भारती भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

छठी मैया

सुनहरा संसार



वेदी पर जलते नन्हे दीप,
नदी को नमन करते ईख।
चलो नदी, ताल, तलैया,
हमें बुलाते छठी मईया के गीत ।
विश्व गुरु यूं हीं नहीं बना देश,
प्रकृति पूजा है भारत की रीत। जल्दी करो, बिस्तर छोड़ो,
मत देखो ठंडक, मत देखो शीत।
झूठ, जलन, नफरत त्यागो,
छठी मईया का मन लोगे जीत। चलो नदी, ताल, तलैया,
हमें बुलाते छठी मईया के गीत ॥

डा. संगीता बलवन्त बिन्द
गाजीपुर ,उ.प्र.

स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, नवंबर में जन्मे बच्चों को किया सम्मानित

सुनहरा संसार सुनील श्रीवास्तव बिझौली



(लखीमपुर)। स्कोरवेल इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर की गई।

बाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से जुड़े प्रसंगों को नाटक, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से मंच पर उतारा। बच्चों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरीं। आयोजन में गायत्री परिवार की ओर से एक अनूठी पहल भी देखने को मिली। नवंबर माह में जन्मदिन वाले विद्यार्थियों को एक साथ मंच पर बुलाकर उनका जन्मोत्सव मनाया गया। बच्चों को उपहार और पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान प्रकृति की रक्षा और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय प्रबंधक सत्यनारायण वर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल भी करे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी पहल से पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने में बड़ी भूमिका निभाई जा सकती है। प्रधानाचार्य लवकेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां भी जरूरी हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

सीता स्वयंवर की कथा सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोटवारा गांव स्थित मां दुर्गा देवी मन्दिर पर हो रही द्वतीय श्रीरामकथा के चौथे दिन शनिवार को कथा व्यास पीयूष दीक्षित महाराज ने रामावतार से आगे विश्वामित्र के यज्ञ रक्षा व सीता स्वयंवर की मनमोहक कथा सुनायी। गुरु विश्वामित्र के साथ स्यंवर देखने पहुंचे राम व लक्ष्मण को देख जनकपुरवासी मोहित हो गए, नगरवासी आपस मे विचार करते हैं यह दोनों भाई सुकुमार हैं धनुहा कैसे तोड़ेंगे। शिवधनुष तोड़ सीता व श्रीराम के विवाह के साथ ही चारों भाइयों का विवाह हुआ, राजा जनक ने एक साथ चार पुत्रियों को विदा किया।इस भावुक प्रसंग को सुन यजमान राजकुमार मिश्रा सहित मौजूद सभी श्रोतागण अपनी सुधबुध खो जनकपुरवासी बन गए और इस आनन्ददायिनी कथा का रसपान किया। मिथलेश मिश्रा, लव मिश्रा, हिमांशु दीक्षित राहुल मिश्रा, शिव पूजन शर्मा, अर्पित दीक्षित, अनूप, राम प्रकाश सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

खीरी थाना दिवस में जनसुनवाई हुई: दूसरे शनिवार को लेखपाल और जमीन विवाद से जुड़े लोग पहुंचे



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

खीरी थाने में माह के दूसरे शनिवार को थाना दिवस पर जनसुनवाई हुई। इसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने की। मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिसकर्मी और नगर पंचायत के कमचारी मौजूद रहे। बैठक में ग्रामीण और शहरी इलाकों के जमीन विवादों पर बात हुई। बताया गया कि क्षेत्र में छोटी-मोटी घटनाओं की जानकारी मिलने पर लेखपाल तुरंत ध्यान देते हैं। थाना प्रभारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम चल रहा है और अब तक दो शिकायतें मिली हैं। उन्होंने शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण सुरेश ने कहा कि थाना दिवस पर लोगों को फायदा होता है, क्योंकि क्षेत्र के सभी लेखपाल थाने में मिल जाते हैं।

गोला के कृषक समाज इंटर कॉलेज में बाल मेले का उद्घाटन: पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने फीता काटा; विद्यार्थियों ने खानपान, आर्ट और क्राफ्ट के स्टॉल लगाए



सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

गोला गोकर्णनाथ के कृषक समाज इटर कालेज, मे 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर बाल मेले का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने खानपान, आर्ट और क्राफ्ट के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र का आनावरण और माल्यापण करके की। विद्यार्थियों ने गीत, कविता और भाषण पेश किए। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने नेहरू के जीवन और काम के बारे में बताया। प्रज्ञा रश्मि ने बच्चों को बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को चाचा नेहरू क्यों कहा जाता है। इसके बाद रवि प्रकाश वर्मा ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने अपने स्टॉल खद चलाए। मेले में खानपान और कला एवं हस्तशिल्प की वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए। रवि प्रकाश वर्मा ने कहा कि बाल मेले का मकसद बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देना और उनके विकास के लिए आनंदमय माहौल देना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे देवेंद्र सिंह ने कहा कि नेहरू ने स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत की लोकतांत्रिक नींव, औद्योगिक विकास और वैश्विक पहचान मजबूत करने में योगदान दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के उपमंत्री विनोद चंद्र मिश्रा, मयंक दीप नयन, उपप्रधानाचार्य लखपति भारती, डॉ. अनिल कुमार, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। मेले के आयोजन में शिक्षक मनीष राज सिंह, अनिल कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार, आरती गप्ता और पनम वर्मा ने योगदान दिया।

भाजपा जिला बैठक में मतदाता अभियान पर जोर, विधानसभा प्रभारी घोषित



सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

लखीमपुर खीरी। भाजपा जिला कार्यालय पर जिला बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक रहे, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में 36 साल बाद किसी दल की सरकार दोबारा बनी तो वह भाजपा की योगी सरकार थी। कार्यकताओं से पार्टी के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और सुख-दुख में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने छूटे हुए युवाओं और महिलाओं को मतदाता बनाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि विशेष मतदाता अभियान 21-22 नवंबर को पूरे जिले में चलाया जाएगा। बैठक में विधानसभा प्रभारियों की घोषणा भी हुई।

विधानसभा प्रभारी:
कस्ता - अजय गुप्ता
गोला - राहुल जायसवाल
धौरहरा - विष्णु मौर्य
निघासन - लोकेश मिश्रा
लखीमपुर - रमाकांत मिश्रा
मोहम्मदी - अभय शंकर शुक्ला

बैठक में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मंजू त्यागी, अमन गिरी, विनोद शंकर अवस्थी, सौरभ सिंह सोनू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

लायंस क्लब गोला के सहयोग से गौशाला में हुआ गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के कुम्हारन टोला स्थित श्री धमार्दा समिति गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी महोत्सव के चौथे दिन लायंस क्लब गोला के सहयोग से गौवंश स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक, उत्तर प्रदेश सुर्जन लाल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सक्सेना ने गौमाता का पूजन कर किया।

इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित मिश्रा ने गौशाला में मौजूद सभी 120 गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण किया। परीक्षण में सभी गौवंश स्वस्थ पाए गए। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित मिश्रा ने गौवंश को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू और लंपी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर टीकाकरण कराना आवश्यक है। इसके साथ ही गौवंश को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए नियमित रूप से कृमिनाशक दवा (डीवॉर्मिंग) देनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए बच्चों एवं वयस्क गौवंश को लगभग प्रत्येक 30 दिन में दवा देने की सलाह दी। इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष तनुज भसीन, सचिव नीरज गुप्ता, सदस्य ललित विश्वास, राहुल गुप्ता, विजय सक्सेना, शिव गोपाल गुप्ता, श्याम राजपूत, तुषार अग्रवाल, श्याम सिंह कुशवाहा, डॉ. राम औतार यादव, नगर महामंत्री भाजपा धीरज बाजपेयी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंभी रविन्द्र कटियार, राम कुमार वर्मा, विजय प्रकाश मिश्रा, लवकुश अवस्थी, सुरेन्द्र वर्मा, शत्रोहन मिश्रा, हिमांशु सिंह, काके सहगल एवं विमलेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य का कस्बा खीरी में भव्य स्वागत



सुनहरा संसार अशफी खान

लखीमपुर-खीरी। कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य शुक्रवार को कस्बा खीरी पहुंचे, जहां उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कस्बा खीरी में मकदूम साहब की मजार के निकट मैदान में आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता समेत भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता शहनवाज अरशद की ओर से किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके उद्देश्यों से अवगत कराते हुए पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम के समापन के बाद बृजेश कुमार मौर्य युवा नेता शहनवाज अरशद के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने कस्बे के कई लोगों से मुलाकात कर बातचीत की।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के प्रति लोगों ने अपनी आस्था व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की इच्छा जताई है और पार्टी में सभी का स्वागत है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में लोग ?

एसएसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी



लखीमपुर खीरी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को कोतवाली सदर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान थाने पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लिया जाए। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस और संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी मामलों का समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करें। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस दौरान जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल के थानों पर मौजूद रहे। कोतवाली सदर समेत जिले के अन्य थानों में भी थाना समाधान दिवस आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी गईं और उनके निस्तारण की कार्रवाई की गई।

नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग, गौवंश के संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ। अठारहवें गोपाष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में तीसरे दिन श्री धमार्दा समिति गौशाला में गोला टूरिज्म संगठन (श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा संचालित) के तत्वावधान में गौ ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए गौवंश, भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं गौसंरक्षण से जुड़े अपने ज्ञान और समझ का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति में गौमाता के महत्व, गौवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं सेवा के प्रति जागरूक करना तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से जोड़ना रहा। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को गौमाता के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पारंपरिक महत्व से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों से परिचित होने का अवसर मिला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं जिज्ञासा के साथ सहभागिता की। प्रतियोगिता के प्रश्नों के माध्यम से गौमाता के भारतीय जनजीवन में स्थान, प्राचीन भारतीय परंपराओं, गौशालाओं की भूमिका, गौसेवा तथा गौवंश के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। इस प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के साथ-साथ अपनी संस्कृति, परंपराओं एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं। इस अवसर पर गोला टूरिज्म संगठन के अध्यक्ष श्री विनायक श्रीवास्तव, सचिव इं. मिलिंद शुक्ल, प्रबंधक श्री प्रेम गुप्ता, संगठन मीडिया समन्वयक एवं प्रभारी श्री विशेष दीक्षित तथा क्रिएटर्स क्लब के सदस्य श्री विपिन राज की विशिष्ट उपस्थिति रही। उपस्थित पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। गौवंश का संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं सामाजिक जीवन से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए आवश्यक है कि बाल्यावस्था से ही विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति जागरूक किया जाए। इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' ने कहा कि गोपाष्टमी महोत्सव जैसे आयोजन समाज को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी में सेवा, संवेदना एवं संरक्षण की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। गोला टूरिज्म संगठन निरंतर बड़े स्तर पर इतिहास, संस्कृति, कला, पर्यटन एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नगर की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने का का कर रहा है। गौ ज्ञान प्रतियोगिता भी इसी उद्देश्य की एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को जानना, समझना और उसका संरक्षण करना प्रत्येक पीढ़ी का दायित्व है। गोपाष्टमी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन के साथ-साथ भारतीय परंपराओं के प्रति अपनी समझ को और अधिक विकसित करने का अवसर प्रदान किया।

लखीमपुर खीरी के बेल खुर्द मे मां की मौत के 24 घंटे बाद बेटे ने किया सुसाइड:

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान

लखीमपुर खीरी के बेल खुर्द गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां मां के निधन का सदमा न सह पाने के कारण 21 वर्षीय बेटे ने भी आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, युवक ने अपनी दिवंगत मां की ही साड़ी से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिनों के भीतर मां और बेटे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है मृतक के भाई रमेश कुमार ने शनिवार, 14 नवंबर को बताया कि उनकी मां पिछले कुछ समय से सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। उपचार के बावजूद 12 नवंबर को उनका निधन हो गया था। मां की मौत के बाद से ही सात भाई-बहनों में सबसे छोटा सुनील कुमार (21) गहरे सदमे में था और बेहद दुखी रहता था। वह किसी से ज्यादा बातचीत भी नहीं कर रहा था। मां का कमरा बद कर करा सुसाइड रमेश ने बताया कि 13 नवंबर की शाम को सुनील अचानक अपनी मां के कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। युवक को फंदे पर छटपटाते हुए देखा परिजनों ने आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल, लखीमपुर लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि शनिवार को ही परिवार में दिवंगत मां की अस्थियां चुनने की रस्म अदा की जानी थी, लेकिन उससे पहले ही छोटे बेटे की अर्थी उठने की नौबत आ गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

अब्दुल्ला नगर चौराहे पर सफाई कर्मियों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

सुनहरा संसार मंडल ब्यूरो शीरी जैदी

पिहानी (हरदोई)। कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर चौराहे पर दिनदहाड़े दो सफाई कर्मियों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। मारपीट के दौरान एक सफाई कर्मी ने दूसरे के सिर पर डंडे और तसले से ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल मोती वाल्मीकि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जाता है कि आरोपी सफाई कर्मी सरेहजू क्षेत्र का निवासी है, जबकि मृतक मोती वाल्मीकि अब्दुल्ला नगर का रहने वाला था। चौराहे पर हुई वारदात के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण सिंह और हलका प्रभारी गौरव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जानकारी जुटाई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस आरोपी की तलाश और घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

रजि. नंबर RNI N0. UPHIN/2005/24731, प्रकाशक उमा सिंह व प्रधान संपादक राघवेन्द्र सिंह जादौन, उमा प्रिंटिंग प्रेस पंजीकृत कार्यालय इंदिरा नगर टूंडला चौराहा टूंडला फिरोजाबाद से प्रकाशित।
प्रधान कार्यालय एसबी/64 सेक्टर 70 नोयडा उत्तर प्रदेश- 9412162614। Email- sunharasansar@gmail.com, सभीवाद -विवादों का निपटारा आगरा न्यायालय में होगा।

एटा पुलिस के बहादुर ट्रैकर श्वान ह्यजिवह्न को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, पुलिसकर्मियों की आंखें हुई नम



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। जनपद एटा पुलिस के डॉग स्क्वाड में तैनात बहादुर ट्रैकर श्वान जिव का बीमारी के चलते 13 नवंबर की रात्रि निधन हो गया। शनिवार को पुलिस लाइन एटा में जिव को राजकीय सम्मान के साथ भावभीनी अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दी और उसकी बहादुरी, निष्ठा तथा सेवाभाव को याद किया।पुलिस विभाग के अनुसार ट्रैकर श्वान जिव ने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा और साहस के साथ पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। जनपद में घटित कई महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं के सफल अनावरण में उसका महत्वपूर्ण योगदान रहा। अपनी सूंघने की अद्भुत क्षमता और प्रशिक्षण के बल पर उसने पुलिस टीम को कई मामलों में महत्वपूर्ण सुराग उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाई।शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने जिव को पुष्पांजलि अर्पित कर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। माहौल उस समय भावुक हो गया, जब पुलिसकर्मियों ने अपने इस वफादार साथी की सेवाओं और बहादुरी को याद किया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्वेताभ पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री सुनील एहलावत सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।एटा पुलिस परिवार ने बहादुर ट्रैकर श्वान जिव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उसकी निष्ठा, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता को सदैव याद रखा जाएगा। जिव भले ही आज उनके बीच नहीं है, लेकिन पुलिस विभाग के लिए उसके योगदान और वफादारी की स्मृतियां हमेशा जीवित रहेंगी।

मंदिर चोरी की घटना का जलेसर पुलिस ने किया पदार्फाश, अवैध तमंचा-कारतूस और चोरी के सामान सहित एक आरोपी गिरफ्तार



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। जनपद की जलेसर थाना पुलिस ने मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी किए गए पूजा के बर्तन, दान पेटिका और 865 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार, बीती 2 नवंबर 2026 की रात्रि में अज्ञात चोर ने समसपुर रोड स्थित मंदिर को निशाना बनाते हुए पूजा के बर्तन और दान पेटिका चोरी कर ली थी। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जलेसर में मुकदमा अपराध संख्या 433/26, धारा 305(डी) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा डॉ. इलामारन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सच्चिदानंद एवं अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्वेताभ पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जलेसर श्री ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना के अनावरण में जुटी थी। इसी क्रम में जलेसर पुलिस ने कलवारी रोड स्थित नींबू के बाग वाले मंदिर के पास से अभियुक्त मुख्तयार उर्फ मुस्ताक उर्फ मुखतल्ला उर्फ बाजीगर पुत्र मकबूल खां निवासी नगला मेवातियान, थाना अवागढ़, एटा को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, 315 बोर का एक जिंदा कारतूस, 865 रुपये, एक तांबे का लोटा तथा चोरी की दान पेटिका बरामद की है। बरामदगी के आधार पर पंजीकृत मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस एवं धारा 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोतरी करते हुए पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार दीक्षित, उपनिरीक्षक रविराज तथा कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा हुआ है।

घड़साना पंचायत चुनाव 2026: ग्राम पंचायत 2GD में अंतवीर कौर गिल के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, दस जगह केलों, सेव व मिठाइयों से तोला

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना ग्राम पंचायत 2GD में सरपंच प्रत्याशी अंतवीर कौर गिल पत्नी संदीप सिंह गिल के समर्थन में सर्व समाज एकजुट नजर आ रहा है। जनसंपर्क के दौरान दस अलग-अलग स्थानों पर संदीप सिंह गिल को केलों, सेव और मिठाइयों से तोलकर भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। संदीप सिंह गिल ने कहा कि उनका लक्ष्य ग्राम पंचायत 2GD को श्रीगंगानगर जिले की सबसे सुंदर पंचायत बनाना है। उन्होंने कहा– "पंजाब जैसी सरपंची अब ग्राम पंचायत 2GD में देखने को मिलेगी।" वहीं समर्थकों ने कहा– "विकास का दूसरा नाम केवल और केवल संदीप सिंह गिल।"

समेजा में जिला परिषद एवं पंचायत समिति मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ



सतवीर सिंह मेहरा

समेजा कोठी। शनिवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति हेतु मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।मतदान के प्रति मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।सुबह से मतदान के लिए लम्बी लम्बी लाइनें लग गई थी जो मतदान समय तक चली। कानून व्यवस्था में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।मौके पर ड्यूटी एडीएम ने पोलिंग बूथ पर व्यवस्था को जाँचा और मतदान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी कर्मचारियों को दिये।

मां गोमती शिक्षण संस्थान में बच्चों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों के बनाये मॉडलों ने खींचा सबका ध्यान

सुनहरा संसार,अनुराग मिश्र



गोला गोकर्णनाथ खीरी। ब्लाक कुंभी के कस्बा अजान स्थित मां गोमती शिक्षण संस्थान में बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 5 तक के प्राथमिक वर्ग और कक्षा 6 से 8 तक के जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यअतिथि पूर्व विधायक विनय तिवारी एवं सुधीर कनौजिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अमित कुमार और प्रधानाचार्य दल सिंह ने मुख्यअतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पूर्व विधायक विनय तिवारी ने सभी मॉडलों की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के वैज्ञानिक बनकर क्षेत्र और अपने परिजनों का नाम रोशन करेंगे। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास और नई चीजें सीखने की जिज्ञासा विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय संचालकों को ऐसे आयोजन के लिए साधुवाद दिया और विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के लिए तैयार करने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहना की। विज्ञान मेला दो वर्गों में आयोजित हुआ। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने न्यूरॉन, ऑटोमेटिक वाटर मशीन, विंड मिल, हाइड्रोजन गैस, डिफेंस मिसाइल लांचर एवं एयर क्लीनर जैसे आकर्षक और ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। वहीं प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने ड्रिप इरिगेशन, लेयर्स ऑफ अर्थ, लाइट हाउस, वाटर ट्रीटमेंट, वाटर साइकिल एवं ज्वालामुखी जैसे मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान देना और उन्हें अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। प्रदर्शनी में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अतिथियों को अपने-अपने मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर चंद्रिका प्रसाद वर्मा, जय प्रकाश अवस्थी, अशोक शुक्ला, विपिन यादव, श्रीचन्द्र शुक्ला, अरविंद वर्मा, संतराम वर्मा, अशोक मिश्रा, प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

विनोद तिवारी बने ऐक्शन पार्टी के लखीमपुर खीरी के जिलाध्यक्ष, संगठन में दौड़ी खुशी की लहर

मोहम्मद सईद तहसील प्रभारी गोला सुनहरा संसार दैनिक समाचार पत्र



गोला लखीमपुर खीरी। ऐक्शन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संगठन को और अधिक धार देने और जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। पार्टी रामलीला मैदान मोहम्मदी निवासी ऊजार्वान नेता विनोद तिवारी को जनपद लखीमपुर खीरी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में भारी उत्साह का माहौल है।

?जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद विनोद तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवीन्द्र मिश्रा, ऐप्जा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के प्रति अपना हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री तिवारी ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि नेतृत्व ने जो अटूट विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर खरा उतरने के लिए मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ काम करूंगा। संगठन को मजबूत करना और आम जनहित के मुद्दों को पूरी प्रमुखता के साथ जमीन पर उतारना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी ने जिले के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, ऊजार्वान कार्यकताओं और शुभचिंतकों का भी उनके निरंतर स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि आइए,

हम सब मिलकर पार्टी की नीतियों और जनहित के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा समाज में एक सकारात्मक बदलाव की इस मुहिम को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर ऐप्जा के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, तहसील अध्यक्ष रामनिवास दीक्षित व विशाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

टीडीपीएस के बाल मेले में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक, खेलों और व्यंजनों का उठाया भरपूर आनंद

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को टीडी पब्लिक स्कूल (टीडीपीएस), अलीगंज में बाल मेला-2026 का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। मेले में विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। रंग-बिरंगे स्टॉल, स्वादिष्ट व्यंजन, आकर्षक खेल, झूले और मनोरंजक गतिविधियों से पूरा विद्यालय परिसर उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विवेक यादव ने किया।बाल मेले में विद्यार्थियों के मनोरंजन के साथ-साथ उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों से सजे खाद्य पदार्थों के स्टॉल आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। बच्चों ने मनपसंद पकवानों का स्वाद लेने के साथ विभिन्न खेलों और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने झूलों और खेलकूद का भरपूर आनंद लिया। अपने सहपाठियों के साथ मस्ती करते बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया।मेले का विशेष आकर्षण प्रतिभा प्रदर्शन कार्यक्रम रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने शूटिंग और घुड़सवारी सहित विभिन्न गतिविधियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इन रोमांचक गतिविधियों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, उत्साह और प्रतिभा की उपस्थित लोगों ने सराहना की। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने और नई चीजें सीखने का अवसर मिला।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां भी अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करते हैं।उन्होंने कहा कि टीडीपीएस, अलीगंज में बाल मेले जैसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहयोग, सामूहिक कार्य, उद्यमिता और नेतृत्व क्षमता जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास करना है। जब बच्चे स्वयं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता भी मजबूत होती है।बाल मेला विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा पहचानने, नए अनुभव प्राप्त करने और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का बेहतर मंच साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर मेले का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

खेत की जुताई के दौरान मिट्टी में दबी मिली नवजात बच्ची, किसान दंपती ने बचाई जान; बेटी बनाकर पालने की जताई इच्छा

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



अलीगंज (एटा)। जाको राखे साइयां, मार सके न कोय की कहावत अलीगंज क्षेत्र के लुहारी खेड़ा गांव के नगला बंजारा में शनिवार सुबह उस समय चरितार्थ हो गई, जब गेहूं की बुवाई के लिए खेत की जुताई करा रहे किसान दंपती को मिट्टी में दबी एक नवजात बच्ची मिली। घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच जिंदगी और मौत से जूझ रही मासूम के मुंह में मिट्टी भरी हुई थी। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर किसान दंपती तत्काल मौके पर पहुंचे और उसे मिट्टी से बाहर निकालकर नया जीवन देने का प्रयास किया। आनन-फानन में बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार शुरू किया। उपचार के बाद बच्ची की हालत में सुधार बताया जा रहा है।इस हृदयविदारक घटना के बीच इंसानियत की एक भावुक कर देने वाली तस्वीर भी सामने आई है। छह बेटों के पिता किसान जितेंद्र सिंह और उनकी पत्नी रीना देवी ने नवजात बच्ची को अपनी बेटी मानकर उसका पालन-पोषण करने की इच्छा जताई है। वहीं, बाल संरक्षण विभाग ने बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही है।खेत की जुताई के दौरान सुनाई दी रोने की आवाज, मिट्टी में दबी मिली मासूम जानकारी के अनुसार नगला बंजारा निवासी किसान जितेंद्र सिंह ने अपने चाचा शिवराम का खेत बटाई पर ले रखा है।शनिवार सुबह गेहूं की बुवाई की तैयारी के लिए खेत की जुताई कराई जा रही थी। इस दौरान उनकी पत्नी रीना देवी भी खेत पर मौजूद थीं। सुबह घना कोहरा छाया हुआ था और कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। तभी अचानक खेत में जुताई के दौरान उन्हें किसी नवजात के रोने की आवाज सुनाई दी।आवाज सुनकर दंपती उस दिशा में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। मिट्टी के अंदर एक नवजात बच्ची दबी हुई थी। उसका पूरा शरीर मिट्टी से सना था और मुंह में भी मिट्टी भरी हुई थी। दंपती ने बिना देर किए बच्ची को बाहर निकाला और उसे सुरक्षित घर पहुंचाया। इसके बाद राजा का रामपुर पुलिस की सहायता से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज ले जाया गया।हाइपोथर्मिया से जूझ रही थी नवजात, एनआईसीयू में शुरू हुआ उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में तैनात चिकित्सक डॉ. श्वेता राजपूत ने बताया कि नवजात बच्ची को अस्पताल लाए जाने पर परीक्षण किया गया तो उसका शरीर अत्यधिक ठंडा मिला। बच्ची हाइपोथर्मिया यानी शरीर का तापमान सामान्य से काफी कम होने की स्थिति से पीड़ित थी। चिकित्सकीय आवश्यकता को देखते हुए उसे एनआईसीयू में भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गया। चिकित्सकों की निगरानी में उपचार मिलने के बाद बच्ची की हालत में सुधार हुआ है।फिलहाल उसकी स्थिति ठीक बताई जा रही है और चिकित्सकीय निगरानी जारी है। मामले की जानकारी बाल कल्याण समिति को भी दे दी गई है।छह बेटों के बाद बेटी मिलने से भावुक हुईं रीना, बोलीं- ईश्वर ने इसे मेरे लिए भेजा है।मासूम को मिट्टी से निकालकर अस्पताल पहुंचाने वाली रीना देवी की भावुकता हर किसी का ध्यान खींच रही है। उन्होंने बताया कि उनके छह बेटे हैं और परिवार में कोई बेटी नहीं है। बेटी की चाहत उनके मन में हमेशा से रही है। नवजात बच्ची को देखकर उनका मन भर आया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि ईश्वर ने इस बच्ची को उनके लिए ही भेजा है। वह उसे अपनी लाडली बेटी की तरह रखना और उसका पालन-पोषण करना चाहती हैं। दंपती की इस इच्छा से परिवार के अन्य सदस्य भी भावुक हैं।बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश होगी बच्ची, चाइल्ड हेल्पलाइन के संरक्षण में रहेगी चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी ज्योति शर्मा ने बताया कि नवजात बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। समिति के निर्देशानुसार उसके संरक्षण, भविष्य और अन्य आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। तब तक बच्ची चाइल्ड हेल्पलाइन के संरक्षण में रहेगी। नियमानुसार ही उसके भविष्य को लेकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।आखिर कौन है वह, जिसने नवजात को खेत में मरने के लिए छोड़ दिया?यह घटना कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। आखिर किसने इस मासूम को जन्म के बाद खेत की मिट्टी में दबाकर छोड़ दिया? किन परिस्थितियों में नवजात को इस तरह बेसहारा किया गया?

सरस्वती विद्या मंदिर में बाल दिवस पर रंगारंग प्रतियोगिताओं की धूम, बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा की छटा



सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक

एटा। बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विविध सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।विद्यालय परिसर दिनभर बच्चों की प्रस्तुतियों और तालियों की गूंज से उत्सवमय बना रहा।कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला, हस्तशिल्प, नृत्य, गायन, वादन, मिमिक्री, अभिनय, नीति के दोहे तथा विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कला, संगीत, अभिनय और रचनात्मक कौशल से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विशेष रूप से मिमिक्री एवं नीति के दोहों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।इस अवसर पर शैक्षिक प्रमुख प्रेमचंद ने विद्यार्थियों को बाल दिवस के महत्व से परिचित कराते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा को निखारना, उन्हें संस्कारवान बनाना तथा उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका रजत कुमार बघेल, गार्गी उपाध्याय, अंजू वार्ष्णेय, चारु वार्ष्णेय, कामिनी राठी, शिवांगी गुप्ता, श्वेता जैन, सुमन वार्ष्णेय, स्वाती भारद्वाज, सोनिका उपाध्याय एवं डॉ. योगेंद्र सिंह ने निभाई।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय अध्यक्ष वीरेंद्र वार्ष्णेय, प्रबंधक अतुल राठी, कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश सक्सेना, प्रधानाचार्य एवं सिटी कोऑर्डिनेटर राजीव गुप्ता, उपप्रधानाचार्य संजीव कुमार मिश्रा तथा प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ. अरुण राजोरिया सहित समस्त विद्यालय परिवार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्राथमिक जांच में पांच बिंदुओं पर मिलीं अनियमितताएं, अंतिम रिपोर्ट में सिर्फ एक का उल्लेख

सुनहरा संसार ब्यूरो पवन पाठक



जलेसर (एटा)। स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत बेरनी में विकास कार्यों एवं सरकारी धन के उपयोग में कथित अनियमितताओं का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। प्राथमिक जांच में पांच बिंदुओं पर अनियमितताएं सामने आने के बाद अंतिम जांच आख्या में केवल एक बिंदु का उल्लेख किए जाने से जांच प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। इस संबंध में शिकायतकर्ता प्रत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर पूरे प्रकरण के साथ-साथ जांच अधिकारी की भूमिका की भी उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों तथा सरकारी धन के उपयोग को लेकर की गई शिकायत की प्राथमिक जांच में पांच बिंदुओं पर अनियमितताएं पाई गई थीं। इसके बावजूद अंतिम जांच आख्या में केवल एक बिंदु पर ही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। शेष चार बिंदुओं को जांच में शामिल नहीं किए जाने से जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ने प्राथमिक जांच और अंतिम जांच आख्या का तुलनात्मक परीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही पांचों बिंदुओं से संबंधित मूल अभिलेखों, भुगतान विवरण, बिल-वाउचर एवं अन्य साक्ष्यों की दोबारा गहनता से जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अंतिम जांच करने वाले अधिकारी श्रम उपायुक्त (रोजगार), एटा की भूमिका की भी जांच कराए जाने की मांग उठाई है।शिकायतकर्ता ने मांग की है कि प्रकरण की जांच किसी निष्पक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी से कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही सरकारी धन के दुरुपयोग अथवा वित्तीय क्षति की पुष्टि होने पर संबंधित धनराशि की वसूली भी सुनिश्चित कराई जाए।शिकायतकर्ता के अनुसार, प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी एटा कार्यालय की ओर से कार्रवाई के लिए निर्देश भी अंकित किए गए थे। इसके बावजूद उनका आरोप है कि जांच अधिकारी ने जिलाधिकारी के निदेर्शों का अपेक्षित अनुपालन नहीं किया। अब शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित कराने तथा पूरे मामले की नए सिरे से उच्चस्तरीय जांच कराने की गुहार लगाई है।

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की संयुक्त बैठक एमआईएम के बुंदेलखंड कार्यालय में संपन्न, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर

एएच सिद्दीकी



झांसी सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की संयुक्त बैठक एमआईएम के बुंदेलखंड कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रभारी सैयद सादिक अली एवं आजाद समाज पार्टी के मुख्य मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार आजाद की मौजूदगी में संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यकताओं से कहा गया कि हर बूथ पर संगठन की पकड़ मजबूत की जाए और लोगों को सामाजिक परिवर्तन मोर्चा की विचारधारा से जोड़ा जाए। बैठक के दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक में मिशन 2027 के लक्ष्य को लेकर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही शिक्षा और चिकित्सा को निःशुल्क किए जाने की भी बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा आम जनता की बुनियादी जरूरत है, जिसे निःशुल्क किया जाना चाहिए। गरीब और वंचित वर्ग को इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा। संगठन का लक्ष्य सामाजिक न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बदलाव लाना है।

इस दौरान अली अहमद कुरैशी मुख्य संगठन मंत्री, अहमद पहलवान बब्बू मंडल प्रभारी भाईचारा ,जिला प्रभारी असईया गौतम, अतहार अली जिला प्रभारी, ललितपुर जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी, नीरज अहिरवार जिला उपाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष नवीवकस बबलू आजाद, शानू खान विधानसभा अध्यक्ष, नदीम राजा सोशल मीडिया प्रभारी बुंदेलखंड, पूर्व नगर अध्यक्ष आजाद खान, वरिष्ठ नेता अमजद मंसूरी, समीर कुरैशी नगर अध्यक्ष, राशिद कुरैशी दोनों ही संगठनों के जिला महानगर के सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीकेडी कॉलेज में बाल दिवस एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

एएच सिद्दीकी



झांसी। बुंदेलखंड महाविद्यालय, झांसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 14 नवंबर, 2026 को बाल दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. एल.सी. साहू ने की। बाल दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों ने अपनी रचनात्मक एवं नैसर्गिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गायन, वाद-विवाद तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में यातायात कार्यालय, झांसी के प्रभारी निरीक्षक श्री प्रदीप कुमार यादव एवं कांस्टेबल श्री सुंदर सिंह ने स्वयंसेवकों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. एल.सी. साहू ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता को प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामनारायण, डॉ. रामानंद एवं डॉ. आकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

घड़साना पंचायत चुनाव 2026: ग्राम पंचायत 6DD में संतोष कंवर के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, सर्व समाज ने एकजुट होकर दिया समर्थन

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना पंचायत चुनाव 2026 को लेकर ग्राम पंचायत 6DD में सरपंच प्रत्याशी संतोष कंवर पत्नी पवन सिंह के समर्थन में जनसैलाब उमड़ रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी के बीच सर्व समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान समर्थकों ने पवन सिंह जिंदाबाद के नारों से चुनावी माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत को बेहतर बनाने, मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से संतोष कंवर को समर्थन दिया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा– "अबकी बार सबका भरोसा संतोष कंवर पत्नी पवन सिंह के साथ।"

ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद हेतु दिनेश भांभू ने पेश की प्रबल दावेदारी, क्षेत्र में तेज हुआ जनसंपर्क अभियान

घड़साना/ महेन्द्र पाल मेघवाल



पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी के रूप में दिनेश भांभू ने अपनी सशक्त और प्रबल दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी सकारात्मक सोच, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उनकी उम्मीदवारी को बेहद मजबूत माना जा रहा है। चुनावी रण में उनके उतरने से स्थानीय समर्थकों और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

साफ-सुथरी छवि और मजबूत जनाधार

जनसेवा में सक्रियः दिनेश भांभू लंबे समय से ग्राम पंचायत नहारावाली के सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। हर वर्ग से मधुर संबंधः ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और हर सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी एक ईमानदार और संघर्षशील नेता के रूप में पहचान है। सघन जनसंपर्क अभियानः ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चकों और ढाणियों में दिनेश भांभू के पक्ष में डोर-टू-डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बुजुर्गों का आशीर्वाद व युवाओं का जोशः स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं का मानना है कि पंचायत के चौमुखी विकास और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए दिनेश भांभू जैसा शिक्षित और ऊजार्वान नेतृत्व बेहद जरूरी है। सर्वसमाज के लोग उन्हें जीत का आशीर्वाद और खुला समर्थन दे रहे हैं। अपनी दावेदारी और विजन को लेकर सरपंच प्रत्याशी दिनेश भांभू ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य ग्राम पंचायत नाहारावाली को विकास के पथ पर अग्रसर करना और इसे एक आदर्श पंचायत बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में पारदर्शिता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत की देवतुल्य जनता उन्हें सेवा का अवसर जरूर देगी।

ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद हेतु साहबराम कुकणा ने पेश की प्रबल दावेदारी, क्षेत्र में तेज हुआ जनसंपर्क अभियान

घड़साना/ महेन्द्र पाल मेघवाल



पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत नाहारावाली से सरपंच पद के प्रत्याशी के रूप में साहबराम कुकणा ने अपनी सशक्त और प्रबल दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी सकारात्मक सोच, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उनकी उम्मीदवारी को बेहद मजबूत माना जा रहा है। चुनावी रण में उनके उतरने से स्थानीय समर्थकों और युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जनसेवा में सक्रियः साहबराम कुकणा लंबे समय से ग्राम पंचायत नहारावाली के सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। हर वर्ग से मधुर संबंधः ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और हर सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी एक ईमानदार और संघर्षशील नेता के रूप में पहचान है। सघन जनसंपर्क अभियानः ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चकों और ढाणियों में साहबराम कुकणा के पक्ष में डोर-टू-डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। बुजुर्गों का आशीर्वाद व युवाओं का जोशः स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं का मानना है कि पंचायत के चौमुखी विकास और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए साहबराम कुकणा जैसा शिक्षित और ऊजार्वान नेतृत्व बेहद जरूरी है। सर्वसमाज के लोग उन्हें जीत का आशीर्वाद और खुला समर्थन दे रहे हैं। अपनी दावेदारी और विजन को लेकर सरपंच प्रत्याशी साहबराम कुकणा ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य ग्राम पंचायत नाहारावाली को विकास के पथ पर अग्रसर करना और इसे एक आदर्श पंचायत बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में पारदर्शिता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत की देवतुल्य जनता उन्हें सेवा का अवसर जरूर देगी।

घड़साना पंचायत चुनाव 2026: ग्राम पंचायत 3-4 RSM देसली में संतरों देवी के पक्ष में उमड़ा जनसमर्थन, ग्रामीणों ने पगड़ी व माला पहनाकर किया स्वागत

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना। पंचायत समिति घड़साना की ग्राम पंचायत 3-4 RSM देसली में सरपंच पद की उम्मीदवार संतरों देवी पत्नी ताराचंद मेघवाल को चुनाव प्रचार के दौरान ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान ग्राम पंचायत वासियों ने पगड़ी व माला पहनाकर उनका स्वागत किया और अपना समर्थन व्यक्त किया। पूर्व सरपंच ताराचंद मेघवाल ने ग्रामीणों से विकास कार्यों के नाम पर वोट देने की अपील करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास और आमजन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। चुनावी माहौल के बीच संतरों देवी के समर्थन में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है

16 नवंबर को होने वाले सरपंच चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी (बुर्जवाला) में चुनावी सरगर्मियां चरम पर ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी (बुर्जवाला)

राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर



श्री करनपुर आगामी 16 नवंबर को होने वाले पंचायती राज सरपंच चुनाव को लेकर ग्राम पंचायत 36 एच नग्गी (बुर्जवाला) में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर पहुंच गई हैं। मतदान की तारीख नजदीक आते ही गांव की गलियों से लेकर चौपालों तक राजनीतिक चचाओं का दौर तेज हो गया है। इसी कड़ी में सरपंच पद के उम्मीदवार मास्टर हरजिन्द्र सिंह (जिन्हें उनकी चुनाव प्रचार सामग्री में योग्य, कर्मठ, शिक्षित और ईमानदार उम्मीदवार के रूप में प्रस्तुत किया गया है) का जनसंपर्क अभियान भी जोरों पर है। 16 नवंबर के मतदान को देखते हुए मास्टर हरजिन्द्र सिंह और उनके समर्थकों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने गांव के युवाओं के साथ विशेष बैठक कर विस्तृत वातार्लाप किया। इस संवाद के दौरान युवाओं ने गांव से जुड़ी बुनियादी समस्याओं और अपनी अपेक्षाओं को सामने रखा। उम्मीदवार के अनुसार, युवाओं की भागीदारी और समर्थन से उनके अभियान को नई गति मिल रही है।

प्रचार अभियान के मुख्य वादे और भावी योजनाएंः 1. आधुनिक खेल मैदान का निमार्णः युवाओं के साथ संवाद में मास्टर हरजिन्द्र सिंह ने यह प्रमुख वादा किया है कि सरपंच पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद गांव में एक सुव्यवस्थित और आधुनिक खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा, ताकि ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अभ्यास और आगे बढ़ने का उचित मंच मिल सके। 2. युवाओं के लिए नई कल्याणकारी योजनाएंः उन्होंने आश्वस्त किया है कि चुनाव के बाद आने वाले समय में युवाओं के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, कौशल और रोजगार को ध्यान में रखते हुए कई नई योजनाओं की घोषणा की जाएगी। प्रचार के अंतिम चरण में मास्टर हरजिन्द्र सिंह की प्रचार सामग्री में अंकित मुख्य नारे "गारंटी है आप साथ दीजिये... सुधार हम करेंगे!" और "बहुत हो चुका पक्षपात, अबकी बार हर पक्ष की बात" क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। समर्थकों का कहना है कि पंचायत में पारदर्शी कार्यप्रणाली और समान विकास के लिए वे शिक्षित नेतृत्व के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। समस्त ग्राम पंचायत निवासियों की ओर से जारी अपील में मतदाताओं से आग्रह किया गया है कि वे 16 नवंबर को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और क्षेत्र के विकास के लिए मास्टर हरजिन्द्र सिंह को अपना बहुमूल्य वोट व समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाएं।

ग्राम पंचायत 3 डीडी (3 DD) से सरपंच पद हेतु अर्जुन मेघवाल ने पेश की प्रबल दावेदारी, सर्वसमाज व युवाओं का मिल रहा समर्थन

घड़साना महेन्द्र पाल मेघवाल



पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 3 डीडी (3 DD) से सरपंच पद के प्रत्याशी के रूप में अर्जुन मेघवाल ने अपनी सशक्त दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी सकारात्मक सोच, मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उनकी उम्मीदवारी को बेहद मजबूत माना जा रहा है। चुनावी समर में उनके उतरने की चर्चा से ही स्थानीय समर्थकों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जनसेवा में सक्रियः अर्जुन मेघवाल लंबे समय से ग्राम पंचायत 3 डीडी क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। हर वर्ग से मधुर संबंधः ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और हर सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी एक ईमानदार और संघर्षशील नेता के रूप में पहचान है। गांव-गांव बैठकों का दौरः ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चकों और ढाणियों में अर्जुन मेघवाल के पक्ष में डोर-टू-डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। युवाओं और बुजुर्गों का साथः स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं का मानना है कि पंचायत के चौमुखी विकास और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए अर्जुन मेघवाल जैसा योग्य और ऊजार्वान नेतृत्व बेहद जरूरी है। सर्वसमाज के लोग उन्हें जीत का आशीर्वाद और खुला समर्थन दे रहे हैं। अपनी दावेदारी और विजन को लेकर सरपंच प्रत्याशी अर्जुन मेघवाल ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य ग्राम पंचायत 3 डीडी को विकास के पथ पर अग्रसर करना और इसे एक आदर्श पंचायत बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में पारदर्शिता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत की देवतुल्य जनता उन्हें सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करेगी।

घड़साना पंचायत चुनाव 2026: ग्राम पंचायत 17 एमडी से वीरपाल कौर ने ठोकी सरपंच पद के लिए चुनावी ताल, आदर्श ग्राम पंचायत बनाना पहला लक्ष्य

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 17 एमडी में सरपंच पद को लेकर चुनावी माहौल गमार्ने लगा है। वीरपाल कौर पत्नी हरविंदर सिंह संधू ने सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में ताल ठोक दी है। उनके चुनावी मैदान में उतरने से ग्राम पंचायत क्षेत्र में चुनावी हलचल तेज हो गई है। वहीं, ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वीरपाल कौर के प्रतिनिधि हरविंदर सिंह संधू ने कहा कि ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना हमारा पहला लक्ष्य है। गांव में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, बेहतर स्ट्रीट लाइट और सुंदर व पक्की सड़कों का निर्माण करवाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा

पंचायत चुनाव 2026: ग्राम पंचायत 6H से सरोज कुमारी ने ठोकी सरपंच पद के लिए चुनावी ताल, जगह-जगह भव्य स्वागत, सर्व समाज का मिल रहा समर्थन

महेन्द्र पाल मेघवाल



अनूपगढ़ पंचायत समिति की नवगठित ग्राम पंचायत 6H से सरपंच प्रत्याशी सरोज कुमारी पत्नी रोहिताश पवार ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत। सर्व समाज के लोगों का समर्थन और उत्साह।रोहिताश पवार ने कहा कि नई ग्राम पंचायत 6H के विकास के लिए उनके परिवार की ओर से ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं लाइब्रेरी निर्माण हेतु भूमि दान दी जाएगी। साथ ही शानदार भवन निर्माण और पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित मूलभूत सुविधाएं विकसित करवाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत 6H को राजस्थान की नंबर वन ग्राम पंचायत बनाना हमारा लक्ष्य है। सुंदर लाइब्रेरी के साथ हाईटेक पुस्तकालय बनाया जाएगा

घड़साना/रावला क्षेत्रः पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत 12 केडी (12 डऊ) नई गुजरी से सरपंच पद के प्रत्याशी के रूप में सुभाष कटारिया ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है

महेन्द्र पाल मेघवाल



घड़साना/रावला क्षेत्रः पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच ग्राम पंचायत 12 केडी (12 KD) नई गुजरी से सरपंच पद के प्रत्याशी के रूप में सुभाष कटारिया ने अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी सकारात्मक सोच, मिलनसार स्वभाव और हर वर्ग के साथ मधुर संबंधों को देखते हुए उनकी उम्मीदवारी को बेहद सशक्त माना जा रहा है। सुभाष कटारिया लंबे समय से ग्राम पंचायत 12 केडी नई गुजरी के सामाजिक और सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीणों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी एक ईमानदार व संघर्षशील नेता के रूप में पहचान है। चुनावी मैदान में उनके उतरने से समर्थकों और कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चकों और ढाणियों में सुभाष कटारिया के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान शुरू हो चुका है। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं का मानना है कि पंचायत के चौमुखी विकास और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए सुभाष कटारिया जैसा योग्य और ऊजार्वान नेतृत्व बेहद जरूरी है।

ग्राम पंचायत 1 जीडी (ए) से सरपंच पद हेतु महेश्वरी देवी लीलड़ ने पेश की प्रबल दावेदारी, सर्वसमाज व मातृशक्ति का मिल रहा समर्थन

घड़साना महेन्द्र पाल मेघवाल



पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच घड़साना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 1 जीडी (ए) से सरपंच पद के उम्मीदवार के रूप में महेश्वरी देवी लीलड़ ने अपनी सशक्त और प्रबल दावेदारी पेश कर चुनावी माहौल को गरमा दिया है। लीलड़ परिवार की क्षेत्र में गहरी पैठ, साफ-सुथरी छवि और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उनकी उम्मीदवारी को बेहद मजबूत माना जा रहा है। चुनावी रण में उनके उतरने से स्थानीय समर्थकों और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जनसेवा में अग्रणीः महेश्वरी देवी लीलड़ और उनका परिवार लंबे समय से ग्राम पंचायत 1 जीडी (ए) क्षेत्र के सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हर वर्ग से मधुर संबंधः ग्रामीणों के हर सुख-दुख में सदैव साथ खड़े रहने के कारण क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं के बीच उनकी एक मिलनसार, शिक्षित और ईमानदार नेता के रूप में पहचान है। गांव-गांव बैठकों का दौरः ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चकों और ढाणियों में महेश्वरी देवी लीलड़ के पक्ष में डोर-टू-डोर जनसंपर्क और नुक्कड़ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। महिलाओं और युवाओं का खुला समर्थनः महिला प्रत्याशी होने के नाते क्षेत्र की मातृशक्ति (महिलाओं) और युवाओं में विशेष जोश देखने को मिल रहा है, जो खुलकर उन्हें जीत का आशीर्वाद और समर्थन दे रहे हैं। अपनी दावेदारी और विजन को लेकर सरपंच पद की उम्मीदवार महेश्वरी देवी लीलड़ ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य ग्राम पंचायत 1 जीडी (ए) को विकास के पथ पर अग्रसर करना और इसे एक आदर्श पंचायत बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, नरेगा कार्यों में पारदर्शिता और अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पंचायत की देवतुल्य जनता उन्हें सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करेगी।

सैनिकों के सम्मान में योगी सरकार का बड़ा फैसला, वीरता पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि और वार्षिकी होगी दोगुनी

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार।अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ/मेरठ । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीद परिवारों के सम्मान एवं कल्याण की दिशा में तीन बड़े फैसलों का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ की क्रांति धरा पर आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में वीरता पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार राशि और वार्षिकी दोगुनी करने की घोषणा की। इसके साथ ही पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के आश्रितों को मकान खरीदने पर स्टांप शुल्क में मिलने वाली छूट की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने तथा शहीद के एक आश्रित को उसके गृह जनपद अथवा निकटवर्ती जनपद में सरकारी नौकरी देने का महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं को सैनिक परिवारों के आर्थिक और सामाजिक सम्मान को मजबूती देने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री ने 27.50 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश के आठ जनपदों में नवनिर्मित जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों के भवनों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर शौर्य गाथा पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के सात अशोक चक्र, 30 कीर्ति चक्र और 133 शौर्य चक्र से सम्मानित वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान की गाथाएं संकलित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसकी वर्दी बदल सकती है, लेकिन राष्ट्रभक्ति और देशसेवा का संकल्प कभी नहीं बदलता। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों, वीर नारियों और शहीद परिवारों का सम्मान सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश में आतंकवादियों, अपराधियों और देश विरोधी ताकतों के लिए कोई जगह नहीं है। देश की सुरक्षा और सैनिकों के सम्मान से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2,685 वीर सपूतों ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जबकि दो हजार से अधिक जवानों को विभिन्न शौर्य पदकों से सम्मानित किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश की धरती ने परमवीर चक्र विजेता नायक जदुनाथ सिंह, वीर अब्दुल हमीद, कैप्टन मनोज कुमार पांडेय और ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव जैसे अदम्य साहस के प्रतीक देश को दिए हैं। गाजीपुर का गहमर गांव भी देश में सर्वाधिक सैनिक देने वाले गांवों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों से अपील की कि वे गांवों और कस्बों के युवाओं को सेना तथा पुलिस में भर्ती होने के लिए प्रेरित करें। युवाओं को नशे से दूर रखते हुए उनमें अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सेवा भावना विकसित करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित उत्तर प्रदेश के रास्ते ही साकार होगा और इसमें सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रत्येक वर्ष करीब 12 हजार सैनिक सेवानिवृत्त होकर अपने घर लौटते हैं। देशभर में हर साल लगभग 60 हजार सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं। ऐसे में उनके पुनर्वास, रोजगार और सम्मानजनक जीवन के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी है। सरकार ने इसी दिशा में पूर्व सैनिकों को सरकारी सेवाओं और अन्य रोजगार के अवसरों से जोड़ने के प्रयास किए हैं। सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से करीब 31,700 पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। पिछले तीन वर्षों में 647 पूर्व सैनिक सरकारी सेवा में चयनित हुए हैं। वहीं समूह ख के पदों पर पूर्व सैनिकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू है। शहीद परिवारों की सहायता का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि शहीद सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई है। अब तक 150 शहीद परिवारों को 59.50 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। वर्ष 2018 से शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था भी लागू है। अब सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शहीद के एक आश्रित को उसके गृह जनपद या निकटवर्ती जनपद में नौकरी देने की घोषणा की है, ताकि परिवार को अपने परिचित परिवेश में रहकर जीवन आगे बढ़ाने में सहूलियत मिल सके। मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सैनिक कल्याण योजनाओं के तहत वर्ष 2017 से अब तक 96 करोड़ 78 लाख रुपये की सहायता दी गई है। सैनिक पुनर्वास निधि से 15 हजार से अधिक लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इसमें 8,600 से अधिक बच्चों को शिक्षा अनुदान, 907 बेटियों को विवाह के लिए एक-एक लाख र

विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित

एच सिद्दीकी

झांसी। विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वाधान में विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह पं दीनदयाल सभागार में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जगदीश भाई पटेल उत्तर प्रदेश सह प्रभारी भाजपा, विशिष्ट अतिथि नगर विधायक रवि शर्मा,जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल,पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि , समाजसेवी, मैथिली शरण मुदगिल ,क्षेत्रीय मंत्री भाजपा मनीष तिवारी,वरिष्ठ भाजपा नेता,अनूप शिवहरे देहाती,एवं अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा रामकिशोर साहू ने की । स्मृति महोत्सव में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध,चित्रकला, मेहंदी,रंगोली,विज्ञान प्रश्न मंच, फैंसी ड्रेस,महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट एवं इंटर स्कूल वॉलीबॉल लीग आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मुस्कान पाल,वर्षा अहिरवार विनय राठौर क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय,निबंध प्रतियोगिता में कशिष शर्मा,खुशबू राजपूत ,खुशी रायकबार क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय ,चित्रकला जूनियर में उन्नति, चंचल राजपूत ,फैजान खान क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय, चित्रकला सीनियर में बिहान रायकवार, जिंसी,फरहान खान क्रमशः प्रथम ,द्वितीय, तृतीय , मेहंदी प्रतियोगिता में हर्षिता वर्मा ,काव्या कुशवाहा,सुयार्शी क्रमशः प्रथम,द्वितीय,तृतीय रंगोली प्रतियोगिता में प्राची परिहार,प्राची कुशवाहा,नव्या कुशवाहा क्रमशः प्रथम,द्वितीय तृतीय रहे। विज्ञान प्रश्न मंच में शिवाजी वंशकार ,आयुष रायक्वार अग्रसेन विद्या मंदिर ,हर्षा प्रजापति,नैना प्रजापति आर्य कन्या इंटर कॉलेज ,कल्पना खटीक,आफरीन लोकमान्य तिलक कन्या इंटर कॉलेज क्रमशः प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय रहे,फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता राधिका,पायल, चांदनी क्रमशः प्रथम,द्वितीय, तृतीय रहे। विवेक निरंजन महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विवेक निरंजन खेल अकादमी टीम विजेता,बड़ागांव इंटर कॉलेज टीम उप विजेता रही इंटर- स्कूल वालीबॉल (व्याज) लीग में बड़ागांव इंटर कॉलेज विजेता,हंसराज पब्लिक स्कूल टीम उप विजेता रही । स्मृति महोत्सव में 980छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग लिया प्रथम द्वितीय एवं तृतीय को ट्रॉफी एवं समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र औ? मेडल प्रदान किये। इस अवसर पवन सरावगी फाउंडेशन अध्यक्ष,अमित समाधिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,आयुष श्रीवास प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष मऊरानीपुर,राजकान्तेश वर्मा ब्लाक प्रमुख,रामगोपाल निरंजन,गुड्डी रानी पटेल, गुलजारीलाल निरंजन, विनोद निरंजन,मुकेश पटेल मंडल अध्यक्ष,अरविंद गौर, अंकित पटेल,मनीषा नरवरिया,प्रतिमा ओझा,चैतन्य ओझा, शिवांगी मुदगिल, स्केद्र पटेल,विजय कुमार,शैलेंद्र यादव,अनीता डेनिस , वंदना पांडे,दीप्ति अग्रवाल,रेखा वर्मा, दीपेंद्र कुमार,जितेंद्र सेन,इलियास मंसूरी, मकसूद इलाही,मोइन खान,ज्ञान प्रकाश गौर, यग्येश यादव,दीपक त्रिपाठी,उषा देवी ,सुहानी यादव,प्रिंशी यादव, हर्षिता, खुशी कुशवाहा, तनु,पायल,आशी सेन, राशि, भावना,सिद्धि यादव,मुस्कान वंशकार आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन सचिव रामकिशन निरंजन,संजीव दुबे (शिक्षक) एवं आभार अकादमी अध्यक्ष अवधेश निरंजन एवं राजेश पटेल ने व्यक्त किया।

ट्रेन में छूटा 90 हजार रुपये का कीमती सामान जीआरपी प्रतापगढ़ ने लौटाया, यात्री के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



प्रतापगढ़। रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा और खोए हुए सामान की बरामदगी को लेकर जीआरपी की सतर्कता एक बार फिर सामने आई है। जीआरपी प्रतापगढ़ की टीम ने हावड़ा वीकली एक्सप्रेस में छूटे करीब 90 हजार रुपये कीमत के कीमती सामान से भरे बैग को बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सुरक्षित वापस सौंप दिया। अपना सामान सकुशल वापस पाकर यात्री के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने जीआरपी पुलिस की ईमानदारी और तत्परता की जमकर सराहना की। जीआरपी प्रतापगढ़ पुलिस के अनुसार, 14 नवंबर को रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में चोरी, लूट, जहरखुरानी तथा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ट्रेन संख्या 12372 हावड़ा वीकली एक्सप्रेस की जांच के दौरान एक बैग लावारिस हालत में मिला। पुलिस टीम ने बैग को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसमें एक लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, लीड, घड़ी और कपड़े सहित अन्य सामान रखा मिला। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपये बताई गई। पुलिस टीम ने बैग को सुरक्षित थाना कार्यालय में रखवाया और उसमें मिले पहचान पत्र के आधार पर उसके मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर बैग स्वामी सोनू (परिवर्तित नाम), निवासी जनपद बदायूं, जीआरपी प्रतापगढ़ थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह हावड़ा वीकली एक्सप्रेस से बरेली से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे, इसी दौरान उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया था। जीआरपी पुलिस ने आवश्यक पहचान और सामान का सत्यापन करने के बाद पूरा बैग यात्री के सुपुर्द कर दिया। अपना लैपटॉप और अन्य कीमती सामान सुरक्षित वापस मिलने पर यात्री ने राहत की सांस ली और पुलिसकर्मियों का आभार जताया। जीआरपी अधिकारियों के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई ने रेलवे पुलिस की सतर्कता और यात्रियों के प्रति जिम्मेदारी को एक बार फिर उजागर किया है।

सनशाइन कलब अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में दीपावली नाइट का आयोजन



एच सिद्दीकी

झासी सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में होटल प्रभा में दीपावली नाइट का आयोजन किया गया। दीपावली नाईट के दौरान काव्यात्मक स्पोट गेम्स, दीप जलाओ कपल प्रतियोगिता, धनवर्षा, आकर्षक दीपावली हाउजी, लकी ड्रा एवं समयबद्धता के पुरस्कार से सदस्यों का उत्साहवर्धन किया गया। कपल्स गेम्स में वन्दना - नीरज भटनागर ने प्रथम, भावना - आशीष कुमार सोनी पीएनबी ने द्वितीय एवं सीमा - प्रदीप अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। दीपावली नाईट के संयोजक सरिता - अशोक अग्रवाल के द्वारा सफलतापूर्वक सभा को संयोजित किया गया । दीपावली नाईट में अनुराधा गुप्ता, सुरक्षा गुप्ता, भारती तिगुनायक, अंजलि निगम, मीनू गर्ग, चंद्रशेखर तिगुनायक, ममता - श्याममुरारी अग्रवाल, बैदेहीशरण सरावगी, भारती - उमेश गुप्ता, सुरेखा- सी0 ए0 रोहित जायसवाल, वंदना - नीरज भटनागर, आंचल- अमित जैन, इन्द्रा-रामकुमार अग्रवाल, शरद पहारिया, आशा- डॉक्टर एल0सी0अग्रवाल, सीमा- प्रदीप अग्रवाल, कल्पना - सुभाष मित्तल, रीता - विजय सेठ, सविता - संजय कानोडिया, मधुलता- त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, सीमा - अमित गुप्ता, रेनू - अरुण पाठक, रश्मि - अरविंद लोहिया, प्रतिभा - सुरेंद्र गुप्ता, भावना- आशीष सोनी, पीएनबी, अर्चना- संजीव नायक, पंकज अग्रवाल, साधना- संतोष अग्रवाल, संगीता- राजीव नगरिया, धर्मेंद्र दुबे, आनंद बंसल, अलका - पवन गुप्ता, नीता- आशीष सोनी, मनीषा- मनीष अग्रवाल, डॉ0 दीपक उपाध्याय, रचना - शिशिर माथुर, मनमोहन अग्रवाल, शालिनी- अरुण गुप्ता इत्यादि सम्मिलित हुए । अंत में सचिव विलास गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

युवाओं के सपनों को उड़ान देगी योगी सरकार, यूपी को स्टार्टअप और नवाचार का बड़ा केंद्र बनाने की तैयारी

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में युवाओं के नए विचारों को कारोबार की मजबूत पहचान दिलाने के लिए योगी सरकार ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को नई ऊंचाई देने की तैयारी तेज कर दी है। प्रदेश को देश के प्रमुख स्टार्टअप और नवाचार केंद्रों में शामिल करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के तहत इनक्यूबेटर्स, होस्ट इंस्टीट्यूट्स और एक्सीलरेटर प्रोग्राम को प्रभावी बनाया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश के युवाओं को अपना कारोबार शुरू करने से लेकर उसे बड़े स्तर पर स्थापित करने तक सभी जरूरी सुविधाएं, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन और निवेश से जुड़ा सहयोग एक ही इकोसिस्टम में उपलब्ध हो सके। इस पहल के तहत नए उद्यमियों को केवल शुरूआती आर्थिक मदद तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उनके उत्पादों के विकास, बाजार में पहचान बनाने, कारोबार बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने की क्षमता विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन के सीईओ सुमित महाजन के अनुसार, इनक्यूबेटर्स के माध्यम से स्टार्टअप्स को आधुनिक कार्यस्थल, प्लग एंड प्ले सुविधाएं, मीटिंग एवं कॉन्फ्रेंस रूम, ऑफिस स्पेस और हाई-स्पीड इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे नए उद्यमियों को व्यवसाय की शुरूआत में ही महंगे कार्यालय और आधारभूत ढांचे पर बड़ी रकम खर्च नहीं करनी पड़ेगी। सरकार की इस व्यवस्था में इनक्यूबेटर्स की भूमिका केवल कार्यस्थल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगी। स्टार्टअप्स को अनुभवी विशेषज्ञों से मेंटरशिप, प्रशिक्षण, फंडिंग हासिल करने में सहायता, कानूनी परामर्श, अकाउंटेंसी, तकनीकी सहयोग, मार्केटिंग और नेटवर्किंग के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जरूरत के अनुसार राज्य और केंद्र सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इससे युवाओं के नए व्यावसायिक विचारों को व्यवस्थित रूप से विकसित कर बाजार तक पहुंचाने का रास्ता आसान होगा। प्रदेश के प्रतिष्ठित तकनीकी, प्रबंधन और अनुसंधान संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा। इसके लिए होस्ट इंस्टीट्यूट्स की व्यवस्था की गई है, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित, संचालित अथवा मान्यता प्राप्त संस्थान शामिल हो सकेंगे। इन संस्थानों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले इनक्यूबेटर्स स्थापित किए जाएंगे। इससे शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध तकनीकी विशेषज्ञता, अनुसंधान और संसाधनों का लाभ नए स्टार्टअप्स को मिल सकेगा। स्टार्टअप्स को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए न्यूनतम 12 सप्ताह का एक्सीलरेटर प्रोग्राम भी लागू किया जाएगा। इसके तहत उन उद्यमों को प्राथमिकता मिलेगी, जिन्होंने अपना उत्पाद विकसित कर लिया है और बाजार में शुरूआती उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कारोबार का विस्तार करना चाहते हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की गहन मेंटरशिप, बाजार तक पहुंच बनाने की रणनीति,

वित्तीय मॉडल की समीक्षा, निवेशकों के सामने प्रस्तुति देने का प्रशिक्षण और निवेश की तैयारी से जुड़ी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही अन्य स्टार्टअप्स के साथ अनुभव साझा करने के अवसर भी उपलब्ध होंगे। एक्सीलरेटर प्रोग्राम को प्रभावी बनाने के लिए न्यूनतम पांच स्टार्टअप्स का समूह बनाना अनिवार्य होगा। इसका संचालन यूपी स्टार्टअप मिशन से सूचीबद्ध संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम में निवेशकों के साथ संवाद और कम से कम दो डेमो डे या निवेशक संपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की व्यवस्था भी शामिल है। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले स्टार्टअप्स से भागीदारी के बदले किसी प्रकार की इक्विटी नहीं ली जाएगी। इससे युवा उद्यमियों को अपने कारोबार में स्वामित्व बनाए रखते हुए विशेषज्ञ सहयोग और निवेश की संभावनाएं तलाशने का अवसर मिलेगा। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित एक्सीलरेटर संस्थानों को भी प्रदेश में अवसर दिया जाएगा। इनमें डीपीआईआईटी से मान्यता प्राप्त संस्थान, एक्सीलरेशन गतिविधियों वाले सेबी-पंजीकृत अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल स्टार्टअप तैयार करने वाले एक्सीलरेटर शामिल हैं। वाई कॉम्बिनेटर, टेकस्टार्स, टी-हब लैब32, सीआईआईई आईआईएम अहमदाबाद और आईआईटी आधारित एक्सीलरेटर इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इसके अलावा प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग संघों और उभरते एक्सीलरेटरों को भी पात्रता के आधार पर इस अभियान से जोड़ा जाएगा। स्टार्टअप की पात्रता के लिए केंद्र सरकार की चार फरवरी 2026 की अधिसूचना को आधार बनाया गया है।

जीआरपी हरदोई की ईमानदारी ने जीता यात्री का दिल, 17,500 रुपये का खोया मोबाइल सकुशल लौटाया

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



हरदोई । रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर जीआरपी हरदोई की सतर्कता और ईमानदारी का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। स्टेशन पर लावारिस हालत में मिले करीब 17,500 रुपये कीमत के मोबाइल फोन को पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचा दिया। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर यात्री ने जीआरपी पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों का आभार जताया। जीआरपी अनुभाग लखनऊ की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देशन में रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा तथा अपराध नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 और 14 नवंबर की मध्यरात्रि को जीआरपी हरदोई के उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह अपने हमराही कांस्टेबल सोमवीर सिंह और कांस्टेबल ओमप्रकाश के साथ रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम प्लेटफॉर्म, टिकट विंडो और सकुर्लेटिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैद थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पुलिसकर्मियों को एक वीवो वी-2432 मोबाइल फोन लावारिस अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस टीम ने मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर उसकी पहचान करने का प्रयास किया। मोबाइल पर आई कॉल के माध्यम से जानकारी मिली कि फोन सीतापुर जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के बहरमपुर निवासी सोनू (परिवर्तित नाम) का है। भीड़भाड़ के बीच ट्रेन में चढ़ते समय यात्री का मोबाइल हरदोई रेलवे स्टेशन पर कहीं गिरकर छूट गया था। जानकारी मिलने के बाद मोबाइल स्वामी जीआरपी थाने पहुंचा, जहां पुलिसकर्मियों ने आवश्यक तस्दीक करने के बाद करीब 17,500 रुपये कीमत का मोबाइल उसे सकुशल सौंप दिया।

लंबे प्रयास के बिना अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर यात्री के चेहरे पर खुशी लौट आई। उसने जीआरपी हरदोई के पुलिसकर्मियों की ईमानदारी और तत्परता की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।जीआरपी पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बार फिर साबित किया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ उनके खोए सामान को वापस दिलाना भी पुलिस की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है।

साइबर सेल, थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा साइबर ठगी के 79,750/- रुपये पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराई



झासी साइबर अपराधों की घटनाओं की रोकथाम एवं उनसे बचाव हेतु पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम, उत्तर प्रदेश, लखनऊ विनोद के. सिंह के निदेर्शानुसार तथा पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी आकाश कुलहरि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी असमा वकार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। साइबर सेल एवं थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए 1. आवेदक देवेन्द्र राय पुत्र नर्मदा राय निवासी हसारी, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी के साथ हुए यूपीआई साइबर फ्रॉड की कुल धनराशि 94,996/- रुपये में से 74,752/- रुपयों की धनराशि तत्काल होल्ड कराई गई थी। उक्त प्रकरण में थाना प्रेमनगर पर दिनांक 22.09.2026 को मु0अ0सं0 430/2026 धारा 318(4) बीएनएस एवं 66ऊ आईटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाई करते हुए आज दिनांक 13.11.2026 को न्यायालय के आदेश के अनुपालन में होल्ड कराई गई 74,752/- रुपये की धनराशि आवेदक देवेन्द्र राय के बैंक खाते में वापस कराई गई। 2. इसी प्रकार नीरज कुमार निवासी खातीबाबा, थाना प्रेमनगर, जनपद झाँसी के साथ दिनांक 16.06.2026 को हुए यूपीआई साइबर फ्रॉड में कुल 4,998/- रुपये की धनराशि की साइबर शिकायत संख्या 33106260139781 दर्ज कराई गई थी। साइबर सेल, थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगी की गई 4,998/- रुपये की संपूर्ण धनराशि होल्ड कराई गई थी, जिसे टफ्र पोर्टल के माध्यम से आवेदक के बैंक खाते में वापस कराया गया।

कुल वापस कराई गई धनराशि 1. 74,752/- एवं 2. 4,998/- (कुल बरामदगी 79,750/- रुपये)

बरामद कराने वाली टीम

1. प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर शेर सिंह,
2. उ0नि0 रविकान्त शुक्ल, साइबर सेल प्रभारी थाना प्रेमनगर,
3. म0का0 सपना कुमार, साइबर सेल, थाना प्रेमनगर,
4. रि0आ0 प्रिंस गौतम, साइबर सेल, थाना प्रेमनगर।

फ्रॉड होने पर तुरंत कार्रवाई करें।

1. 1930 पर कॉल करें।
2. www.cybercrime.gov.i»»f पर शिकायत दर्ज करें।
3. अपने बैंक को तुरंत सूचित करें।

"जिला कुश्ती संघ की बैठक में बुन्देलखण्ड केसरी एवं जिला केसरी कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय"

एच सिद्दीकी



झासी `जिला कुश्ती संघ, झांसी की एक महत्वपूर्ण बैठक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 23 एवं 24 नवम्बर को ध्यानचंद स्टेडियम, झांसी में बुन्देलखण्ड केसरी एवं जिला केसरी कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से बुन्देलखण्ड एवं जनपद के उभरते पहलवानों को अपनी प्रतिभा, शारीरिक क्षमता एवं कुश्ती कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। बैठक में अध्यक्ष मनमोहन गेड़ा ने कहा कि जिला कुश्ती संघ का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना ही नहीं, बल्कि झांसी एवं बुन्देलखण्ड की कुश्ती प्रतिभाओं को उचित मंच, बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें प्रांतीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए तैयार करना है। संघ निरंतर युवा पहलवानों को प्रोत्साहित करने के साथ राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण एवं कुश्ती की तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कुश्ती हमारी पारंपरिक खेल संस्कृति और गौरवशाली विरासत का हिस्सा है। इसे नई पीढ़ी में लोकप्रिय बनाने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला कुश्ती संघ द्वारा विगत वर्षों में भी बुन्देलखण्ड केसरी एवं जिला केसरी कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था, जिसमें पूरे बुन्देलखण्ड से बड़ी संख्या में पहलवानों ने सहभागिता की थी। इस प्रतियोगिता ने क्षेत्रीय पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता से निकले कई पहलवानों ने आगे चलकर प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित की है। आगामी प्रतियोगिता में विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इनमें बुन्देलखण्ड केसरी 74 किलोग्राम वर्ग, बुन्देलखण्ड कुमार 65 से 70 किलोग्राम वर्ग, जिला केसरी 65 से 70 किलोग्राम वर्ग, जिला कुमार 55 से 65 किलोग्राम वर्ग तथा वीर अभिमन्यु 45 से 55 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले शामिल रहेंगे।

बैठक का संचालन कुश्ती संघ के सचिव सुंदर ग्वाला ने किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक बैदेही शरण सरावगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोनी पहलवान, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल (पीएनबी), हरविन्द कुमार, सैमुअल पीटर, श्रीमती बलविंदर सिंह, नीतेश तिवारी सहित एनआईएस कोच एवं संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ ने प्रतियोगिता को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया तथा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान करने में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया`

कोडीन कफ सिरप के नशे के कारोबार पर योगी सरकार का बड़ा प्रहार, केंद्र को भेजे छह सख्त प्रस्ताव

हिंदी दैनिक सुनहरा संसार अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार और नशे के रूप में इसके इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए योगी सरकार ने अब दवाओं की सप्लाई चेन पर सीधा शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर कोडीनयुक्त कफ सिरप की खरीद-बिक्री में अनियमितताओं और दवाओं के निर्धारित बाजार तक नहीं पहुंचने के मामले सामने आने के बाद उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने केंद्र सरकार को छह महत्वपूर्ण नियामकीय प्रस्ताव भेजे हैं। इन प्रस्तावों का उद्देश्य दवा निमार्ता कंपनियों से लेकर थोक विक्रेताओं तक पूरी वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाना और नशे के लिए होने वाले अवैध डायवर्जन को रोकना है।एफएसडीए सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने केंद्रीय मंत्रालय को रिमाइंडर भेजकर इन प्रस्तावों पर जल्द निर्णय लेने और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। विभाग चाहता है कि कोडीनयुक्त कफ सिरप की आपूर्ति केवल अधिकृत वितरण नेटवर्क के माध्यम से हो। प्रत्येक खेप की मात्रा, बैच, आपूर्तिकर्ता और अंतिम गंतव्य का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध रहे, ताकि दवाओं की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। दरअसल, प्रदेश में कोडीनयुक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार की जांच के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। कई स्थानों पर दवाओं की खरीद-बिक्री की बिलिंग तो बड़े पैमाने पर की गई, लेकिन उसके अनुरूप वास्तविक स्टॉक और अधिकृत खुदरा बाजार में बिक्री के विश्वसनीय रिकॉर्ड नहीं मिले। इससे दवाओं को समानांतर वितरण चैनलों के जरिए दूसरे रास्तों पर भेजे जाने और उनके गैर-चिकित्सकीय इस्तेमाल की आशंका गहराई। अंतरराज्यीय जांच में रांची, हिमाचल प्रदेश और अन्य बाहरी रूटों से आने वाली दवाओं की वास्तविक आवाजाही तथा उनके अंतिम गंतव्य का पता लगाने में भी कठिनाइयां सामने आईं। इसी के बाद एफएसडीए ने प्रदेश के 52 जिलों में 332 थोक दवा प्रतिष्ठानों की जांच और अभिलेखों का सत्यापन कराया। गंभीर अनियमितताएं मिलने पर 36 जिलों की 161 फर्मों के खिलाफ बीएनएस और एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। संबंधित प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी शुरू की गई है। विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि कुछ कंपनियां सामान्य वितरण व्यवस्था से अलग स्टॉकिस्टों के माध्यम से बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप की आपूर्ति कर रही थीं। इनमें उत्तर प्रदेश के बाहर स्थित कुछ स्टॉकिस्ट भी शामिल थे। अब प्रस्तावित व्यवस्था के तहत निमार्ता कंपनियों को अपने अधिकृत सीएफए और उत्तर प्रदेश में स्थापित वैध स्टॉकिस्टों के माध्यम से ही दवाओं की आपूर्ति करनी होगी। लैबोरेट, एबॉट, 3बी, विंग्स सहित अन्य प्रमुख कंपनियों के लिए भी अधिकृत वितरण व्यवस्था का पालन करने की पैरवी की गई है। केवल कोडीनयुक्त उत्पादों के लिए बाहरी व्यक्तियों को जोड़कर अलग समानांतर सप्लाई नेटवर्क तैयार करने पर रोक लगाने का सुझाव दिया गया है। इससे प्रत्येक खेप की जवाबदेही तय होगी और दवाओं को निर्धारित बाजार से बाहर पहुंचाना मुश्किल होगा। विभाग ने यह भी सुझाव दिया है कि कोडीनयुक्त कफ सिरप की आपूर्ति का निर्धारण राज्यों की वास्तविक चिकित्सकीय जरूरत के आधार पर किया जाए। इसके लिए पिछले वर्षों की खपत, मरीजों की संख्या, उपचार संबंधी आवश्यकताओं और वास्तविक बाजार मांग का वैज्ञानिक आकलन किया जाए। इसके बाद ही कंपनियों को प्रदेश में दवाओं की आपूर्ति की अनुमति मिले। इससे अनावश्यक भंडारण, जरूरत से ज्यादा खरीद और दवाओं के संभावित अवैध इस्तेमाल की गुंजाइश कम होगी। प्रस्तावों में निमार्ता कंपनियों के लिए एक और महत्वपूर्ण व्यवस्था सुझाई गई है। इसके तहत कोडीनयुक्त कफ सिरप की खेप रवाना करने से पहले संबंधित राज्य के ड्रग कंट्रोलर को अनिवार्य रूप से सूचना देनी होगी। इसमें दवा की मात्रा, बैच नंबर, आपूर्ति करने वाली कंपनी और निर्धारित गंतव्य का विवरण शामिल रहेगा। साथ ही थोक विक्रेता से दूसरे थोक विक्रेता को दवा बेचने की व्यवस्था पर रोक लगाने की पैरवी की गई है, ताकि आपूर्ति सीधे अधिकृत वितरण चैनल से खुदरा बाजार तक पहुंचे और बीच में अवैध खरीद-बिक्री की संभावनाएं समाप्त हों। दवाओं की निगरानी को आधुनिक बनाने के लिए टीबी की दवाओं की तर्ज पर कोडीनयुक्त सिरप पर भी क्यूआर कोड और बारकोड आधारित डिजिटल ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके जरिए निमार्ता से लेकर अंतिम बिक्री तक प्रत्येक खेप की डिजिटल निगरानी की जा सकेगी। बैच स्तर पर रिपोर्टिंग, रियल टाइम मॉनिटरिंग और संदिग्ध गतिविधियों पर जोखिम आधारित अलर्ट जारी करने की व्यवस्था विकसित करने का सुझाव है। इससे किसी भी खेप के निर्धारित रास्ते से हटने पर संबंधित विभाग समय रहते कार्रवाई कर सकेगा। इसके अलावा अधिक दुरुपयोग की आशंका वाली दवाओं के लिए अलग शेड्यूल एच3 बनाने और राज्यों में वास्तविक चिकित्सकीय खपत के आधार पर स्टॉक रखने की अधिकतम सीमा निर्धारित करने का प्रस्ताव भी केंद्र को भेजा गया है। विभाग का मानना है कि इन छह उपायों को लागू करने से कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध खरीद-बिक्री, अनधिकृत भंडारण और नशे के लिए होने वाले इस्तेमाल पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।एफएसडीए ने स्पष्ट किया है कि कोडीनयुक्त कफ सिरप एक मान्य चिकित्सकीय औषधि है और इसे पूरी तरह प्रतिबंधित करने का उद्देश्य नहीं है। डॉक्टरों की सलाह पर जिन मरीजों को उपचार के लिए इसकी आवश्यकता होती है, उन्हें अधिकृत मेडिकल स्टोर पर दवा उपलब्ध रहनी चाहिए। सरकार की कार्रवाई का मकसद वैध चिकित्सा उपयोग को प्रभावित करना नहीं, बल्कि दवा की आड़ में चल रहे अवैध कारोबार और नशे के नेटवर्क को खत्म करना है।

लखीमपुर खीरी छात्राओं ने बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए: बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश

सुनहरा संसार ब्यूरो प्रमुख जियाउल्ला खान





लखीमपुर खीरी के मिश्राना स्थित सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को बाल दिवस मनाया गया। भगवान बिरसा मुंडा जयंती की पूर्व संध्या पर भी कार्यक्रम हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं । कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधक चंद्र भूषण साहनी, प्रबंध समिति सदस्य नूतन गुप्ता और प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप जलाकर की। इसके बाद सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के आचार्य डॉ. विजय कुमार शुक्ला ने छात्राओं को बाल दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। नेहरू बच्चों से स्नेह करते थे, इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहते थे। उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं। और आगे चलकर राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी संभालेंगे। छात्राओं ने नाट्य मंचन के जरिए बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। आचार्या शिवम शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया। छात्राओं ने काव्यपाठ और भाषण भी दिए। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य ने पुरस्कार दिए। बिरसा मुंडा जयंती की पूर्व संध्या पर आचार्या प्रीती अग्रवाल ने छात्राओं को उनके जीवन और संघर्षों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के उत्थान, शिक्षा और स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने छात्राओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज की प्रगति में योगदान देने को कहा।

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव 2026: श्रीकरणपुर में चौथे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, 70.16% मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग



राम भरोसे शर्मा श्री करनपुर

श्रीकरणपुरः राजस्थान पंचायतीराज चुनाव 2026 के तहत चौथे चरण का मतदान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। शाम 6:00 बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त होने तक श्रीकरणपुर पंचायत समिति में कुल 70.16% मतदान दर्ज किया गया है। चुनावी आंकड़े और मुख्य बातेंः मतदान केंद्रः श्रीकरणपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों के अंतर्गत कुल 96 मतदान केंद्रों (बूथों) पर शांतिपूर्ण तरीके से वोट डाले गए। प्रत्याशियों की किस्मत एश्ट में कैदः यह मुकाबला पंचायत समिति के 17 जोन (वार्डों) के डायरेक्टर्स (पंचायत समिति सदस्य) पद के प्रत्याशियों के लिए था, जहाँ मतदाताओं ने उत्साह के साथ ईवीएम (EVM) में प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला कैद किया। जनता में दिखा भारी उत्साहः ग्रामीण इलाकों में युवाओं से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। चप्पे-चप्पे पर नजरः चुनाव को निष्पक्ष और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा चप्पे-चप्पे पर कड़ी नजर रखी गई। मुख्य रूप से प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ चुनाव प्रक्रिया को संचालित किया। सुरक्षा के कड़े इंतजामः अधिकारियों ने बताया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा के इंतजाम पूरी तरह दुरुस्त रहे। अप्रिय घटना से इंकारः प्रशासन की सतर्कता के चलते किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली है, और पूरा मतदान शांतिपूर्ण रहा। सामान्य तकनीकी बाधाः मतदान के दौरान कुछ केंद्रों पर ईवीएम (EVM) मशीनों के स्लो (धीमी) चलने की छिटपुट शिकायतें सामने जरूर आईं, जिससे मतदान की गति कुछ समय के लिए प्रभावित हुई, लेकिन स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भावविभोर हुए श्रद्धालु, बाल लीलाओं के वर्णन से गूंजा कथा पंडाल

सुनहरा संसार ब्यूरो बांदा



जनपद के कमासिन कस्बे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कथा व्यास पंडित अजय अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग एवं उनकी मनोहारी बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा पंडाल में भक्ति और उल्लास की अनूठी छटा देखने को मिली। कथा व्यास ने कहा कि जब पृथ्वी पर धर्म का ह्रास होने लगता है और अधर्म अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब धर्म की स्थापना तथा दुष्टों के विनाश के लिए भगवान विष्णु विभिन्न रूपों में अवतार लेते हैं। उन्होंने मथुरा के अत्याचारी राजा कंस के आतंक का वर्णन करते हुए बताया कि कंस ने अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया था। उसने देवकी की सात संतानों को जन्म लेते ही निर्दयतापूर्वक मार डाला। इसके बाद आठवें पुत्र के रूप में भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर अत्याचार के अंत और धर्म की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। इसके बाद कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोपियों के साथ मनोहारी प्रसंगों और उनकी अद्भुत लीलाओं का ऐसा सजीव वर्णन किया कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसपान करते रहे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन को सद्मार्ग पर ले जाने वाली आध्यात्मिक साधना है। जो श्रद्धालु सच्चे मन और श्रद्धाभाव से भागवत कथा का श्रवण एवं रसपान करता है, उसे भगवान की कृपा प्राप्त होती है और वह परम गति की ओर अग्रसर होता है।

सीएम पोर्टल पर मरीजों के इलाज के लिए भेजे प्रस्ताव पर अज्ञात व्यक्ति क्यूआर कोड भेज मांग रहा पैसे, जांच कर तत्काल एफआईआर कराए दर्ज- सांसद

एएच सिद्दीकी



झासी अनुराग शर्मा सांसद झाँसी-ललितपुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद झाँसी-ललितपुर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का संकल्प सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास पर आधारित विकास का है, सरकार की मंशा है कि गरीब का कल्याण हो, योजना का लाभ सीधे उसके द्वार पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आप अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी तथा योजनांतर्गत प्राप्त लक्ष्य एवं किए जा रहे कार्य जनप्रतिनिधियों से अवश्य साझा करें ताकि कार्यों का सत्यापन किया जा सके और योजनाओं में आ रही समस्याओं को शासन स्तर पर दूर किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि जन प्रतिनिधियों से लगातार संवाद बनाएं रखें ताकि योजनाएं अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। अधिकारियों से कहा कि अब तक जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत हो गए हैं, उन्हें विभाग सूचीबद्ध करते हुए माह दिसंबर तक प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम पोर्टल पर मरीजों के लिए जो प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रेषित किए जाते हैं, उन मरीजों के मोबाइल पर क्यूआर कोड आ रहा है जिसमें यह कहा जाता है कि ?10 हजार की धनराशि भेजें ताकि इलाज का पैसा भेजा जा सकें यह दुखद है। पुलिस इस पर तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए सख्त कार्रवाई करे। सांसद अनुराग शर्मा झाँसी-ललितपुर की अध्यक्षता में आयोजित दिशा बैठक में 74 एजेंडा बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में सर्व प्रथम वीबी-जी राम जी (VB-G RAM G - विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन-2025 एक नई ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसने मनरेगा (MGNREGA) की जगह ली। यह 01 जुलाई, 2026 से लागू की जा रही है। इससे जनपद के श्रमिकों को 125 दिनों की गारंटीकृत रोजगार, बेहतर मजदूरी, और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत कन्वर्जेंस के अधिक से अधिक कार्य कराए जा सकते हैं। उन्होंने सूची उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को अधिक काम दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनपद में योजना अंतर्गत 100 प्रस्ताव भेज रहे है तत्काल भूमि चिह्नित कर लें ताकि कार्य प्रारंभ कराए जा सके।

आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा ने उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए जनपद में अब तक बनाए गए समूह की जानकारी ली, 10318 महिला स्वयं सहायता समूह के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 6021 समूह का गठन कर लिया है, प्रदेश में तीसरा स्थान। सांसद जी ने लगभग 4000 समूह के लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए ब्लाक स्तर पर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बताया कि जनपद में आयोजित विभिन्न मेलों में समूह की महिलाओं को दुकानें उपलब्ध करायी जा रही है ताकि समूह की महिलाओं को रोजगार मिल सके। आयोजित बैठक में सांसद अनुराग शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास के लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जाए ताकि पात्र की जानकारी मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की जानकारी लेते हुए 19547 लंबित आवेदनों को प्राथमिकता से लेते हुए जल्द से जल्द जांच किए जाने हेतु कैंप आयोजित कर जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में झांसी विकास प्राधिकरण के योजना अंतर्गत करारी में 736 आवास बनकर तैयार है जिनका जल्द से जल्द एलॉटमेंट कराए जाने के निर्देश दिए। दिशा बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा के दौरान सांसद झांसी-ललितपुर, अनुराग शर्मा ने मऊरानीपुर तहसील के विकासखण्ड बंगरा में ट्रामा सेंटर की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, झाँसी खजुराहो के बीच कोई भी ट्रामा सेंटर नहीं है।यदि बन जाएगा तो इसका संचालन कैसे होगा? बैठक में सांसद अनुराग शर्मा ने आयुष्मान योजना अंतर्गत अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से होने वाले सभी इलाज की जानकारी दी जाए ताकि तीमारदार को कोई समस्या न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्राइवेट अस्पतालों को जन औषधि केंद्र की दवाएं बीमार को लिखे जाने के निर्देश दिए ताकि गरीब मरीज को दवाओं में किसी तरह की आर्थिक समस्या न हो। बैठक में सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा ने जिला अस्पताल एंव मेडिकल कॉलेज सहित अन्य शासकीय अस्पतालों में जन औषधि केंद्र से अब दवाओं की कितनी बिक्री हुई है की जानकारी ली, क्या दवाओं की बिक्री बढ़ी है और कितने जन औषधि केंद्र संचालित हैं। उन्होंने बैठक में ताकीद की करते हुए कहा कि मेडिकल और जिला अस्पताल में चिकित्सक जन औषधि केंद्र की दवाएं लिखें। यदि मरीजों को जन औषधि केंद्र की दवाएं नहीं लिखते हैं, तो कार्रवाई की जाएगी।

द्रोणाचार्य पुरस्कार ग्रहण करना वर्षों की तपस्या और समर्पण का सुखद प्रतिफल : धर्मेंद्र सिंह यादव

एएच सिद्दीकी



नई दिल्ली। देश के प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच धर्मेंद्र सिंह यादव ने खेल विश्लेषक बृजेंद्र यादव से विशेष बातचीत में अपने अनुभव, भावनाएं और इस उपलब्धि तक पहुंचने के सफर को साझा किया। उन्होंने कहा कि जीवन का यह ऐसा पल है, जिसके लिए वर्षों की तपस्या, पसीना और अटूट समर्पण लगा होता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कर-कमलों से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करना उनके और उनके पूरे परिवार के लिए अत्यंत गर्व और सौभाग्य का क्षण है। धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा कि एक कोच का सफर केवल रिंग के अंदर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका सबसे बड़ा सपना अपने खिलाड़ियों को इस काबिल बनाना होता है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का तिरंगा ऊंचा लहरा सकें। उन्होंने अपने प्रशिक्षण में तैयार हुए खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास कृष्ण, कविंदर सिंह बिष्ट, मनीष कौशिक, मनोज कुमार, अखिल कुमार, एस. सुरेश और गौरव सोलंकी सहित अनेक मुक्केबाजों ने देश का गौरव बढ़ाया है। वर्ष 2002 से लेकर अब तक उनके मार्गदर्शन में कई प्रतिभाशाली मुक्केबाज सामने आए, जिनमें अनेक खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित हुए हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि वह अपने इस प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार को अपनी माता जी को समर्पित करना चाहते हैं। उन्हीं की प्रेरणा और आशीर्वाद के कारण वह बॉक्सिंग से जुड़ सके और इस मुकाम तक पहुंचे। उनके बड़े भाइयों ने भी हर कदम पर उनका पूरा सहयोग और समर्थन किया। धर्मेंद्र सिंह यादव ने अपने शुरूआती बॉक्सिंग कोच सरदार एस.आर. सिंह के योगदान को भी याद करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन ने खेल जीवन की मजबूत नींव तैयार की। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि उन सभी खिलाड़ियों, शिष्यों, परिवारजनों और सहयोगियों की मेहनत और विश्वास का प्रतिफल है, जिन्होंने उनके सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी के सहयोग और आशीर्वाद से ही उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है।

बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटें ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता: आनंद द्विवेदी

हिन्दी दैनिक सुनहरा संसार। अमरनाथ सिंह, जिला ब्यूरो लखनऊ



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति के तहत कैसरबाग स्थित भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय में ओबीसी मोर्चा की संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। इसमें ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ऋषि चौरसिया, महानगर अध्यक्ष किशन कुमार लोधी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की मजबूती उसके सभी मोर्चों और कार्यकताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है। ओबीसी मोर्चा की जिम्मेदारी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों तक पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच संवाद और संपर्क बढ़ाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन की विचारधारा से जोड़ें। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, समर्पण और निरंतर सक्रियता के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना सभी कार्यकताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ऋषि चौरसिया ने संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर सफलता मिल सकती है। वहीं मोर्चा अध्यक्ष किशन कुमार लोधी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और संगठन विस्तार को लेकर कार्यकताओं से चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए संगठन को नई मजबूती देने की अपील की। बैठक में नगर महामंत्री महेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष सुदर्शन कटियार, शिवपाल सांवरिया, दीपक साहू, दिनेश चौरसिया सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से संगठनात्मक एकजुटता बढ़ाने और ओबीसी मोर्चा की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में खेलकूद के साथ मनाया गया बाल दिवस, छात्र-छात्राओं ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा



एएच सिद्दीकी

झाँसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के बैंकिंग, अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग में बाल दिवस के अवसर पर बीकॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद एवं विभिन्न शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सामूहिक खेल गतिविधियों में प्रतिभाग कर आपसी सहभागिता, सहयोग और शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और खेलों के माध्यम से आपसी सामंजस्य एवं टीम भावना को प्रदर्शित किया। इस आयोजन का उद्देश्य पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को शारीरिक गतिविधियों और खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शंभू नाथ सिंह ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं की इच्छा थी कि वे सामूहिक रूप से खेलकूद में भाग लेकर एक-दूसरे के साथ समय बिताएं और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा दें।

डासना में तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार परिवार को रौंदा, महिला और मासूम की मौत शादी में जा रहे सिखेड़ा के परिवार में मचा कोहराम, 3 घायल - अस्पताल में भर्ती



राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़

जनपद हापुड़ के थाना पिलखुवा क्षेत्र के गांव सिखेड़ा से शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक ही परिवार के साथ डासना में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक पर सवार 32 वर्षीय महिला गुलशन और एक मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जा रहा है कि सिखेड़ा निवासी परिवार बाइक पर सवार होकर डासना में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। जैसे ही वे डासना क्षेत्र में पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सभी लोग उछलकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां तीनों घायलों का उपचार चल रहा है।इधर, हादसे में महिला और मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जहां घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अब मातम पसर गया है। घटना की सूचना गांव सिखेड़ा पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।फिलहाल पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर NH पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ चुनावी हुंकार

एएच सिद्दीकी



झासी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी चुनावों को लेकर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकताओं में जोश भरा और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल और क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने मुख्य रूप से शिरकत की। प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अनुभवी हैं और उन्हें चुनावों का लंबा अनुभव है। अपने इसी अनुभव को साझा करते हुए पार्टी अब चुनावी मैदान में पूरी मजबूती से उतर चुकी है। कानून व्यवस्था में सुधारः उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के नेतृत्व में गुंडाराज का पूरी तरह खात्मा हुआ है। कभी "एक जिला, एक गुंडा" की चर्चा होती थी, जिसकी जगह अब "वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट" (ODOP) ने ले ली है। महिला सुरक्षाः आज प्रदेश में महिलाएं और बेटियां रात्रि में भी सुरक्षित महसूस करती हैं। पहले जहां असामाजिक तत्व "खाली प्लॉट हमारा है" की धमकी देते थे, वहीं अब अपराधियों में बुलडोजर का भय साफ देखा जा सकता है। जनकल्याणकारी योजनाएंः 'हर घर नल योजना', भ्रष्टाचार मुक्त नौकरियां, बेहतर विद्युत आपूर्ति, शहरी और ग्रामीण विकास के दम पर आज जनता केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की योगी सरकार के साथ है। इन सभी उपलब्धियों के कारण भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है।,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा की बुंदेलखंड का मुझे अनुभव है यहां का कार्यकर्ता जुझारू होने के साथ-साथ मेहती भी है जब बच्चा पैदा होता है तब भी हमारी सरकार कई तरह की योजनाओं से बच्चों को लाभान्वित कर रही है साथ ही साथ मात्र की रक्षा हेतु कई तरह के योजनाएं दे रही है साथ ही आवास योजना,जल योजना, शैक्षिक अनुदान एवं विद्यालय में मिड डे मील, आयुष्मान कार्ड, कन्या विवाह योजना से लेकर कई तरह के स्वास्थ्य योजनाओं का भी लाभ सरकार दे रही है जिससे जनता लाभान्वित हो रही है हमें यही योजनाओं के साथ आगे बढ़ना होगा ताकि जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर हमेशा बना रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकताओं का काम थाना, कोर्ट और कचहरी चलाना नहीं, बल्कि व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित करना है। विपक्ष पर निशानाः उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने फर्जी मुकदमे लिखवाने और अराजकता फैलाने का काम किया, जिसके कारण जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। टिकट वितरण पर स्पष्ट संदेशः उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को विधानसभा टिकट मांगने का पूरा अधिकार है, लेकिन टिकट मिलने के बाद सभी का एकमात्र लक्ष्य प्रत्याशी को जिताना होना चाहिए। भाजपा "सबका साथ, सबका विकास" के मूल मंत्र पर काम करती है। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ जीत दर्ज करने का संकल्प लिया। मंचासीन रहे राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू,अध्यक्षता राम किशोर साहू संचालन विकास कुशवाहा एवं आभार अरविंद राजपूत। उपस्थित रहे- परमजीत सिंह मन्नी, शिवेंद्र सिंह शैली, मनीष तिवारी, सौरभ मिश्रा। महापौर बिहारी लाल आर्य , विधायक- रवि शर्मा, राजीव सिंह पारीक्षा, जवाहर राजपूत, रश्मि आर्या, पवन गौतम,बाबूलाल तिवारी,रमा निरंजन,जमुना प्रसाद कुशवाहा, राम नरेश तिवारी, चंद्रभान राय, राजकांतेश वर्मा, भारती आर्या,श्याम बिहारी गुप्ता, किरण बुक सेलर,कंचन जायसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष-जयदेव पुरोहित, जगदीश चौहान, हनुमत सिंह नरवरिया, सुबोध गुबरेले,संतोष सोनी,प्रदीप सरावगी,संजीव सिंहऋषि, प्रदीप पटेल,सुरेंद्र विश्वकर्मा,रवि पाल, नीरजा गुप्ता, मनु सिंह, किशोरी रायकवार, अखिलेश गुप्ता, अमित साहू, प्रियांशु डे,मोहित पोरवाल, सौरभ बाजपेई, सिद्धेश दुबे, मुकुल द्विवेदी, धीरज गोस्वामी,सहजेंद्र सिंह भंगेल, संजीव अग्रवाल लाला, अभिषेक जैन, गुड्डी रानी पटेल, प्रवेश शर्मा,केशव सिंह परिहार, चंद्रभान अहिरवार, बद्री त्रिपाठी,अनिल राज, उदय लुहारी, दीपक त्रिपाठी, जिनेन्द्र जैन, यज्ञेश जैन, शैलेंद्र प्रताप, देवेंद्र राय, सुमन पुरोहित, आदि उपस्थित

गढ़ व तिगरी का गंगा मेला आपस में जोड़ने का हुआ कायःलीकल फॉर वोकल पर आधारित होगा गढ़-तिगरी गंगा मेलाः गढ़ गंगा मेले पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ -श्रद्धालुओं की सुरक्षा व व्यवस्था का हो बेहतर इंतजाम

राष्ट्रीय सुनहरा संसार/दीपक कुमार ब्यूरो चीफ हापुड़



हापुड़। माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के द्वारा आज गढ़मुक्तेश्वर कच्चा घाट पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले में पहुंचकर मेले का निरीक्षण किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा गंगा घाट कार्तिक पूर्णिमा मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए ओ डी ओ पी योजना के तहत लगाये गये विभिन्न स्टोलों का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर कार्तिक पूर्णिमा मेला 17 नवंबर से शुरू होकर 25 नवंबर 2026 तक संचालित होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार का गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में लग रहे कार्तिक गंगा मेला स्थल पर पहुंचकर मेले में श्रद्धालुओं के लिए की जा रही व्यवस्था तथा सदर बाजार का जायजा लिया। इसके बाद मां गंगा की आरती कर मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात गंगा मेले को लेकर अमरोहा तथा गढ़मुक्तेश्वर के प्रशासिनक व पुलिस अधिकारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार की सुबह करीब 11.45 बजे सड़क मार्ग से गंगा मेले में पहुंचे। पहले वह हेलीकॉप्टर से आने वाले थे लेकिन धुंध के कारण हेलीकॉप्टर नहीं उड़ सका। इसके बाद गाजियाबाद से कार द्वारा रोड मार्ग से यहां पहुंचे। यहां पहुंचकर सीएम का जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक, अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायकों, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे, कमिश्नर भानु चंद्र गोस्वामी, एडीजी भानु भास्कर, जिला पंचायत प्रशासक रेखा नागर, डीएम कविता मीना आदि ने स्वागत किया। स्वागत के बाद सीएम सदर बाजार पहुंचे। वहां पर लगाई दुकानों का अवलोकन किया और कहा कि इस मेले का फोकस लोकल फॉर वोकल पर रखा जाए। स्वदेशी व उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए और उन्हीं की बिक्री की जाए। मेले के बाजार में मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद के स्टॉल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों को देखा और मेले में लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। एक जिला एक उत्पाद स्टॉल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और उनकी पहचान को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर सीएम ने वहां मिले बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री के आसपास बच्चों की भीड़ दिखाई दी। इस दौरान बच्चों में मुख्यमंत्री से मिलने को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

